ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**Without Her, There Would Be No Georgia**

Darejan lost multiple children, not to disease or accident, but to deliberate murder by a foreign power determined to break her family's faith and resistance

**A Natural Carmine Dye**

**Deep Hydration for Hands and Feet**

# 1641 के बाद इंगलैंड के राजघराने का सदस्य गिरफ्तार किया है ब्रिटेन की पुलिस ने

## ब्रिटेन के वर्तमान महाराजा, किंग चार्ल्स के छोटे भाई प्रिंस एंड्रयू की गिरफ्तारी का कारण अंतर्राष्ट्रीय दुराचारी, एप्स्टीन को महत्वपूर्ण सरकारी खबरें व जानकारियां भेजना है

- प्रिंस एंड्रयू की गिरफ्तारी उस समय अनिवार्य हो गई थी, जब उनकी एक फोटो और कागज़ात सार्वजनिक हो गए थे, जिसमें प्रिंस एंड्रयू किसी महिला, जो जमीन पर लेटी है, के ऊपर घुटनों के बल बैठे दिख रहे थे।
- प्रिंस एंड्रयू के ऊपर बच्चियों को अंतर्राष्ट्रीय धनाढ्य, सभ्रांत व प्रभावशाली वर्ग में सप्लाई करने के गोरखधंधे में जाने-माने अपराधी एप्स्टीन के साथ लिप्त होने के आरोप लगे थे।
- एक टीनएजर वर्जीनिया ने प्रिंस एंड्रयू पर अमेरिका में ''पीडोफाइल'' बलात्कार व सैक्स का मामला दर्ज कराया था तथा इस अनुभव पर किताब भी लिखी थी उसे करोड़ों डॉलर देकर यह केस वापस करवाया गया था।
- प्रिंस एंड्रयू, 2000 के दशक में, ब्रिटेन के ''ट्रेड एन्वॉय'' (व्यापारिक राजदूत) भी थे तथा उन पर, सरकारी जानकारियां एप्स्टीन को देने का संदेह भी था।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 जनवरी। द्वितीय विश्व युद्ध के चरम समय में एक अंग्रेज व्यक्ति को पुलिस ने इसलिए गिरफ्तार कर लिया था, क्योंकि उसने उस समय के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल को मूर्ख कहा था।

जब यह खबर ब्रिटिश संसद तक पहुँची तो हंगामा मच गया। सांसदों ने आम आदमी के अभिव्यक्ति के अधिकार का हनन करने के लिए सरकार की कड़ी आलोचना शुरू कर दी। संसद ने एक स्वर में मांग की कि प्रधानमंत्री स्वयं सदन में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण दें।

विंस्टन चर्चिल तुरंत सदन में आए और नाराज़ सदस्यों को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उस व्यक्ति को प्रधानमंत्री को मूर्ख कहने के लिए नहीं, बल्कि युद्ध के समय दुश्मन को एक सरकारी राज़ का खुलासा कर देने के कारण गिरफ्तार किया गया था। यह सुनकर पूरा सदन हंस पड़ा।

आज एक वरिष्ठ ब्रिटिश शाही सदस्य को एक कुख्यात अंतरराष्ट्रीय गिरोह के सरगना को गोपनीय जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही ब्रिटेन ने वह दृश्य देखा, जो उसने 1641 के बाद नहीं देखा था, जब इंग्लैंड में शानदार क्रांति हुई थी और किंग चार्ल्स प्रथम को गिरफ्तार किया गया था।

उस वर्ष इंग्लैंड के राजा को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्र.मंत्री मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, 19 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भविष्य पारदर्शिता, जवाबदेही और मानव-हित पर आधारित होना चाहिए। एआई कुछ देशों या कंपनियों का साधन नहीं बने, बल्कि यह सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय का माध्यम बने। प्रधानमंत्री ने एआई के लिए मानव विजन पेश करते हुए कहा कि अवसरों के साथ जोखिम भी हैं, इसलिए इसे

- इस अवसर पर फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों तथा संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनिया गुटरेस भी मौजूद थे।

मानव-केंद्रित और जिम्मेदार तरीके से विकसित करना जरूरी है।

इस मौके पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, वैश्विक तकनीकी कंपनियों के प्रमुख और उद्योग जगत के दिग्गज मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान 'नई दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट प्रतिबद्धताओं' की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य एआई को समावेशी, बहुभाषी और वैश्विक विकास का साधन बनाना है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एप्स्टीन से संबंधों के आरोप लगने से बिल गेट्स नदारद हुए एआई समिट से

## बिल की अनुपस्थिति के बाद, पुरजोर दबाव बढ़ा कैबिनेट मंत्री हरदीप पुरी पर, इस्तीफा देने के लिए

- पहले तो पुरी यह कहकर बच रहे थे कि वे केवल तीन-चार बार ही एप्स्टीन से मिले हैं और वह भी एक प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में।
- पर, कांग्रेस आरोप लगा रही है कि पुरी झूठ बोल रहे हैं और उनकी 14 मुलाकातें हुई हैं, एप्स्टीन से तथा 62 ई-मेल एक्सचेंज की हैं।
- एप्स्टीन से मुलाकातों की चर्चा के बाद, माइक्रोसॉप्ट ने वक्तव्य जारी किया कि बिल गेट्स अब एआई समिट का ''की नोट उद्बोधन'' नहीं देंगे, क्योंकि वे आईई पर ही फोकस रखना चाहते हैं।
- हाल ही में जारी एप्स्टीन फाइल्स में, एप्स्टीन ने यह दावा किया कि उन्होंने बिल गेट्स को खास दवाइयां उपलब्ध कराई थीं, उस ''बीमारी'' या दिक्कत से ''डील'' करने के लिए जो उन्होंने रूसी बच्चियों से ''सैक्स'' में लिप्त होने से प्राप्त की थी।
- बिल गेट्स की पत्नी मैलिंडा गेट्स ने हाल ही में दिए गए इन्टरव्यु में कहा कि उनके पति बिल गेट्स की एप्स्टीन से मीटिंग्स एक बड़ा कारण थीं, सत्ताईस साल पुरानी शादी टूटने का।

**- श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 फरवरी। दोषी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से अपने जुड़ाव -सम्बन्धी विवाद के चलते इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल न होने का फैसला करके, माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व सीईओ और गेट्स फाउंडेशन के चेयरमैन बिल गेट्स ने अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय विपक्षी नेताओं की उस मांग को बल दिया है, जिसमें वे केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

बिल गेट्स पिछले सप्ताह आंध्र प्रदेश के दौरे पर भारत आए थे। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण से मुलाकात की।

कल तक गेट्स फाउंडेशन का कहना था कि पूर्व माइक्रोसॉफ्ट सीईओ, तय कार्यक्रम के अनुसार, एआई समिट के चौथे दिन मुख्य भाषण देंगे। लेकिन गुरुवार को फाउंडेशन ने बयान जारी कर कहा, ''यह सुनिश्चित करने के लिए कि एआई समिट का फोकस उसके मुख्य उद्देश्यों पर बना रहे, बिल गेट्स मुख्य भाषण नहीं देंगे। समिट में गेट्स फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व अफ्रीका

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वर्ष 2025 के अंत तक सुप्रीम कोर्ट के 92,101 केस पैंडिंग थे

## यह संख्या 2023 की तुलना में 11.4 प्रतिशत अधिक है

- नवम्बर के अंत में सीजेआई सूर्यकांत के पद ग्रहण के बाद से दायर मामलों, व निपटाए गए मामलों के बीच अंतर बढ़ता जा रहा है।
- नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड आंकड़ों के अनुसार, गत 5 सालों से मामले निपटाने की गति बढ़ी है, फिर भी लंबित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 जनवरी। पिछले सप्ताह केन्द्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संसद को बताया कि 2025 के अंत तक सुप्रीम कोर्ट में 92,101 मामले लंबित थे। यह संख्या 2023 के अंत की तुलना में 11.4 प्रतिशत अधिक है, तब शीर्ष अदालत में लंबित मामलों की संख्या 82,674 थी। 2024 के अंत में यह संख्या थोड़ी घटकर 82,496 हो गई थी।

नवंबर के अंत में जब मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने पदभार संभाला, उसके बाद दिसंबर में दायर मामलों और निपटाए गए मामलों के बीच का अंतर और बढ़ गया।

नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड के आंकड़ों पर नज़र डालने से पता चलता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गहलोत सरकार से सीखना पड़ेगा कैसे लगाए जाते हैं रोजगार मेले?

## अब जाकर उजागर हुए हैं गहलोत सरकार की सफलताओं के कुछ आयाम!

**कौशल, रोजगार और उद्यम विभाग द्वारा युवा संबल मेलों से मिले रोजगार के आंकड़े ( 13 फरवरी 2026 तक )**

| आयोजित युवा संबल मेले आयोजन का जिला और तिथि | संबल मेले में भाग ले रही कंपनियों की संख्या | भाग ले रही कंपनियों द्वारा प्रसारित रिक्तियां | मेले में भाग लेने आये युवा उम्मीदवार | युवाओं उम्मीदवारों की कुल संख्या में से अधिसूचित उम्मीदवार | चयनित उम्मीदवार जिन्हें रोजगार पत्र मिला |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जयपुर (14-15 नवंबर 2022) | 72 | 20597 | 30920 | 3661 | 50 (मेले आयोजन करने के चार साल बाद, जिसमें दो साल गहलोत सरकार के शामिल हैं।) |
| 2 जयपुर (25 दिसंबर 2025) | 100 | 10032 | 5507 | 3292 | 885 (पिछले दो माह में) |

**-यादवेन्द्र शर्मा-**

जयपुर , 19 फरवरी। पिछली अशोक गहलोत सरकार के दौरान ही राजस्थान उन प्रदेशों में गिना जाने लगा था, जहां बेरोजगारी सबसे अधिक थी। दिसंबर 2023 में सदन में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान में रोजगार दर वर्ष 2021-2022 में 22 प्रतिशत थी, जो 2022-2023 में बढ़ कर 23.1 प्रतिशत हो गई थी। परंतु गहलोत सरकार रोजगार के मुद्दे को लेकर क्या सच्चाई से और निष्ठा से कार्य कर रही थी, या केवल सुर्खियां बटोरने के लिए जिला स्तरीय युवा संबल मेले आयोजित कर रही थी। क्योंकि जयपुर में कौशल रोजगार और उद्यमिता विभाग द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार, 14-15 नवंबर 2022 को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित मेगा जॉब फेयर युवा संबल मेले में जिन 30,920 उम्मीदवारों ने भाग लिया था, उन में से 13 फरवरी 2026 तक केवल 50 उम्मीदवारों को रोजगार पत्र जारी हुआ है। उल्लेखनीय है कि 2022 के युवा संबल मेले में 72 कंपनियों ने भाग लिया था और इन कंपनियों ने 20,597 रिक्तियां प्रकाशित की थीं।

ये आंकड़े दर्शाते हैं कि गहलोत सरकार ने युवाओं को रोजगार दिलाने की जमीनी समस्या को केवल राजनैतिक मुद्दा ही समझा था, जिसे अपने राजनैतिक फायदे के लिए उपयोग में लाया जा सकता था और फोटो खिंचवा कर सुर्खियां बटोरी जा सकती थी।

तुलना के लिए, वर्तमान सरकार द्वारा 25 दिसंबर 2025 को जयपुर में आयोजित युवा संबल मेले में सौ कंपनियों ने भाग लिया था। इन कंपनियों ने 10,032 रिक्तियां प्रकाशित करी थीं, जिनको भरने के लिए करीबन 5,507 ने युवाओं ने आवेदन किया था, इनमें से 3,292 को कंपनियों द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया था और 13 फरवरी 2026 तक 885 युवाओं को रोजगार पत्र भी प्राप्त हो चुका है।

## 'बिना इजाज़त देश नहीं छोड़ूंगा'

नई दिल्ली, 19 फरवरी। रिलायंस (एडीएजी) के चेयरमैन अनिल अंबानी ने सुप्रीम कोर्ट में बड़ा हलफनामा पेश किया, जिसमें उन्होंने बड़ा दावा किया है। उन्होंने 40,000 करोड़ रुपए के कथित बैंकिंग और कॉरपोरेट धोखाधड़ी मामले में कहा कि, ''बिना किसी पूर्व अनमति के देश नहीं छोड़ूंगा।'' उन्होंने

- 40,000 करोड़ रु. के बैंकिंग घोटाले केस में अनिल अंबानी ने हलफनामा दायर कर घोषणा की।

यह भी भरोसा दिलाया कि जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करेंगे।

यह मामला अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) से जुड़ा है, जिस पर बड़े पैमाने पर फंड डायवर्जन और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोप लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने शपथपत्र में अंबानी ने कहा, ''मैं शपथ लेकर कहता हूं कि जुलाई 2025 में जांच शुरू होने के बाद से मैंने भारत नहीं छोड़ा है और फिलहाल विदेश जाने का कोई इरादा नहीं है।'' उन्होंने आगे कहा कि अगर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रील के एम.डी. की नियुक्ति रद्द किए जाने के मामले में अपील दायर

- अपीलार्थी बृजेश दीक्षित ने कहा कि नियुक्ति के लिए गठित बोर्ड में राज्य सरकार या राज्य सरकार के मुख्य सचिव की कोई भूमिका न तो है और न ही रही है, परन्तु एकलपीठ में अपने फैसले में गलत तथ्य और तर्क दर्ज कर उनको रील के प्रबन्ध निदेशक के पद से हटाने के आदेश दिए।
- बृजेश दीक्षित की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता, ए.के. शर्मा और सुरुचि कासलीवाल ने अदालत को बताया कि तत्कालीन मुख्य सचिव की ओर से भी पत्र लिखकर स्पष्टीकरण दिया गया था कि रील के एम.डी.की चयन प्रक्रिया में राज्य सरकार के मुख्य सचिव को कभी भी पक्षकार नहीं बनाया गया है। और न ही उनके पास कोई अधिकार है, परन्तु अदालत ने अपना फैसला सुनाते समय इस पत्र को आधार नहीं बनाया है।

**-यादवेन्द्र शर्मा-**

जयपुर, 19 फरवरी। राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (रील) के प्रबंध निर्देशक बृजेश दीक्षित की नियुक्ति को रद्द किए जाने के फैसले के खिलाफ राजस्थान हाई कोर्ट में अपील दायर हुई। अपीलार्थी ब्रजेश दीक्षित ने अपील पर अंतिम निर्णय से पूर्व अदालत से गुहार की है कि उनकी नियुक्ति रद्द करने के एकल पीठ के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश एस पी शर्मा और न्यायाधीश संगीता शर्मा ने मामले की सुनवाई 20 फरवरी को तय की है तथा उस दिन इसे तीसरे नम्बर पर सूचीबद्ध किया है। इस मामले में अपीलार्थी ब्रजेश दीक्षित की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता ए के शर्मा और अधिवक्ता सुरुचि कासलीवाल पैरवी के लिए पेश हुए थे।

उल्लेखनीय है कि अशोक कुमार जैन की एकल पीठ ने 13 फरवरी को ही उक्त मामले पर फैसला सुनाया था, जिसके आदेश की प्रति कल ही मीडिया साथ साझा की गई है। इस आदेश में एकल पीठ ने मुख्य तौर पर दो मुद्दों को आधार बनाते हुए रील के प्रबंध निर्देशक की नियुक्ति को रद्द किया, जिनमें पहला था कि प्रबंध निदेशक की चयन प्रक्रिया के दौरान सभी नियम कायदों की पालना नहीं की गई । अदालत ने नियुक्ति को चुनौती दे रहे याचिकाकर्ता के तर्क को स्वीकारा और कहा कि चयन बोर्ड में राज्य सरकार के मुख्य सचिव को शामिल किया जाना चाहिए था। अदालत ने जिस दूसरे तर्क को निर्णय के लिए आधार बनाया, वो यह था कि रील केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बीच हुए एक संयुक्त उपक्रम का परिणाम है, जिसमें से 51 प्रतिशत भागीदारी केन्द्र सरकार के हैवी इंडस्ट्रीज मंत्रालय की है और 49 प्रतिशत राज्य सरकार की रीको के माध्यम से है।

आज सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता ए के शर्मा ने अदालत को कहा कि एकल पीठ को गलत तर्क और तथ्य बताए गए कि राज्य सरकार के मुख्य सचिव चयन बोर्ड में शामिल हैं।

उन्होंने आगे यह भी कहा कि पूर्व में भी यह कभी नहीं हुआ कि रील के प्रबंध निर्देशक की नियुक्ति के लिए गठित बोर्ड में राज्य सरकार के मुख्य सचिव को आमंत्रित किया गया हो या पक्षकार बनाया गया हो।

उन्होंने अदालत को बताया कि इस संदर्भ में स्वयं मुख्य सचिव ने पत्र के जरिए स्पष्टीकरण दिया है कि वे इस बोर्ड का हिस्सा नहीं है और न पहले रहे है। उन्होंने अदालत को बताया कि यह पत्र अतिरिक्त महाधिवक्ता (ए ए जी) के माध्यम से एकल पीठ के समक्ष भी प्रस्तुत किया गया था, परंतु अदालत ने अपना फैसला सुनाते समय उक्त पत्र को आधार नहीं बनाया।

आज सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार व हैवी इंडस्ट्रीज़ मंत्रालय की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (ए एस जी) भी पैरवी के लिए प्रस्तुत थे। उन्होंने अदालत को कहा कि एकल पीठ ने रीको और केन्द्र सरकार के संयुक्त उपक्रम को गलत दृष्टिकोण से देखा है। उन्होंने अदालत को कहा कि रीको राज्य सरकार की एक कंपनी ज़रूर है और उसके कर्मचारी भी सरकारी कर्मचारी हैं, और एक प्राइवेट पार्टी रीको के खिलाफ अपने कानूनी व संवैधानिक अधिकारों को लागू करने के लिए रिट याचिका दायर करे तो उसे राज्य सरकार की ही एक इकाई माना जाएगा, परंतु रीको जब किसी कमर्शियल अनुबंधन में सम्मिलित होता है तो उसे राज्य सरकार का अंग या विभाग नहीं माना जा सकता। उन्होंने अदालत को बताया कि रील केन्द्र सरकार द्वारा ही प्रशासित एक कंपनी है, इसलिए उसके एम डी की नियुक्ति की प्रक्रिया केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जाती है, जिसमें राज्य और राज्य के मुख्य सचिव का न तो कोई पक्ष होता है और न ही कोई प्रतिनिधि। उन्होंने अदालत को यह भी कहा कि रील एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण सरकारी कंपनी है, जिसके एम डी की नियुक्ति रद्द किए जाने के कारण कई महत्वपूर्ण कामों में बाधा उत्पन्न होंगी। उन्होंने अदालत को बताया कि हाल ही में उन्होंने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि प्रदेश भर में दूध इकट्ठा कर रही डेरियों में दूध की शुद्धता सुनिश्चित की जाए, क्योंकि कई बड़ी ब्रांड्स के दूध के सैंपल मामूली जांचों में भी फेल होने की खबर सुर्खियों में थी। उन्होंने अदालत को बताया कि रील ही एक मात्र ऐसी संस्था है, जो दूध की शुद्धता नापने का उपकरण बनाती हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने लंबी सुनवाई के लिए इसे कल सूचीबद्ध किया है।

## देश के बाकी राज्यों में अप्रैल से एसआईआर शुरु

नई दिल्ली, 19 फरवरी। चुनाव आयोग ने देश के बाकी बचे राज्यों में भी मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया है। संभावना है

- चुनाव आयोग ने इस संबंध में राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखा है।

कि बाकी बचे राज्यों में अप्रैल से यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

चुनाव आयोग ने इस संबंध में संबंधित राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को पत्र लिखा है। इन राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़ , दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख, महाराष्ट्र,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

विश्व की सर्वश्रेष्ठ कला, संगीत व साहित्य में भी कमियाँ देखी जा सकती है लेकिन उनके यश और सौंदर्य का आनंद लेना श्रेयस्कर है।

–श्री परमहंस योगानंद

# राजस्थानी कला एवं संस्कृति: चुनौतियां और संरक्षण की पुकार

राजस्थान, भारत का वह रंगीन राज्य है जहाँ रेगिस्तान की सुनहरी रेत पर बिखरी कला और संस्कृति की धरोहर सदियों से चमक रही है। यहाँ की कला केवल चित्रकारी या शिल्प नहीं, बल्कि जीवन का आधार है एक ऐसी धुरी जो समाज को जोड़ती है, पहचान देती है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती है। लेकिन सवाल उठता है:– राजस्थान में कला एवं संस्कृति के महत्व को कौन समझेगा? क्या वे समझेंगे जो आधुनिकता के नाम पर परंपराओं को भूलते जा रहे हैं? क्या वे जो विकास के बहाने धरोहर को कुर्बान कर देते हैं? या फिर वे ही जो इस मिट्टी से जुड़े हैं, जिनके खून में राजस्थानी संस्कृति का रंग घुला है? यह आलेख इसी प्रश्न की गहराई में उतरता है, राजस्थान की कला–संस्कृति के महत्व को उजागर करता है और बताता है कि इसे नजरअंदाज करना राज्य के भविष्य के लिए कितना घातक है।

राजस्थान की कला एवं संस्कृति की जड़ें इतिहास की मिट्टी में गहरी धंसी हैं। यहाँ के राजपूत राजाओं ने किलों, महलों और हवेलियों के माध्यम से अपनी कला को अमर कर दिया। जयपुर का हवा महल, उदयपुर का सिटी पैलेस, जोधपुर का मेहरानगढ़ किला ये केवल पत्थर के ढांचे नहीं, बल्कि जीवंत कला के प्रतीक हैं। इनकी दीवारों पर उकेरी गई जटिल नक्काशी, रंगीन फ्रेस्को चित्रकला और आभूषणों जैसी शिल्पकला राजस्थान की समृद्धि और कल्पनाशीलता का प्रमाण है। मिनिएचर पेंटिंग्स, जो मुगल काल से प्रभावित हैं, प्रेम, युद्ध, प्रकृति और धार्मिक कथाओं को जीवंत करती हैं। उदाहरणस्वरूप, बूंदी और किशनगढ़ शैली की चित्रकलाएँ इतनी कोमल हैं कि वे राधा–कृष्ण के प्रेम को कैनवास पर उतार देती हैं। लेकिन क्या आज का राजस्थानी युवा इनकी गहराई समझता है? शहरीकरण के दौर में ये चित्र संग्रहालयों की धूल में सिमटते जा रहे हैं, जबकि इनमें जीवन दर्शन छिपा है धैर्य, संघर्ष और सौंदर्य का समन्वय।

संस्कृति के बिना कला अधूरी है। राजस्थान की लोक संस्कृति त्योहारों, नृत्यों और संगीत में सांस लेती है। तीज, गणगौर, दीपावली जैसे पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि सामूहिक एकता के प्रतीक हैं। घूमर नृत्य की घूंघट वाली महिलाएँ रेगिस्तान की कठोरता में कोमलता का संदेश देती हैं। कालबेलिया नृत्य, जो यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर में शामिल है, सर्पिल चालों और माँ सरस्वती को समर्पित लोकगीतों से भरा है। मांडणा, जो दीवारों पर चावल के आटे से बनाई जाती है, ग्रामीण महिलाओं की रचनात्मकता का प्रतीक है। ये सभी तत्व राजस्थानी संस्कृति को जीवंत रखते हैं। लेकिन महत्व का प्रश्न यहाँ आता है: क्या सरकारी योजनाएँ इनकी रक्षा कर पा रही हैं? पर्यटन विभाग तो इन्हें बेच रहा है, पर मूल भावना को कौन संरक्षित करेगा? बाहर से आने वाले पर्यटक फोटो खींचकर चले जाते हैं, लेकिन स्थानीय कलाकार भुखमरी के कगार पर हैं। एक सर्वे के अनुसार, राजस्थान के 70 प्रतिशत पारंपरिक शिल्पकारों की आय घट रही है, क्योंकि बाजार में चीनी नकली सामान हावी हो गया है।

कला एवं संस्कृति का आर्थिक महत्व भी कम नहीं। राजस्थान पर्यटन पर निर्भर अर्थव्यवस्था का केंद्र है, जहाँ कला ही मुख्य राजस्व स्त्रोत है। बाँसवाड़ा के चित्रकला, जयपुर की ब्लॉक प्रिंटिंग, जोधपुर की लकड़ी की नक्काशी और बीकानेर की मिनिएचर पेंटिंग्स विश्वविख्यात हैं। ये शिल्प करोड़ों का कारोबार करते हैं। राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला या पुष्कर मेला जैसे आयोजन हजारों कलाकारों को रोजगार देते हैं। लेकिन कौन समझेगा कि यदि ये कला लुप्त हो गईं, तो लाखों परिवार सड़क पर आ जाएँगे? हाल के वर्षों में, कोविड महामारी ने साबित कर दिया कि जब पर्यटन ठप होता है, तो कला पर पहला प्रहार पड़ता है। तब सरकार ने राजस्थान स्टूडियो जैसी योजनाएँ शुरू कीं, पर वे पर्याप्त नहीं। सच्चा महत्व तब समझ आएगा जब हम कला को उद्योग से जोड़ेंगे डिजाइनर ब्रांड्स के साथ साझेदारी, ई–कॉमर्स पर वैश्विक बाजार। राजस्थान सरकार की राज–रिको जैसी संस्थाएँ शिल्पकों को प्रशिक्षण दे रही हैं, लेकिन प्रशिक्षण के बाद बाजार तक पहुँच कौन सुनिश्चित करेगा?

> **भविष्य की चुनौतियाँ स्पष्ट हैं। जलवायु परिवर्तन रेगिस्तान को प्रभावित कर रहा है, जिससे पारंपरिक रंग और सामग्री प्रभावित हो रही हैं। शहरीकरण ने हवेलियों को होटल बना दिया, लेकिन उनकी कला को संरक्षित कौन करेगा? वैश्वीकरण में चीनी सामान ने स्थानीय बाजार छीन लिया। फिर भी आशा है। एनजीओ जैसे उषा किरण और क्राफ्ट्स काउंसिल ऑफ राजस्थान शिल्पकारों को सशक्त बना रहे हैं। युवा उद्यमी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर राजस्थानी कला बेच रहे हैं।**

सामाजिक स्तर पर कला एवं संस्कृति राजस्थान की पहचान हैं। यहाँ की बोली–मारवाड़ी, शेखावाटी, मेवाड़ी लोकगीतों में बसी है। कबीर, मीरा और अन्य संतों की वाणी आज भी भजन–कीर्तनों में गूँजती है। पुष्कर का ऊँत मेला या जैसलमेर का डेजर्ट फेस्टिवल इन परंपराओं को जीवित रखते हैं। ये आयोजन न केवल सामाजिक एकता लाते हैं, बल्कि लैंगिक समानता को भी बढ़ावा देते हैं। घूमर और गैर नृत्यों में महिलाएँ मुख्य भूमिका निभाती हैं, जो रूढ़िवादी समाज में सशक्तिकरण का प्रतीक है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी कला से जुड़ी है भगोरिया मेले में प्रकृति पूजा या रेगिस्तानी लोककथाएँ जल संरक्षण सिखाती हैं। लेकिन आधुनिकीकरण के नाम पर ये परंपराएँ विलुप्त हो रही हैं। शहरी युवा बॉलीवुड पर झूम रहा है, जबकि लोक संगीत भूल रहा है। कौन समझेगा कि संस्कृति के बिना पहचान खो जाएगी? राजस्थान की 80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण है, जहाँ कला ही शिक्षा का माध्यम है। स्कूलों में लोककला को पाठ्यक्रम में शामिल करने से बच्चे अपनी जड़ों से जुड़ेंगे।

शिक्षा और नैतिक मूल्यों के संदर्भ में कला का महत्व अपार है। राजस्थान के शिल्प जैसे बंधेज, लहरिया और साफा बनाना केवल हुनर नहीं, बल्कि अनुशासन सिखाते हैं। एक बंधेज साड़ी बनाने में महीनों लगते हैं, जो धैर्य का पाठ पढ़ाती है। कठपुतली कला, जो भीलवाड़ा और उदयपुर में प्रचलित है, रामायण–महाभारत की कथाएँ सुनाती है, जो नैतिकता का संदेश देती हैं। संगीत की राग–रागिनियाँ भावनाओं को शांत करती हैं। लेकिन आज डिजिटल युग में ये कला स्क्रीन पर सिमट रही हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो तो बनते हैं, पर मूल शिल्पकार को श्रेय कौन देता है? शिक्षा विभाग को चाहिए कि कलामंदिर जैसे केंद्र स्थापित करे, जहाँ बच्चे कला सीखें। इससे न केवल बेरोजगारी कम होगी, बल्कि सांस्कृतिक निरंतरता बनी रहेगी।

भविष्य की चुनौतियाँ स्पष्ट हैं। जलवायु परिवर्तन रेगिस्तान को प्रभावित कर रहा है, जिससे पारंपरिक रंग और सामग्री प्रभावित हो रही हैं। शहरीकरण ने हवेलियों को होटल बना दिया, लेकिन उनकी कला को संरक्षित कौन करेगा? वैश्वीकरण में चीनी सामान ने स्थानीय बाजार छीन लिया। फिर भी आशा है। एनजीओ जैसे उषा किरण और क्राफ्ट्स काउंसिल ऑफ राजस्थान शिल्पकारों को सशक्त बना रहे हैं। युवा उद्यमी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर राजस्थानी कला बेच रहे हैं। सरकार की एक जिला एक उत्पाद योजना भी सहायक है। लेकिन महत्वपूर्ण है जागरूकता। राजस्थानी समाज को खुद आगे आना होगा–स्कूलों में कला उत्सव, कॉलेजों में वर्कशॉप्स। राजनीतिक नेता भी इसे प्रचार का साधन न बनाएँ, बल्कि नीतिगत समर्थन दें।

अंत में, राजस्थान में कला एवं संस्कृति के महत्व को वही समझेगा जो इस मरुस्थल की गहराई जानता है। यह केवल सौंदर्य नहीं, बल्कि अस्तित्व का प्रश्न है। यदि हमने इसे संरक्षित नहीं किया, तो आने वाली पीढ़ियाँ केवल किताबों में पढ़ेंगी कि कभी राजस्थान रंगों का संसार था। आज ही संकल्प लें कला को अपनाएँ, संस्कृति को जियें। क्योंकि राजस्थान की आत्मा यही है। कौन समझेगा? हम सब समझेंगे, यदि इच्छाशक्ति हो।

**–अतिथि संपादक,**
**अविनाश जोशी,**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं कॉरपोरेट सलाहकार**

# "रील इज रियल" : केन्द्रीय और राज्य बजट ने ऑरेंज इकोनॉमी को बड़ा बूस्ट दिया

## 2030 तक 20 लाख प्रशिक्षित युवाओं को इस सेक्टर में रोजगार के अवसर मिलने लगेंगे



**ब्रजेश सामरिया**

केन्द्र और राजस्थान के वर्ष 2026–27 के बजट से देश के सबसे बड़े क्रिएटिव टैलेंट मूवमेंट को जबरदस्त बढ़ावा मिला है। केन्द्रीय बजट में की गई घोषणा के अनुसार मुंबई स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिएटिव टैक्नोलॉजी (आईआईसीटी) देशभर में 15,000 माध्यमिक विद्यालयों और 500 कॉलेजों में एवीजीसी (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) कंटेंट क्रिएटर्स लैब स्थापित करेगा ताकि इस सेक्टर में वर्ष 2030 तक आवश्यक 20 लाख पेशेवरों की मांग पूरी की जा सके। इस घोषणा को राजस्थान बजट 2026–27 की ड्रीम (डिजिटल रेडीनेस एंड एम्पावरमेंट थ्रू असिस्टेड मेंटरिंग) घोषणा से सुसंगत कर देखे तो इस सेक्टर के उभरते महत्व को समझने में मदद मिलगी। इसके अन्तर्गत आगामी वर्ष प्रथम चरण में लगभग 50 हजार विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता से आगे जाकर डिजिटल सक्षम बनाया जाएगा। 2008 में आई छोटा भीम के पात्रों पर आधारित कैफे चैन शुरू होने जा रही हैं। नितेश तिवारी निर्देशित रामायण मूवी के 2 पार्ट के कुल बजट 4000 करोड़ रूपये का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा वीएफएक्स, एआई डबिंग, संगीत का है, ये सब ऑरेंज इकोनॉमी के पार्ट हैं।

इस सेक्टर की महत्ता समझने के लिए हमें 12 जनवरी, 2026 की ओर लौटना होगा। स्थान था, भारत मण्डपम, जहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' को संबोधित कर रहे थे। उस सत्र में प्रधानमंत्री ने भारतीय एवीजीसी उद्योग से इस उभरते हुए वैश्विक क्षेत्र की अपार संभावनाओं को चुनौती के रूप में लेकर अवसर मानने और सफल होने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि बजरंगबली जैसे चरित्र अकेले ही मारियो, हीमैन या सुपरमैन जैसे कई स्थापित वैश्विक पात्रों के संयुक्त दर्शक, पाठक या गेम्स प्लेयर्स से ज्यादा उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। मोदीजी का विजन है कि भारत को वैश्विक एवीजीसी उद्योग का न केवल बड़ा स्टैकहोल्डर बनना है, उसे विश्व का नेतृत्व करना चाहिए।

विशेषज्ञों और उद्योग संगठनों का अनुमान है कि वैश्विक गेमिंग उद्योग 2030 तक 436 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँच सकता है। यह केवल जीडीपी का विषय नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर फैलाने का एक अभिनव माध्यम है। रामायण और महाभारत के पात्र मिकी माउस, मारियो या पिकाचू जैसे अंतरराष्ट्रीय पात्रों को सफलतापूर्वक चुनौती दे सकते हैं। भारत के लाखों गांवों, हजारों महलों–किलों की अनगिनत दु:खान्त, सुखान्त, प्रेम, वीरता, त्याग, बलिदान से सम्बंधित कहानियों को सैकड़ों मंचों और माध्यमों पर रोमांचक ढंग से प्रस्तुत किया जा सकता है।

मोदी युग में संचार केवल अर्थव्यवस्था और प्रचार तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के सशक्तीकरण, विकसित भारत @2047 के लक्ष्य और भारतीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। भारत की वैश्विक सॉफ्ट पावर में आध्यात्म, बुद्ध, गांधी, आयुर्वेद, गंगा, अहिंसा और योग के साथ अब गेमिंग भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है।

आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 के अनुसार, 2024 में ऑरेंज इकोनॉमी 100 अरब डॉलर से अधिक हो चुकी है और यह पर्यटन तथा शहरी सेवाओं में सकारात्मक प्रभाव डाल रही है। एनिमेशन और वीएफएक्स जैसे निर्यात–उन्मुख क्षेत्रों ने 2024 में लगभग 103 अरब रूपये का राजस्व अर्जित किया जबकि गेमिंग क्षेत्र ने मोबाइल प्लेटफॉर्म और डिजिटल भुगतान के बल पर लगभग 232 अरब रूपये का राजस्व प्राप्त किया।

ऑरेंज इकोनॉमी रचनात्मकता, संस्कृति और बौद्धिक संपदा पर आधारित अर्थव्यवस्था है, जहाँ मूल्य भौतिक वस्तुओं से नहीं बल्कि विचारों, ज्ञान और कलात्मक अभिव्यक्ति से पैदा होता है। इसका एक प्रमुख हिस्सा 'कंसर्ट इकोनॉमी' है, जिसमें बड़े स्तर के लाइव संगीत और मनोरंजन कार्यक्रम तथा उनसे जुड़े हॉस्पिटिलिटी, ट्रैवलिंग, टिकट बिक्री, लॉजिस्टिक्स, मीडिया, विज्ञापन और स्थानीय सेवाएँ शामिल हैं। वैश्विक स्तर पर लाइव संगीत कुल संगीत राजस्व का लगभग एक–तिहाई हिस्सा है। अमेरिका में 2019 में इसने 130 अरब डॉलर से अधिक का राजस्व और 9 लाख नौकरियाँ दीं जबकि ब्रिटेन में 2022 में संगीत पर्यटन ने 6.6 अरब पाउंड का योगदान दिया।

पश्चिमी देशों के मुकाबले भारत में कंसर्ट इकोनॉमी अभी शुरूआती चरण में है लेकिन युवा आबादी, बढ़ती आय, डिजिटल टिकटिंग प्लेटफॉर्म और बेहतर शहरी बुनियादी ढांचे के कारण यह तेजी से बढ़ रही है और भविष्य में युवाओं की जनसंख्या में अधिकता के बल पर भारत इसका स्वभाविक नेतृत्वकर्ता माना जा सकता है क्योंकि मुख्यत: वे ही क्रिएटर और ग्राहक हैं। सुव्यवस्थित अनुमतियाँ, स्पष्ट नियम, भीड़ प्रबंधन, बेहतर कनेक्टिविटी और प्रशासनिक समन्वय इसकी सफलता के लिए आवश्यक हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा स्थापित लाइव इवेंट्स डेवलपमेंट सेल इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस सेल ने बहुत कम समय में देशभर में इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को उच्च स्तरीय एकल खिड़की जैसा मंच उपलब्ध करवाया है।

**अगला चरण' पर्यटन और आतिथ्य**–आतिथ्य उद्योग विश्व के सामने देश की छवि गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पर्यटन क्षेत्र प्रति रूपये या डॉलर के निवेश पर विनिर्माण या सेवा सेक्टर की तुलना में अधिक रोजगार सृजित करता है। यह विशेष रूप से युवाओं तथा अर्द्ध–कुशल और अकुशल श्रमिकों के लिए अवसर प्रदान करता है। यह पर्यावरण की दृष्टि से सबसे सक्षम उद्योग माना जा सकता है।

भारत के पास अजंता–एलोरा, अयोध्या–वाराणसी और ताजमहल–लाल किला जैसे विश्वप्रसिद्ध स्थल हैं फिर भी विदेशी पर्यटकों की संख्या तुर्की, पोलैंड, सिंगापुर और थाईलैंड जैसे कम क्षेत्रफल वाले देशों से कम है। यह बुनियादी ढांचे और अन्य सुधारों की आवश्यकता को दर्शाता है। इस आवश्यकता को केन्द्रीय बजट 2026–27 पूरा करने का बड़ा प्रयास है।

बजट में 20 प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए 10,000 ट्ययूरिस्ट गाइड को प्रशिक्षित करने, वन्यजीव, ट्रेकिंग और प्रकृति–आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने की घोषणा की गई है। साथ ही, 3 आयुर्वेद एम्स और 5 क्षेत्रीय आयुष मेडिकल हब की स्थापना से मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। भारत मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में पहले से ही किफायत और उच्चतम स्टैंडर्स के चलते प्रतिष्ठित है।

**ब्रजेश सामरिया, जनसंपर्क अधिकारी।**

# भारत का एआई उत्सव: एक नया वैश्विक अध्याय



**डॉ. सुरेंद्रसिंह शेखावत**

नई दिल्ली का भारत मंडपम फरवरी 2026 में सिर्फ एक जगह नहीं रहा–यह भारत की एआई महत्वाकांक्षा का जीवंत केंद्र बन गया। 16 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्घाटन के साथ शुरू हुआ इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 अब तक के सबसे बड़े एआई आयोजनों में शुमार हो चुका है। सुबह से शाम तक लाखों उत्साही लोग, स्टार्टअप्स, वैश्विक सीईओ और सरकारी प्रतिनिधि यहां जुटे। एलईडी स्क्रीन्स पर चमकता संदेश पीपल, प्लैनेट, प्रोग्रेस हर किसी को याद दिलाता रहा कि यह सिर्फ तकनीक का मेला नहीं, बल्कि मानवता के भविष्य का उत्सव है।

यह समिट संख्या में भी अनोखा था। सरकारी आंकड़ों और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 2.5 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए, इतना जनसैलाब कि पहले दिन ही भीड़ प्रबंधन चुनौतीपूर्ण हो गया। लेकिन यही भीड़ भारत की सफलता की सबसे बड़ी गवाही है। जहां पहले के वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन–2023 का ब्लेचली पार्क, 2024 का सियोल और 2025 का पेरिस कुछ सौ चुनिंदा लोगों तक सीमित रहे, वहीं दिल्ली का यह मंच खुला, लोकतांत्रिक और जन–केंद्रित था। ब्लेचली में सुरक्षा और जोखिमों पर गंभीर चर्चा हुई, सियोल में नवाचार और स्वैच्छिक प्रतिबद्धताएं, पेरिस में निवेश और एक्शन पर फोकस। भारत ने इन सबको अपनाया, लेकिन पैमाना बढ़ाकर इसे वैश्विक दक्षिण का पहला बड़ा मंच बना दिया जहां 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, 20 से ज्यादा राष्ट्राध्यक्ष, 60 से अधिक देशों के मंत्री और सैकड़ों टेक लीडर्स शामिल हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन में स्पष्ट किया एआई भारत के लिए नहीं, पूरी दुनिया के लिए समाधान लाएगा। समिट में कई ठोस कदम सामने आए: इंडिया एआई मिशन के तहत मौजूदा 38,000 जीपीयू को 65 प्रति घंटा की सब्सिडी दर पर उपलब्ध कराना, जल्द ही 20,000 और जीपीयू जोड़ने की घोषणा, 22 भारतीय भाषाओं में स्वदेशी फाउंडेशन मॉडल्स का मजबूत समर्थन, स्टार्टअप्स के लिए वेंचर फंडिंग और कुल मिलाकर 10,300 करोड़ का विस्तारित बजट। ये कदम कंप्यूट की कमी को दूर कर रहे हैं जो एआई में असली कुंजी है। छोटे किसानों के लिए स्मार्ट कृषि, स्कूलों में व्यक्तिगत शिक्षा, दूर–दराज के गांवों में टेलीमेडिसिन ये अब सिर्फ प्रदर्शन नहीं, बल्कि वास्तविक उपयोग के उदाहरण बन रहे हैं।

भारत की रणनीति स्मार्ट और संतुलित है। अमेरिका–चीन के बीच चिप्स और नियंत्रण की कड़ी प्रतिस्पर्धा में भारत खुद को तटस्थ सेतु के रूप में पेश कर रहा है। यहां एआई को प्रभुत्व की बजाय प्रभाव की भाषा में देखा जा रहा है–गांव–गली तक पहुंचाने वाला विकास का औजार। 600 से ज्यादा स्टार्टअप्स, 13 देशों के पवेलियन, 300 प्रदर्शक और 30 देशों की भागीदारी ने इसे एक जीवंत एक्सपो में बदल दिया। सुंदर पिचाई, सैम ऑल्टमैन, डैरियो आमोदेई जैसे ग्लोबल लीडर्स यहां आए, जो भारत की बढ़ती ताकत का प्रमाण है।

कुछ लोग पहले दिन की भीड़, कतारों और कनेक्टिविटी की चुनौतियों को लेकर बात कर रहे हैं। लेकिन यही उत्साह भारत की ताकत दिखाता है। आधार और यूपीआई की शुरुआत में भी ऐसी ही अव्यवस्था थी, लेकिन आज वे दुनिया की मिसाल हैं। एआई में भी भारत पहले विस्तार करता है, फिर परिष्कार। यह साहस का मॉडल है–जो तेजी से बदलाव लाता है। समिट के दौरान एक्सपो को एक अतिरिक्त दिन तक बढ़ाना पड़ा, क्योंकि उत्साह थम ही नहीं रहा।

भारत की सॉफ्टवेयर प्रतिभा अब घर में रुक रही है। डेटा सेंटर्स में निवेश आ रहा है नंवीडिया , इंटेल , योटा जैसे नाम जुड़ रहे हैं। 20–50 बिलियन पैरामीटर वाले व्यावहारिक मॉडल्स प्रदर्शित हुए, जो लागत–दक्ष और बहुभाषी हैं। यह निर्भरता नहीं, साझेदारी है–जो रोजगार, क्षमता और स्वदेशी इकोसिस्टम को मजबूत करेगी। यह समिट चिंगारी है भविष्य का दांव, जो जीता जा चुका है। पैमाना गति पैदा करता है। लाखों लोगों को जोड़कर भारत एआई की ऐसी संस्कृति बना रहा है जो बंद कमरों से नहीं, खुले मंच से जन्म लेती है। अब अगला पड़ाव संस्थागत मजबूती का है मजबूत शोध केंद्र, विश्वस्तरीय कंप्यूट क्लस्टर और संतुलित नियामक फ्रेमवर्क।

भारत मंडपम में जो ऊर्जा दिखी, वह एक बेचैन राष्ट्र की थी ।सदी की सबसे बड़ी तकनीक में अपनी जगह बनाने की। मेले खत्म होते हैं, लेकिन संस्थाएं टिकती हैं। इस उत्सव की चिंगारी अगर अनुशासन में ढली जो निश्चित है। तो इतिहास इसे शुरुआत कहेगा। बैरिकेड अब सुरक्षा के नहीं, भारत की बढ़ती शक्ति के प्रतीक हैं।

भारत एआई में आगे बढ़ रहा है। यह हकीकत है। 22 भाषाओं का एआई, करोड़ों यूजर्स, विशाल डेवलपर कम्युनिटी और अब वैश्विक मंच–ये सब मिलकर भारत को ग्लोबल लीडर बना रहे हैं। पीपल, प्लैनेट और प्रोगेस सिर्फ नारा नहीं, भारत की एआई सोच है समावेशी, महत्वाकांक्षी और जन–केंद्रित। जब भारत इरादा करता है, तो पूरा करता है।

**– डॉ. सुरेंद्रसिंह शेखावत, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता।**

# अलवर में दो आईएएस अधिकारियों ने सादगी से शादी की

**अलवर, (निसं)।** अलवर में दो आईएएस अधिकारी शादी के बंधन में बंधे। शादी में न बैंड बाजा था, न पंडित और न ही बाराती। दूल्हा और दुल्हन अपने परिवार वालो के साथ आए थे।

जानकारी के अनुसा अलवर एसडीएम माधव भारद्वाज और गुजरात के जाम नगर की एसडीएम अदिति वासने ने बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला के सामने अपनी शादी रजिस्टर्ड करवाई। माधव और अदिति 2023 बैच के आईएएस हैं। कलैक्टर के चैंबर में वर–वधू ने एक–दूसरे को माला पहनाई। शादी की खबर लगते ही कुछ ही देर में आसपास के कर्मचारी और अधिकारी कलैक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला के चैंबर में पहुंच गए। कलैक्टर के चैंबर में ही दोनों ने एक–दूसरे को वरमाला पहनाई। एसडीएम माधव भारद्वाज पुत्र राजकुमार भारद्वाज मूल रूप से मसूरी के रहने वाले हैं। एसडीएम अदिति वासने यूपी के बरेली की रहने वाली हैं।



**अलवर एसडीएम माधव भारद्वाज और गुजरात के जामनगर की एसडीएम अदिति वासने विवाह बंधन में बंधे।**

> **■ शादी में न बैंड बाजा था, न पंडित और न ही बाराती, वहीं दूल्हा और दुल्हन अपने परिवार वालों के साथ आए थे**

वर–वधू ने बताया कि दोनों की मुलाकात आईएएस ट्रेनिंग के दौरान हुई थी। इसके बाद एक–दूसरे को पसंद करने लगे और अब शादी की है। अदिति 2023 में पहले प्रयास में आईएएस में 57वीं रैंक लेकर आई थी। वे दिल्ली विवि के जीसस एंड मैरी कॉलेज से बीए ऑनर्स करने के बाद सिविल सेवा की तैयारी में लग गई थी। अब वे गुजरात के जाम नगर में प्रांत अधिकारी हैं। वहीं माधव भारद्वाज की 2023 में 536वीं रैंक आई थी। वे एनआईटी प्रयागराज से कंप्यूटर साइंस में बीटेक और आईआईएम अहमदाबाद से एमबीए की। उसके बाद माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में नौकरी भी की। इसके साथ सिविल सेवा की तैयारी की थी। आईएएस ट्रेनिंग के समय अदिति व माधव की मुलाकात हुई थी।

## चूरू : निजी बस मालिकों की मनमानी से यात्री परेशान

**चूरू, (कासं)।** चूरू जिला मुख्यालय से आने–जाने वाली निजी बस मालिकों की मनमानी से यात्री परेशान हैं। यहां निजी बसों द्वारा यातायात के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार निजी बस मालिक यात्रियों से मनमाना किराया वसूलते हैं। इतना ही नहीं रूट कहीं का ले रखा है और चलते कहीं और मार्ग पर हैं। समय की भी कोई पाबंदी नहीं है। बस स्टैंड से चलकर कलेक्ट्रेट के पास खड़े हो जाते हैं फिर सीएम बहड़ सर्किल पर थम जाते हैं। उधर वाले फाटक के पास बस खड़ी कर देते हैं। कभी बारात लेकर चले जाते हैं तो यात्री बस का इंतजार ही करते रह जाते हैं। यात्रियों को बुरी तरह भर लेते हैं। बस की छत और केबिन में भी सवारियों को बैठा लेते हैं। चलती बस में चालक द्वारा मोबाइल पर बात करना और धूम्रपान करना तो आम बात है। कई तो शराब के नशे में भी बस को चलाते हुए देखे जा सकते हैं। कहने वाले यात्री से झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### शुक्रवार 20 फरवरी, 2026

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र रात्रि 8:07 तक, साध्य योग सायं 6:23 तक, गर करण दिन 2:39 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–मीन, मंगल–मकर, बुध–कुम्भ, गुरू–मिथुन, शुक्र–कुम्भ, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह

आज राजयोग सूर्योदय से दिन 2:39 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग रात्रि 8:07 से सूर्योदय तक है। रवियोग रात्रि 8:07 से आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 1:50 से आरम्भ होगी। आज पंचक है। आज राष्ट्रीय फाल्गुन मास आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:28 तक, लाभ–अमृत 8:28 से 11:16 तक, शुभ 12:41 से 2:05 तक, चर 4:54 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:03, सूर्यास्त 6:18

**मेष**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आज अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**
घर–परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। आज व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिल सकती है। मन:स्थिति में सुधार होगा। आज आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी।

# कान्हा समूह के 33 ठिकानों पर इनकम टैक्स की दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी

## आमेर के होटल ताज व कुंदन वन भी आयकर जांच के दायरे में

- बैंक खातों और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच तेज
- 50 लाख कैश बरामद, आठ लॉकरों का होगा वैल्यूएशन

**जयपुर।** राजस्थान की प्रसिद्ध फूड चेन कान्हा रेस्टोरेंट समूह पर आयकर विभाग (इनकम टैक्स) की छापेमारी गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रही। यह कार्रवाई बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक साथ 33 ठिकानों पर शुरू की गई थी।

आयकर सूत्रों के अनुसार अब तक की जांच में करीब 50 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। साथ ही 8 बैंक लॉकर भी चिन्हित किए गए हैं। जिन्हें खुलवाकर उनमें रखी संपत्ति और दस्तावेजों का मूल्यांकन कराया जाएगा।

वहीं सबसे अधिक 26 ठिकानों पर जयपुर में टीमें जांच में जुटी हैं। इसके अलावा उदयपुर, श्रीगंगानगर, करौली, कोटा, हिंडौन और मुंबई स्थित कार्यालयों व अन्य परिसरों में भी सर्च अभियान जारी है। जयपुर के आमेर स्थित होटल ताज और कूकस के कुंदन वन होटल पर भी आयकर विभाग की कार्रवाई चल रही है। बताया जा रहा है कि ये दोनों आलीशान होटल भी कान्हा समूह की संपत्ति हैं। आयकर विभाग की टीमें बैंक खातों, डिजिटल रिकॉर्ड, नकदी लेन-देन और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच कर रही हैं। कई महत्वपूर्ण फाइलें और इलेक्ट्रॉनिक डाटा जब्त किए गए हैं। विभाग को बड़े स्तर पर आयकर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं की आशंका है। जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।




फूड चेन कान्हा रेस्टोरेंट समूह पर आयकर विभाग ने गुरुवार को दूसरे दिन भी कार्रवाई की।

# आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर। प्रताप** नगर थाना इलाके में स्थित आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज को गुरुवार दोपहर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से अफरा-तफरी मच गई। कॉलेज की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें विस्फोट की चेतावनी दी गई थी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी सांगानेर) हरिशंकर शर्मा ने बताया कि दोपहर करीब 11 बजे आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज की ऑफिशियल ई-मेल पर कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस,एटीएस,डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता (बीडीएस), फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की टीमें मौके पर पहुंच गईं।



विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को युवा लेखक हर्ष वर्धन पाण्डेय ने अपनी नवीन कृति उम्र 18 की पति भेंट की। देवनानी ने युवा लेखक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर।** शहर के प्रतापरगर थाना क्षेत्र में हुए सडक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात में प्रतापनगर थाना क्षेत्र जिंक पुलिया के निचे बाइक पर पावर हाउस की तरफ जाते समय सामने से आ रहे ट्रेलर ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक चालक कमलेश (25)जणवा निवासी रूण्डेडा गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। इस पर एएसआई नरपतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। कमलेश एनएनटी कंपनी में काम करता था।

**दम तोड़ा:-** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में गत दिनों हुए सडक हादसे में घायल गुडली निवासी अनिल पुत्र गिरधारीलाल कुम्हरी की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई।

# विधानसभा में नोहर बाईपास अलाइनमेंट पर बहस

- सुरक्षा मानकों के साथ काम शुरू, विपक्ष ने उठाए सवाल

**जयपुर।** नोहर विधानसभा क्षेत्र में बाईपास सड़कों के बदले गए अलाइनमेंट को लेकर गुरुवार को विधानसभा में पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि नए रोड सेफ्टी ऑडिट की रिपोर्ट के आधार पर सभी सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए ही नया अलाइनमेंट तय किया गया है और कार्य प्रारंभ हो चुका है।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि नोहर क्षेत्र में साहवा रोड से सरदारशहर रोड तथा नोहर-पल्लू रोड से रावतसर रोड तक बाईपास निर्माण के लिए 4 सितम्बर 2023 को क्रमशः 219 लाख रुपये और 675 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई थी। दोनों कार्यों का शिलान्यास 7 अक्टूबर 2023 को किया गया था। पूर्व निर्धारित अलाइनमेंट पर डिमार्केशन कार्य शुरू हुआ, लेकिन कुछ काश्तकारों ने आपत्ति दर्ज कराई। बार-बार प्रयासों के बावजूद सहमति नहीं मिलने से भूमि का नामांतरण सार्वजनिक निर्माण विभाग के पक्ष में नहीं हो सका।

विवाद की स्थिति में साहवा रोड-सरदारशहर रोड का कार्य 15 दिसम्बर 2023 तथा पल्लू रोड-रावतसर रोड का कार्य 8 दिसम्बर 2023 को स्थगित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अन्य काश्तकारों की सहमति के बाद राजस्व विभाग द्वारा भूमि का नामांतरण किया गया। सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर दोनों सड़कों का अलाइनमेंट बदला गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि नए अलाइनमेंट से लागत में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 27 जुलाई 2024 को इन दोनों बाईपास कार्यों के लिए जांच कमेटी गठित की गई थी, जिसमें मुख्य अभियंता (पथ), अधीक्षण अभियंता (गुणवत्ता नियंत्रण) बीकानेर और अधीक्षण अभियंता (एनएच) बीकानेर शामिल थे। कमेटी ने 31 जुलाई 2024 को स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार के जवाब पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह गंभीर मामला है और इस पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी लग चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सदन में दिया जा रहा जवाब गुमराह करने वाला है। जूली ने सवाल उठाया कि किसानों का विरोध किस तारीख को प्राप्त हुआ, यदि लागत बढ़ी है तो उसकी जिम्मेदारी किस पर तय होगी? उन्होंने कहा कि पहले जहां फ्लाईओवर प्रस्तावित था, अब टी-पॉइंट बनाया जा रहा है, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी कौन लेगा? इस पर उपमुख्यमंत्री ने दोहराया कि नए अलाइनमेंट के अनुसार कार्य शुरू हो चुका है और यदि किसी प्रकार की आपत्ति है तो जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले अलाइनमेंट पर भूमि उपलब्ध नहीं हो सकी। इसलिए व्यावहारिक समाधान के रूप में नया अलाइनमेंट स्वीकृत किया गया है। नोहर बाईपास के बदले अलाइनमेंट को लेकर सदन में हुई इस बहस ने सड़क सुरक्षा, भूमि अधिग्रहण और परियोजनाओं की पारदर्शिता के मुद्दों को केंद्र में ला दिया।

# प्रदेश के सभी जिलों में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए क्या कदम उठाए जा रहे : हाईकोर्ट

- अदालत ने राज्य सरकार से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगते हुए जिलों की विभिन्न टाउनशिप से कचरा हटाने के लिए नियुक्त कर्मचारियों की जानकारी भी पेश करने को कहा है

**जयपुर, 19 फरवरी।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि प्रदेश के सभी 44 जिलों में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगते हुए जिलों की विभिन्न टाउनशिप से कचरा हटाने के लिए नियुक्त कर्मचारियों की जानकारी भी पेश करने को कहा है।

एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश केसर महावीर सेवा ट्रस्ट व अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता किंशुक जैन ने अदालत को बताया कि मामले में राज्य सरकार की ओर से पूर्व में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं, लेकिन अभी तक उसकी पालना नहीं की गई है। अदालत ने सीकर जिले के लिए साल 2016 में पेश इस जनहित याचिका का दायरा बढ़ाते हुए इसे पूरे प्रदेश के लिए लागू कर दिया था।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि स्वायत्त शासन विभाग की ओर से प्रदेश में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए 11 मार्च, 2015 को दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसके तहत कचरा निस्तारण के प्रावधान किए गए थे, लेकिन अब तक इन दिशा-निर्देशों की प्रभावी पालना नहीं की जा रही है। इस पर अदालत ने राज्य सरकार से हर जिले में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी के साथ ही टाउनशिप से कचरा हटाने के लिए नियुक्ति कर्मचारियों की जानकारी देने को कहा है।

जनहित याचिका में कहा गया था कि सीकर में व्यावसायिक इमारतों और आवासीय इलाकों में रहने वाले लोग जगह-जगह कचरा फेंक देते हैं। वहीं ठोस कचरा प्रबंधन को लागू नहीं करने से बारिश में शहर के हालात विकट हो जाते हैं। पूर्व में सुनवाई करते हुए अदालत ने इसे प्रदेश स्तर का मामला मानते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया था।

# देवनानी ने प्रधानमंत्री को सेवा तीर्थ से कार्यारंभ पर दी बधाई

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा
- सदन में विधायकगण ने मेजें थपथपाकर करतल ध्वनि से बधाई दी

**जयपुर।** विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को सदन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुरुवार से नवीन कार्यालय सेवा तीर्थ से कार्य प्रारंभ किया है। देवनानी ने इसके लिए राजस्थान विधानसभा की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। प्रधानमंत्री को सदन में विधायकगण ने मेजें थपथपाकर करतल ध्वनि से बधाई दी।

स्पीकर देवनानी ने सदन में कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री ने सेवा तीर्थ से अपने दायित्वों का निर्वहन प्रारंभ किया है। यह राष्ट्र सेवा के प्रति उनके समर्पण और संकल्प का प्रतीक है। राजस्थान विधान सभा की ओर से उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां। देवनानी ने कहा कि हम सभी को पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज से राष्ट्र हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे, जो देश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा। देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नागरिक देवों भव की भावना से प्रेरित होकर कर्तव्य भवन और लोक कल्याण मार्ग को भी राष्ट्र को समर्पित किया है। प्रधानमंत्री के ये निर्णय सेवा का संकल्प के साथ समाज के हर वर्ग तक पहुंच को साकार करेगा।

# विधानसभा में ऑनलाइन सट्टा और प्रदूषण पर सरकार घिरी

- विधानसभा में उद्योग व खेल अनुदान मांगों पर बहस

**जयपुर।** उद्योग, युवा एवं खेल विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान बुधवार को राजस्थान विधानसभा में पंक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नोकझोंक हुई। सदन में ऑनलाइन सट्टेबाजी, युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, स्थानीय रोजगार, औद्योगिक प्रदूषण और खेल ढांचे जैसे मुद्दे छाए रहे।

कांग्रेस विधायक अशोक चाँदनाने ऑनलाइन सट्टे और नशे के बढ़ते चलन को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑनलाइन गेमिंग और सट्टा कंपनियां युवाओं का शोषण कर रही हैं। चांदना ने कहा कि ऑनलाइन सट्टे में पैसा हारने के बाद युवा कर्ज और नशे की ओर धकेले जा रहे हैं। उन्होंने उच्च ब्याज दरों पर कर्ज देने वालों के खिलाफ अभियान चलाने की मांग की। साथ ही पुलिस पर तंज कसते हुए कहा कि युवाओं को बचाने के लिए ठोस कार्रवाई जरूरी है।

वहीं भाजपा विधायक अर्जुन जीनगरने बड़े उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में स्थापित औद्योगिक इकाइयों में स्थानीय संसाधनों का उपयोग तो हो रहा है, लेकिन रोजगार और ठेके बाहरी लोगों को दिए जा रहे हैं।

जीनगर ने दरीबा स्थित जिंक स्मेल्टर का उल्लेख करते हुए कहा कि खनिज और पानी स्थानीय होने के बावजूद क्षेत्र को अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने औद्योगिक प्रदूषण, भूजल प्रभावित होने और सीएसआर फंड का लाभ स्थानीय लोगों तक नहीं पहुंचने के आरोप भी लगाए।

चर्चा के दौरान भीनमाल से कांठोस विधायक समरजीत सिंहने मोबाइल की बढ़ती लत और युवाओं पर उसके दुष्प्रभाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मोबाइल गेम्स के कारण बच्चे आउटडोर खेलों से दूर हो रहे हैं और आत्मघाती प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं। उन्होंने खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और ठोस नीति बनाने की मांग की।

समरजीत सिंह ने आईपीएल मैचों को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि इस बार जयपुर में मैच होंगे या नहीं, इस पर संशय है। उन्होंनेका उल्लेख करते हुए कहा कि टीम के नाम में राजस्थान है, लेकिन राज्य को अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा। साथ ही उन्होंने खेल ढांचे के बेहतर उपयोग पर जोर दिया।

अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान सदन में कई बार तीखी बहस और आरोप-प्रत्यारोप देखने को मिले। विपक्ष ने जहां युवाओं से जुड़े मुद्दों और प्रदूषण पर सरकार को घेरा, वहीं सत्ता पक्ष ने अपने स्तर पर उठाए गए कदमों का बचाव किया।

# प्रमुख स्वास्थ्य सचिव व निदेशक को अवमानना नोटिस

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद भी सालों से संविदा पर काम कर रहे अभ्यर्थियों को नियमित करने के संबंध में पेश अभ्यावेदन को तय नहीं करने के मामले में प्रमुख चिकित्सा सचिव गायत्री राठौड और स्वास्थ्य निदेशक निदेशक सहित अन्य को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश रामकन्या व अन्य की ओर से दायर अवमानना याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता योगेश टेलर ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता चिकित्सा विभाग में सफाईकर्मी, एलडीसी और रेडियोठााफर सहित अन्य पदों पर सालों से संविदा पर काम कर रहे हैं। संविदा अवधि को देखते हुए उन्हें नियमित नहीं किया गया। इस पर याचिकाकर्ताओं ने पूर्व में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर गत 21 नवंबर को हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को विभाग में अपना अभ्यावेदन पेश करने को कहा था।

# प्रश्नकाल में केवल प्रश्न-उत्तर, वाद-विवाद नहीं : देवनानी

**जयपुर।** विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज गुरुवार को सदन की कार्यवाही के दौरान स्पष्ट व्यवस्था देते हुए कहा कि प्रश्नकाल का उद्देश्य केवल सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करना है, न कि वाद-विवाद या विस्तृत चर्चा करना। स्पीकर देवनानी ने कहा कि प्रश्नकाल लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसमें जनप्रतिनिधि सरकार से जनहित से जुड़े मुद्दों पर तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त करते हैं। अतः प्रश्नकाल के दौरान अनावश्यक बहस, आरोप-प्रत्यारोप या विषयांतर चर्चा से बचना चाहिए।

उन्होंने सभी माननीय सदस्यों से कहा कि वे नियमों एवं परंपराओं का पालन करते हुए संक्षिप्त एवं स्पष्ट प्रश्न पूछें तथा मंत्रीगण भी निर्धारित विषय पर सटीक और तथ्यात्मक उत्तर दें. जिससे सदन की कार्यवाही सुचारु, मर्यादित और प्रभावी ढंग से संचालित हो सके। देवनानी ने कहा कि प्रश्नकाल की गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इससे जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सदन की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है।

देवनानी ने कहा कि पूर्व में दी गई अध्यक्षीय व्यवस्था में अनुपूरक प्रश्न मूल प्रश्न से ही संबंधित होना चाहिये। सदस्य को दो ही पूरक प्रश्न पूछने की अनुमति है।

# स्लीपर बस ने स्कूल बस को मारी टक्कर, छह बच्चे घायल

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले के फुलेरा थाना क्षेत्र में नागौर-फलोदी मेगा हाईवे पर गुरुवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। खतवाड़ी मोड़ के पास अनियंत्रित स्लीपर बस ने पहले 11 हजार केवी के बिजली पोल को टक्कर मारी। जिससे पोल टूटकर वहां खड़ी स्कूल बस पर गिर गया। इसके बाद स्लीपर बस ने स्कूल बस को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में छह बच्चे घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह एक स्लीपर बस फरीदाबाद से मकराना शादी समारोह में शामिल होने जा रहे यात्रियों को लेकर जा रही थी। उसी समय एक स्कूल बस बच्चों को लेने के लिए सड़क किनारे खड़ी थी। सड़क पर बने गड्ढों के कारण जोबनेर की ओर से आ रही स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पहले बिजली के पोल से टकराई। टक्कर से पोल टूटकर स्कूल बस पर गिर पड़ा और स्लीपर बस बस स्टैंड पर लगी कुर्सियों में जा घुसी। वहां मौजूद लोगों ने भागकर जान बचाई।

इसके बाद स्लीपर बस ने स्कूल बस को पीछे से टक्कर मारी और एक पेड़ से टकराकर रुकी। टक्कर लगने से स्कूल बस में सवार छह बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार बारिश के कारण बिजली लाइन में फाल्ट होने से सप्लाई बंद थी। पोल गिरते समय बिजली बंद होने से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 'भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से काम कर रही सरकार'

**जयपुर।** विधानसभा परिसर में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने विधानसभा परिसर में मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी की सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर दृढ़ता से काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार को किसी भी विभाग में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार की सूचना मिलती है, वहां संबंधित एजेंसियों द्वारा तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाती है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में सामने आए जल जीवन मिशन घोटाले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा की गई, जिसमें कई अधिकारियों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। जो आरोपी अब तक जांच एजेंसियों की पकड़ में नहीं आ सके हैं, उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किए गए हैं ताकि कोई भी दोषी देश छोड़कर भाग न सके।

# वकीलों ने गठित की संघर्ष समिति, धरना जारी

**जयपुर।** शहर के एक निजी अस्पताल संचालक के खिलाफ दर्ज एफआईआर में गिरफ्तारी की मांग को लेकर बीती 16 फरवरी से जारी वकीलों का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। वकीलों ने आंदोलन को उठा करते हुए मामले में संघर्ष समिति का भी गठन कर लिया है। वकीलों के धरने के चलते हाईकोर्ट के बाहर मुख्य मार्ग पर बीते चार दिनों से यातायात बंद है।

धरना स्थल पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव सोगरवाल ने पुलिस प्रशासन के साथ छह सूत्रीय मांगों पर सहमति की बात कहते हुए धरना समाप्त करने की बात कही, लेकिन मौके पर मौजूद वकीलों ने आरोपी चिकित्सक की गिरफ्तारी तक धरना समाप्त करने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही मामले में आगामी रणनीति तय करने के लिए संघर्ष समिति का गठन भी किया गया। गौरतलब है कि वकील की मां के इलाज में लापरवाही के कारण मौत का आरोप लगाते हुए गत सितंबर माह में अस्पताल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामले में पांच माह में भी कार्रवाई नहीं होने पर वकीलों ने बीते सोमवार को चिकित्सक सोनदेव बंसल की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन शुरू किया था। वहीं बाद में प्रदर्शन अनिश्चितकालीन धरने में बदल गया था। वकीलों का आरोप है कि अस्पताल ने आरजीएचएस स्कीम का दुरुपयोग करते हुए लाखों रुपए के फर्जी बिल से भुगतान उठाया है। ऐसे में उसके खिलाफ व्यापक स्तर पर जांच की जाए और इलाज में लापरवाही को लेकर दर्ज एफआईआर में उसे गिरफ्तार किया जाए।

# जल जीवन मिशन घोटाले में एफआईआर कराने हाईकोर्ट पहुंचे पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल

**जयपुर।** जल जीवन मिशन घोटाले में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कराने के लिए पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल ने हाईकोर्ट में आपराधिक याचिका दायर की है। याचिका पर हाईकोर्ट अगले सप्ताह सुनवाई करेगा।

सुबोध अग्रवाल के अधिवक्ता दीपक चौहान ने बताया कि याचिकाकर्ता सुबोध अग्रवाल का पीएचईडी में 18 अप्रैल, 2022 से कार्यकाल आरंभ हुआ था। वहीं इससे पूर्व में गणपति ट्यूबवेल और श्याम ट्यूबवेल की ओर से इरकॉन के फर्जी प्रमाण पत्र पेश कर पूर्व आईएएस अधिकारी के कार्यकाल में ही टेंडर प्राप्त कर लिए थे। याचिका में कहा गया कि आरोपी फर्म को दिए गए 95 फीसदी वर्क ऑर्डर तत्कालीन एसीएस की अध्यक्षता में बनी वित्त कमेटी ने स्वीकृत किए थे। केवल दस फीसदी से भी कम वेल्यू के टेंडर की स्वीकृति याचिकाकर्ता के कार्यकाल में दी गई थी। इसके बावजूद भी एसीबी ने इस संबंध में जांच नहीं की। इसके अलावा याचिकाकर्ता की अध्यक्षता में गठित वित्त कमेटी ने स्वीकृत किए गए टेंडर में एक भी पैसा दोनों फर्मो को नहीं दिया गया। जिससे सरकार को याचिकाकर्ता के कार्यकाल में कोई आर्थिक क्षित नहीं हुई। इरकॉन से ईमेल आते ही याचिकाकर्ता ने हाईलेवल कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही याचिकाकर्ता के कार्यकाल में दोनों फर्म का टेंडर निरस्त कर उन्हें ब्लैकलिस्ट किया गया और अधिकारी विशाल सक्सेना पर भी कानूनी कार्रवाई की गई।

याचिका में यह भी कहा गया कि एसीबी की ओर से विशाल सक्सेना के बयानों का हवाला देते हुए याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्रवाई की है। जबकि याचिकाकर्ता ने विशाल सक्सेना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसके चलते वह याचिकाकर्ता से ईर्ष्र्या रखता है।

# राजस्थान हाईकोर्ट में एक दिन बाद फिर मिली बम ब्लास्ट की धमकी

- मुकदमों की सुनवाई भी आधा घंटा बाद में शुरू की गई

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ में एक बार फिर बम ब्लास्ट की धमकी मिली है। मेल मिलने के बाद हाईकोर्ट प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस के उच्चाधिकारियों को दी गई। वहीं मुकदमों की सुनवाई भी आधा घंटा बाद में शुरू की गई।

आए दिन बम ब्लास्ट की धमकी भरा अज्ञात ईमेल मिलने के बाद अब न्यायिक जगत में हास्यास्पद स्थिति पैदा हो गई है। वहीं सुरक्षा एजेंसियों के सामने हालत ऐसे हो गए हैं कि न तो धमकी को हल्के में ले सकते हैं और ना ही सघन जांच में कोई कमी ला सकते हैं, लेकिन हर बार कोई संदिग्ध वस्तू भी नहीं मिलती। इस संबंध में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा का कहना है कि अब तो हाईकोर्ट प्रशासन भी धमकी भरा मेल पढने का आदि हो गया है। हर बार मेल मिलने के बाद हाईकोर्ट प्रशासन पुलिस को सूचना देता है और पुलिस आकर जांच कर चली जाती है, लेकिन अभी तक पुलिस के आईटी एक्सपर्ट को न तो ये पता चला है कि मेल कौन भेज रहा है और ना ही भेजने जाने वाले स्थान की जानकारी मिली है। आए दिन की धमकी को अब काफी सहजता से ही लिया जाने लगा है, लेकिन इससे मन ही मन भय का माहौल भी है कि कहीं धमकी वास्तविक निकली तो बड़ी घटना हो सकती है।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट प्रशासन को सबसे पहले गत वर्ष 31 अक्टूबर को बम विस्फोट की पहली धमकी मिली थी। इसके बाद 5 दिसंबर को दूसरी धमकी दी गई। वहीं 8 दिसंबर से लगातार चार दिनों तक बम ब्लास्ट को लेकर हाईकोर्ट प्रशासन को ईमेल भेजे गए। इसके बाद गत छह फरवरी और 17 फरवरी को ब्लास्ट की धमकी दी गई।

# विधानसभा में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित

- दो साल में निवेश को मिली रफ्तार, 1,600 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन अनुदान वितरित

**जयपुर, 19 फरवरी।** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग (मांग संख्या-56) की 17 अरब 53 करोड़ 05 लाख 98 हजार रुपये की अनुदान मांगें गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में ध्वनिमत से पारित कर दी गईं। बहस का जवाब देते हुए उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंहने कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश में औद्योगिक निवेश ने उल्लेखनीय रफ्तार पकड़ी है और राज्य सरकार की दूरगामी नीतियों से सकारात्मक निवेश माहौल बना है। उन्होंने कहा कि उद्योग स्थापित करने के लिए आवश्यक अनुमतियों की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और प्रतिस्पर्धी लागत के कारण राजस्थान में निर्मित उत्पाद एवं सेवाएं वैश्विक बाजार के अनुरूप बन रही हैं।

मंत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार ने निर्यात, एमएसएमई, हस्तशिल्प, हथकरघा, लॉजिस्टिक्स और 'एक जिला एक उत्पाद' जैसी पहलों सहित 13 नई सेक्टर वाइज नीतियां और योजनाएं लागू की हैं। इन प्रयासों से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को मजबूती मिली है, वहीं बड़े निवेश के लिए 'राइजिंग राजस्थान' जैसे आयोजनों से सकारात्मक संदेश गया है।

कर्नल राठौड़ ने कहा कि राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्राथमिकता दी गई है। राजस्थान सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम को सुदृढ़ करते हुए इंटीग्रेटेड पोर्टल के माध्यम से 180 सेवाओं में पेपरलेस क्लीयरेंस उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि पूर्ववर्ती सरकार के समय इनकी संख्या लगभग 80 थी।

मंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार की राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स) 2022 में खामियों के कारण निवेशकों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया। राज्य सरकार ने इन्हें दूर कर राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स) 2024 लागू की।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 में पूर्ववर्ती सरकार ने लगभग 487 करोड़ रुपये का अनुदान वितरित किया था, जबकि वर्तमान सरकार ने दो वर्षों में लगभग 1,600 करोड़ रुपये के निवेश प्रोत्साहन अनुदान स्वीकृत किए हैं।

मंत्री ने कहा कि 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के तहत हुए 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौतों में से 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। अलवर, जयपुर, सवाई माधोपुर, धौलपुर, जोधपुर और सीकर सहित विभिन्न जिलों में औद्योगिक परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ हो गया है। कर्नल राठौड़ ने कहा कि भूमि आवंटन और भू-उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। 99 वर्ष की लीज व्यवस्था में संशोधन कर 33 वर्ष का प्रावधान किया गया है। भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 10 हजार एकड़ का भूमि बैंक तैयार किया गया है, ताकि निवेशकों को त्वरित भूमि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्रीकी मंशा और मुख्यमंत्रीके नेतृत्व में राज्य सरकार साफ नीति, नीयत और निष्पादन के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है, जिससे राजस्थान निवेश के लिए देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है।

# पुलिस कमिश्नर 21 फरवरी को सामुदायिक केंद्र सांगानेर पर करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर ।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम एवं शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल 21 फरवरी (शनिवार) को दोपहर 12 से 2 बजे तक सामुदायिक केंद्र श्रीराम नगर कॉलोनी सांगानेर (नगर निगम कार्यालय सांगानेर के पीछे) पर उपस्थित रह कर जनसुनवाई करेंगे।इस दौरान सांगानेर सर्किल के सांगानेर,प्रताप नगर,रामनगरिया एवं मालपुरा गेट पुलिस थाने क्षेत्र के परिवादियों की जनसुनवाई की जावेगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है।

# गला घोटकर गर्भवती महिला सहित दो साल के बच्चे की हत्या, शव को तालाब में डाला

## परिजनों के अनुसार महिला एवं उसका दो वर्षीय पुत्र 11 फरवरी को घर से गायब हो गए थे



भीम में हादसे के बाद पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से पूछताछ की।





मृतक महिला व बच्चे का फाइल फोटो।

- सोने-चांदी के जेवर सहित 20 हजार नकद हड़पकर बच्चे की लाश को दर्रा के जंगलों में ही फेंक दी तथा महिला की लाश को पत्थर बांधकर भीम तालाब में डाल दिया था
- मृतका के फोन कॉल डिटेल से हुई आरोपियों की पहचान, आरोपियों ने वरदात करना कबूल की

**भीम, (निसं)।** पुलिस थाना अंतर्गत कुशालपुरा के चाकहीरात निवासी एक गर्भवती महिला एवं उसके दो साल के मासूम बच्चे की हत्या कर शव को तालाब में डालने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को भीम तालाब से निकाला और बच्चे का शव जंगल में मिला।

मृतका के परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रियंका देवी पत्नी हरि सिंह एवं उसका 2 वर्षीय पुत्र आर्यन 11 फरवरी को अचानक घर से गायब हो गए थे। परिवार ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद 12 फरवरी को परिजनों ने भीम थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और मोबाइल कॉल डिटेल खंगालना शुरू किया। जांच के दौरान पुलिस को टॉडगढ़ निवासी गोविंदसिंह पुत्र शंकर सिंह एवं उसका साथी राहुलसिंह पुत्र महेंद्रसिंह नाम के युवकों पर शक हुआ। गुरुवार सुबह गोविंद सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने बताया कि महिला का शव भीम के तालाब में है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। मृतका के पति प्रार्थी हरिसिह पिता हीरा सिंह रावत निवासी गांव चॉकहीरात कुशलपुरा पुलिस थाना भीम जिला राजसमन्द दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 11 फरवरी की रात 11 बजे मेरी पत्नी प्रियंका देवी (21) जो 8 माह की गर्भवती थी, जो मेरे पुत्र आर्यन को साथ मे लेकर घर पर बिना बताये कहीं चली गई। जिस पर मैने 12 फरवरी को गुम होने की पुलिस थाना भीम पर रिपोर्ट दर्ज करवायी थी। दूसरे दिन मैने व मेरे परिवार वालों ने घर पर देखा तो मेरी पत्नी प्रियंका देवी, मेरी मां प्यारी देवी व जेठानी पुष्पा देवी के करीब आठ तोला सोने एवं 3 किलो चांदी के जेवर व 20 हजार रुपये घर पर नहीं मिले। हमने मेरी पत्नी प्रियंका व लड़के आर्यन की आसपास व रिश्तेदारी मे काफी तलाश की। गोविन्दसिंह पिता शंकर सिंह रावत निवासी कानोतो की वैर थाना टॉडगढ़ मेरी पत्नी प्रियंका से मोबाईल फोन पर बातचीत करता था।

17 फरवरी को जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल खुमानसिंह ने गोविन्दसिंह से पूछताछ की तो गोविन्दसिंह ने बताया कि 11 फरवरी की रात को मैने प्रियंका देवी को वाट्सअप कॉल करके जेवरात लेकर घर से बुलाया। मैं व मेरा दोस्त राहुल सिंह पिता महेन्द्रसिंह रावत निवासी खुटा की बड़ी पुलिस थाना टॉडगढ़ दोनों प्रियंका व आर्यन को एक कार में बैठा कर दर्रा के जंगल में ले गये। मैने व मेरे दोस्त राहुलसिंह ने मिलकर प्रियंका व उसके लड़के आर्यन की दर्रा के जंगल में गला घोंट कर हत्या कर दी। आर्यन की लाश को दर्रा के जंगल में ही फेंक दी। प्रियंका की लाश को भीम तालाब में डाल दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार सुबह राजसमंद जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारीक पहुंचे। पुलिस उप अधीक्षक राकेश वर्मा, भीम थाना अधिकारी सीआई सवाई सिंह राठौर, दिवेर थाना अधिकारी दौलत सिंह चौहान, भीम तहसीलदार मनोज कुमार गांग सहित भारी पुलिस बल भीम तालाब की पाल पर घटनास्थल का मौका निरीक्षण कर परिजनों को सांत्वना दी एवं आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

पुलिस और एनडीआरएफ की टीम और एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची तथा एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने करीब एक घंटे तक चले अभियान के बाद तालाब से प्रियंका का शव बाहर निकाला। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए। पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया कि बच्चे का शव दर्रा गांव के पास जंगल में फेंका गया है। इसके बाद पुलिस, एसडीआरएफ टीम और ग्रामीणों की मदद से जंगल क्षेत्र में सघन सर्च अभियान चलाया। जहां दोपहर तक मासूम बच्चे आर्यन के शव को ढूंढने में सफलता मिली।

भीम सीआई सवाई सिंह राठौड़ ने बताया कि मृतका एवं बच्चे के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द किया। हत्या के मामले में मृतक प्रियंका देवी एवं उसके बच्चे आर्यन का शव भीम पुलिस ने उप जिला चिकित्सालय भीम के मोर्चरी में रखवाया तथा मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया है।

# टोंक : पीडी एग्रो इंडस्ट्रीज पर आयकर की रेड

**टोंक/निवाई, (निसं)।** वनस्थली मोड़ स्थित औद्योगिक क्षेत्र में पीडी एग्रो इंडस्ट्रीज पर आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा है।

कार्रवाई दोपहर करीब एक बजे शुरू हुई, जिसके बाद से इंडस्ट्रीज परिसर के बाहर दिल्ली, जयपुर व अजमेर नंबर की कई गाड़ियां खड़ी है एवं आरएसी के जवान तैनात है। विभाग के उच्चाधिकारी इंडस्ट्री के दस्तावेजों की जांच में जुटे रहे। सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई जयपुर के कान्हा रेस्टोरेंट पर हाल ही में पड़ी रेड से जुड़े मामले का हिस्सा बताई जा रही है। चर्चा है कि संबंधित फर्म से दाल व बेसन की वहां सप्लाई होती थी। जिसकी वित्तीय लेन-देन को लेकर जांच की जा रही है। हालांकि आयकर विभाग के अधिकारी मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं और अधिकारिक रूप से किसी भी तरह की जानकारी साझा नहीं की गई है। कार्रवाई देर शाम तक जारी रहने की सूचना है। स्थानीय स्तर पर इस कार्रवाई को लेकर औद्योगिक क्षेत्र में हलचल बनी हुई है। विभागीय टीम द्वारा खातों, बिलों एवं अन्य वित्तीय दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है।

# चोरी के मामले में फरार अपराधी को पकड़ा

## आरोपी पांच साल से फरार था

**जोधपुर, (कासं)।** ग्रामीण पुलिस की विशेष टीम ने चोरी के मामले में पांच साल से फरार चल रहे पांच हजार रुपए के एक इनामी अपराधी को पकड़ा है। उसके विरूद्ध पूर्व में लूट व चोरी के आठ प्रकरण दर्ज हैं और गिरफ्तारी के डर से लगातार ठिकाने बदल रहा था। उसे डीएसटी जोधपुर ग्रामीण ने बोरानाडा क्षेत्र से दस्तयाब किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला विशेष टीम द्वारा स्थाई वारंटी व पांच हजार रुपए के इनामी अपराधी रावर, पुलिस थाना कापरड़ा निवासी सुरेन्द्रसिंह पुत्र मदन सिंह को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। उसके खिलाफ पीपाड़ शहर थाना में चोरी का मामला दर्ज था। जिला विशेष टीम के कांस्टेबल पप्पूराम की सूचना पर डीएसटी प्रभारी श्रवणकुमार भवंरिया मय टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जोधपुर शहर के बोरानाडा एरिया में दबिश देकर उसे दस्तयाब किया तथा अग्रिम अनुसंधान के लिए पुलिस थाना पीपाड़ शहर को सुपुर्द किया गया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड कोटा**

क्रमांकः- अअ/जिग्रा/अंके/2025-2026/2230-2248 दिनांक : 10.02.2026
Phone No. 0744-2500598 Email eephed ddrkota@ymail.com

**Notice Inviting Bid**

Bid for NIT No. 77/2025-2026 to 81/2025-2026 are Invited from interested bidders upto 6.00 PM on 23.02.2026. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal sppp.rajasthan.gov.in of the State & www.rajwater.gov.in Departmental Website. Tenders are to be submitted online on website http://eproc.rajasthan.gov.in.
NIB No:- PHE2526A6424
UBN:- (PHE2526WSOB13822) UBN:- (PHE2425WSOB13823)
UBN :- (PHE2425WSOB13824) UBN:- (PHE2425WSOB13825)
UBN:- (PHE2425WSOB13826)
DIPR/C/3504/2026

(हरिओम सैनी)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग
जिला ग्रामीण खण्ड कोटा


# भिवाड़ी हादसा : मृतकों के परिवारों को बैंक खाते में सहायता राशि भेजी

**भिवाड़ी/खैरथल, (निसं)।** भिवाड़ी के खुशखेडा-करौली औद्योगिक क्षेत्र में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में सात मजदूरों की जिंदा जलकर हुई मौत की दुखद घटना के बाद सरकार और जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता व त्वरित कार्रवाई का उदाहरण पेश किया है।

इस दुखद घटना में दो युवक नाबालिग है, जिसमें मिंटू कुमार 14 वर्ष व अमरेश की उम्र 17 वर्ष बताई गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन ने 48 घंटे के भीतर मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा कराई है। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल राज्य सरकार को विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित की।

राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत प्रशासन ने आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया को प्राथमिकता से पूर्ण किया। जिससे आर्थिक सहायता राशि शीघ्र ही परिजनों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जा सकी। उक्त घटना में मृत सात व्यक्तियों के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से तीन-तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इस प्रकार कुल 21 लाख रुपये की सहायता राशि सीधे संबंधित परिजनों के बैंक खातों में जमा कराई गई। इसमें मृतक मिंटू की माता देवंती, सुजनत कुमार के पिता शिवजी पसवान, श्याम कुमार की माता नीतू देवी, अभिषेक की पत्नी मीना कुमारी, अमरेश की माता सेमा देवी, रवि कुमार की माता रीता देवी, मंटू कुमार की माता पिंटा देवी के बैंक खाते में सहायता राशि स्थानांतरण की गई है। इस दुखद घटना में दो युवक नाबालिक रहे है। इस के साथ ही सरकार ने इस भीषण हादसे में घायल हुए श्रमिकों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

# छेड़छाड़ के आरोपी को पांच साल का कारावास

**भीलवाड़ा, (निसं)।** मासूमों के साथ होने वाले अपराधों पर सख्त रुख अपनाते हुए भीलवाड़ा की पॉक्सो कोर्ट संख्या-01 ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने नाबालिग बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी सत्यनारायण उर्फ सत्तु को दोषी करार देते हुए पांच साल के कठोर कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

यह मामला 25 जुलाई 2025 का है, जब प्रार्थिया ने एक थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी सत्यनारायण नशे की हालत में भोर के समय प्रार्थिया के घर में घुस गया था। जब प्रार्थिया और उसकी नाबालिग पुत्री सो रहे थे, तब आरोपी ने कमरे में घुसकर बच्ची के अश्लील हरकतें की। नाबालिग और उसकी माँ के चिल्लाने पर परिवार के सदस्य और मोहल्ले के लोग तुरंत सहायता के लिए पहुंचे। भीड़ ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने पैरवी की।

# राज्यपाल आज भीलवाड़ा दौरे पर

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े शुक्रवार, 20 फरवरी को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार वे प्रातः 08:20 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा भीलवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा प्रातः 10:15 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड, भीलवाड़ा पहुंचेंगे। राज्यपाल बागड़े सड़क मार्ग से संगम विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान कर 10:35 बजे वहां पहुंचेंगे। तत्पश्चात 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक वे संगम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे। दोपहर 1:30 बजे राज्यपाल हरि सेवा धर्मशाला के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 1:45 बजे वहां पहुंचेंगे। वे दोपहर 1:45 बजे से 2:10 बजे तक आयोजित 'सनातन मंगल महोत्सव' कार्यक्रम में भाग लेंगे।


**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
रजि. ऑफिस.– विद्युत भवन, ज्योति नगर, जयपुर–302005
Website:http://energy.rajasthan.gov.org/jvvnl
कार्यालय मुख्य अभियन्ता (कोटा संभाग)
नयापुरा पॉवर हाऊस, खाई रोड़, कोटा– 324001
दूरभाष नं. 0744– 2320881, 2450066 ईमेलः– zcekz@jvvnl.org

**ई–निविदा सूचना**

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में निम्न कार्य हेतु दो भागों में ई–निविदा (तकनीकी–वाणिज्यिक) एआरसी 2023 पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते हैः– कोटा वृत में उपखण्ड सहायक अभियन्ता (पवस) जेपीडी, सांगोद के अन्तर्गत 33/11 केवी छत्रपुरा सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी लाईन निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन–48/2025–26) (UBN:VVN2526WSOB00995), उपखण्ड सहायक अभियन्ता (एचटीएम–डीडी) जेपीडी, कोटा के अन्तर्गत 33/11 केवी पदमपुरा सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी लाईन निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन–49/2025–26) (UBN:VVN2526WSOB00996), झालावाड़ वृत्त के अधिकार क्षेत्र में टीएन–50/2025–26 के अंतर्गत सहायक अभियंता (एचटीएम– I) जेपीडी,झालावाड़ के अधीन 132 केवी जीएसएस रायपुर से कई 33/11 केवी सब स्टेशनों के 33 केवी इंटरकनेक्श करने हेतु। (UBN:VVN2526WSOB00997) योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा सम्बन्धित दस्तावेज ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 20.02.2026 से डाउनलोड कर सकते है। टीएन–48से टीएन–50 के लिए निविदाऐं ऑनलाईन ई–पोर्टल पर दिनांक 04.03.2026 को सांय 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा सम्बन्धी जानकारी, कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेबसाईट http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

जेपीआर–3125 (2026)
राज.संवाद/सी/25/20833

संभागीय मुख्य अभियंता (कोटा संभाग)
बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507


# पंचों ने एक परिवार को समाज से बहिष्कृत किया

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती मथानिया के खुडियाला गांव में एक परिवार को समाज के पंचों ने पंचायती कर बहिष्कृत कर हुक्का-पानी बंद कर दिया। अर्थदंड के तौर पर डेढ़ लाख फिर 2100 रूपए वसूल लिए गए। इसके बावजूद भी समाज में शामिल नहीं किया गया और मनमाने ढंग से खर्चा करवा रहे हैं। पीड़ित परिवार के एक सदस्य की तरफ से नामजद कुछ पंचों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

मथानिया पुलिस ने बताया कि जोधपुर पुलिस आयुक्तालय के सामने रेलवे नेहरू कॉलोनी में रहने वाले मूलाराम मेघवाल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि खुडियाला गांव में बहन- बहनोई रहते हैं। समाज के कुछ पंचों ने गत साल दिसम्बर में उनका हुक्का पानी बंद कर बहिष्कृत कर दिया। परिवार से डेढ़ लाख रूपए लिए, फिर 21 सौ रूपए ले लिए गए। समाज के कुछ पंचों को नामजद किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार समाज के एक लड़की द्वारा वर्ष 2022 में सुसाइड किया गया था। जिसके बाद से पंचों द्वारा परिवार पर दबाव बनाया और बहिष्कृत कर दिया गया।

# मॉडल उत्तर कुंजी जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा लेक्चरर (आयुष विभाग) परीक्षा-2025 के अंतर्गत 8 विषयों की मॉडल उतरकुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई हैं।

आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उक्त विषयों की परीक्षा का आयोजन 12 जनवरी 2026 को किया गया था। यदि किसी भी अभ्यर्थी को इन मॉडल उतरकुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 21 से 23 फरवरी को रात्रि 12 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाईन दर्ज करवा सकता है।

# पांच साल से एक ही जगह पर कार्यरत कर्मचारी हटेंगे!

**बीकानेर, (निसं)।** शिक्षा निदेशालय में इस वक्त खलबली मची हुई है, क्योंकि साल भर पहले निदेशालय की मीटिंग में मंत्री जो कह कर गए थे उसकी पालना नहीं हुई। ऊपर से उनके आदेश के विरुद्ध जाकर निदेशालय और सचिवालय से निर्णय हो रहे है। इसलिए मंत्री खफा हैं और उन्होंने निदेशालय में पांच साल से ज्यादा जमे लोगों के नाम मांगे हैं। मंगलवार से ही लिस्ट बनानी शुरू हो गई। माना जा रहा है कि जल्दी ही निदेशालय में बड़ा फेरबदल देखने को मिलेगा। इसके साथ ही कुछ वित्तीय सलाहकारों पर भी तलवार लटक सकती है।

शिक्षा विभाग में हितकारी निधि में जरूरत से ज्यादा कार्मिक लगे हुए हैं। मंत्री ने 2024 में ही हितकारी निधि में लगे 3 कार्मिकों को हटाने के लिए कहा था मगर मंत्री के आदेश निदेशालय में कैसे दरकिनार किए जाते हैं वो इस वक्त के हालात से पता लग रहा है। इसके साथ ही मंत्री ने पिछले साल निदेशालय में मीटिंग ली थी। उसमें पांच साल से जमे कार्मिकों को हटाने के निर्देश दिए थे।


**कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर**
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड, पुरानी छावनी, धौलपुर पिन कोड 328001 Email ID:-dcfwl.ncs.forest@rajasthan.gov.in

क्रमांकः एफ ()/ उवसं/वजीधौ./राचघअ./2025-26/478 **Notice Inviting Tender** दिनांकः- 12/2/26

Tenders are invited from eligible contractor/firm/for Dual desk purchasing

| क्र. स. | सूचना संख्या मय दिनांक | कार्य का नाम | Start Date | निविदा (बोली) डाउनलोड़ एवं अपलोड़ करने की अन्तिम समय एवं दिनांक | GEM No. | अनुमानित लागत रूपये में | निविदा संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rajkaj Ref No.: 20500369 Date 12.02.2026 | राजकीय विद्यालयों में बच्चों के बैठने हेतु Supply and installation of modular plastic Class Room Table (Dual Desk) with Attached Chair क्रय हेतु | 12.02.2026 | 10.00 AM 23.02.2026 | GEM/2026/8/7232246 | 24,00,000 | 84/2025-26 |

Tender Can be seen and downloaded at the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in & http://gem.gov.in of the state.

DIPR/C/3451/2026

(डा. आशीष व्यास) उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य धौलपुर


# बीकानेर में आयकर विभाग ने 140 बीघा जमीन जब्त की

- नाम बदलकर खरीदी कृषि भूमि, फर्म-कंपनी बनाकर कॉलोनी काटने वाले थे

**बीकानेर, (निसं)।** कृषि भूमि को पहले कथित तौर पर अलग-अलग नामों से खरीदना, फिर उन्हें पार्टनरशिप फर्मों में ट्रांसफर करना, उसके बाद कंपनी संरचना बनाकर आवासीय कॉलोनी विकसित करने की तैयारी। यह पूरा खेल परत-दर-परत रचा गया। आयकर विभाग की बेनामी निषेध इकाई ने इस कथित नेटवर्क की कड़ियां जोड़ते हुए अब तक करीब 140 बीघा जमीन को अंतरिम तौर पर जब्त कर लिया है। जब्त संपत्तियों की डीएलसी दर लगभग 75 करोड़ रुपए आंकी गई है, जबकि बाजार मूल्य 200 करोड़ रुपए से अधिक बताया जा रहा है। संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जांच में डेयरी व्यवसाय से जुड़े अशोक कुमार मोदी और उनके सहयोगियों के नाम सामने आए हैं।

आरोप है कि वर्षों पहले कृषि जमीनें बेनामी नामों से खरीदी गईं। बाद में उन्हीं नामों को आधार बनाकर पार्टनरशिप फर्में गठित की गई और भूमि का स्वामित्व फर्मों में स्थानांतरित किया गया। अगला चरण कंपनी गठन का था, जिसके जरिए रेजीडेंशियल कॉलोनी विकसित करने की तैयारी की जा रही थी। बताया जा रहा है कि इस पूरी संरचना के जरिए वास्तविक लाभार्थियों की पहचान छिपाने की कोशिश की गई। उदासर स्थित 23.5 बीघा भूमि, जिसकी डीएलसी कीमत करीब 50 करोड़ रुपए और बाजार मूल्य 100 करोड़ रुपए से अधिक बताया जा रहा है, को अंतरिम जब्ती में लिया गया है। इसके अलावा शिवबाड़ी क्षेत्र में आवासन मंडल को समर्पित 115 बीघा भूमि को भी बेनामी मानते हुए कार्रवाई की गई है। इस परियोजना में विकसित हिस्से का 25 प्रतिशत भाग संबंधित पक्षों को मिलने की शर्त सामने आई है। इस भूमि का बाजार मूल्य भी 100 करोड़ रुपए से अधिक आंका जा रहा है। कुछ जमीनें एससी-एसटी श्रेणी के नामों से खरीदी गई, जिससे वैधानिक जटिलताओं से बचते हुए नियंत्रण बनाए रखा जा सके। बाद में इन्हीं नामों से बनी फर्मों के जरिए कई संपत्ति लेनदेन किए गए। जांच एजेंसी अब बैंकिंग ट्रेल, फर्म रजिस्ट्रेशन दस्तावेज, शेयर होल्डिंग पैटर्न और स्वामित्व हस्तांतरण की श्रृंखला की गहन पड़ताल कर रही है। इस नेटवर्क की निगरानी लंबे समय से की जा रही थी। प्रारंभिक सूचना के बाद वित्तीय लेनदेन और भूमि अभिलेखों का मिलान किया गया, जिसके बाद अंतरिम जब्ती की कार्रवाई की गई। हालांकि आयकर विभाग के अधिकारियों ने आधिकारिक टिप्पणी से इनकार किया है, लेकिन दस्तावेजों की पड़ताल तेज कर दी गई है।

जांच में सामने आया कि जमीन सीधे अंतिम लाभार्थी के नाम पर नहीं थी। पहली परत में व्यक्तिगत खरीदार, दूसरी परत में पार्टनरशिप फर्म और तीसरी परत में कंपनी संरचना बनाई गई। इससे संपत्ति का वास्तविक नियंत्रण छिपा रहा, जबकि कागजों में स्वामित्व अलग-अलग संस्थाओं के पास दिखाई देता रहा। कुछ भूखंडों का हिस्सा सरकारी अधिग्रहण योजनाओं के लिए समर्पित कर परियोजना को वैधता का आवरण देने की रणनीति भी अपनाई गई। जांच एजेंसी अब यह देख रही है कि फर्मों के बीच हुए लेनदेन का वास्तविक वित्तीय स्रोत क्या था और लाभ का प्रवाह किन खातों तक पहुंचा। यदि दस्तावेजों और बैंक रिकॉर्ड में विसंगति सिद्ध होती है, तो अंतिम कुर्की और दंडात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है। फिलहाल बीकानेर में हुई यह कार्रवाई बड़े बेनामी नेटवर्क की ओर संकेत कर रही है।

# 774 किलो डोडा-पोस्त जब्त, पांच तस्कर गिरफ्तार

## डंपर और कार जब्त, नीमच से लाया गया था मादक पदार्थ

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राजेश मीणा के निर्देश पर स्पेशल टीम और पिंडवाड़ा पुलिस ने 774 किलो अवैध डोडा-पोस्त जब्त कर पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

रेंज स्पेशल टीम प्रभारी उप निरीक्षक देवाराम और पिंडवाड़ा थानाधिकारी महेंद्र सीरवी की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने एक डंपर से अलग-अलग बोरियों में भरा 774 किलो डोडा- पोस्त बरामद किया। डोडा-पोस्त को डंपर में छिपाकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने डंपर की एस्कॉर्टिंग कर रही एक स्विफ्ट कार को भी जब्त किया है। इसके साथ ही तस्कर दीपाराम, प्रकाश और मनोहर सहित पांच लोगों को पकड़ा है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि डंपर में विशेष रूप से खाना बनाकर डोडा-पोस्त छिपाया गया था। इसे नीमच से जालौर जिले के सांचौर ले जाया जा रहा था।

# दो लाख की स्मैक के साथ आरोपी को पकड़ा

**टोंक, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला स्पेशल टीम ने सदर थाना क्षेत्र अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आठ ग्राम स्मैक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में दो लाख रुपये की स्मैक व 12400 रुपये और मोबाइल बरामद किये हैं।

डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि टीम द्वारा थाना क्षेत्र सदर टोंक में नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ के साथ आरोपी भीम सिंह पुत्र कामदार साँसी निवासी पोल्याडा थाना दुनी हाल गणेशजी मंदिर के सामने सोरण रोड को गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से करीब 8 ग्राम स्मैक व खरीद-फरोख्त की नकद राशि एवं एक मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड द्वितीय, बीकानेर**
पीएचईडी कैम्पस, इण्डस्ट्रीयल एरिया के जी कॉम्पलेक्स के पास रानीबाजार, बीकानेर (331001)

क्रमांक-7626-39 **Notice Inviting Bid : 211 to 220/2025-26** दिनांक-13.02.2026

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 26-02-2026 at 18.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http:/eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 272.00 lacs.

| NIT No. | 211 | 212 | 213 | 214 | 215 |
|---|---|---|---|---|---|
| UBN No. | PHE2526 WSOB14187 | PHE2526 WSOB14188 | PHE2526 WSOB14189 | PHE2526 WSOB14190 | PHE2526 WSOB14191 |
| NIT No. | 216 | 217 | 218 | 219 | 220 |
| UBN No. | PHE2526 WSOB14192 | PHE2526 WSOB14193 | PHE2526 WSOB14194 | PHE2526 WSOB14195 | PHE2526 WSOB14196 |

DIPR/C/3227/2026

(नरेश कुमार रैगर) अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड-11, बीकानेर



**राजस्थान सरकार**
**उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग करौली**

क्रमांकः लेखा/निविदा/2026/206 दिनांकः- 13-02-2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26**

श्रीमान निदेशक महोदय जनगणना कार्य निदेशालय राजस्थान जयपुर के भारत की जनगणना 2027-के कार्य सम्पादन हेतु जिला एवं चार्ज स्तर पर हार्डवेयर क्रय करने के लिए ई-निविदा आमन्त्रण दिनांक को सांय 05 बजे तक मय बिड सिक्यूरिटी राशि के दो लिफाफा पद्धती के आधार पर e-Proc Portal पर ऑनलाईन निम्नानुसार किया जाता है। ऑनलाईन प्राप्त तकनीकी निविदाएँ दिनांक 23.02.2026 को प्रातः 02.00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रू.में) | ई-निविदा शुल्क प्रोसेसिंग (रू.में) | बोली प्रतिभूति राशि | ऑनलाईन बोली: निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की दिनांक व समय | ऑनलाईन बोली: निविदा प्रपत्र अपलोड करने की दिनांक व समय | ऑनलाईन बोली: ऑनलाईन खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला स्तर चार्ज स्तर (समस्त तहसील / नगरपरिषद/नगर पालिका ओं) में हार्डवेयर क्रय करने हेतु | 21.00/- | 1000/- | 500/- | 42000/- | 15.02.2026 11.00 AM से | 23.02.2026 10.00 AM तक | 23.02.2026 2.00 PM |

निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता में निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें व जानकारी राजस्थान लोक उपापन की वेबसाइट https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
नोट :- मूल डी.डी/बैंकर चैक दिनांक 23/02/2026 समय प्रातः 11:00 बजे तक कार्यालय में जमा करवानी होगी अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
NIB NO ESD2526A0059
UBN NO ESD2526GLOB00057

DIPR/C/3528/2026

उप निदेशक
आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग,
करौली

## भूमि आवंटन पत्रावलियों के अभाव से कोई काश्तकार वंचित नहीं

**जयपुर।** राजस्व मंत्री ने गुरुवार को विधानसभा में स्पष्ट किया कि सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भूमि आवंटन पत्रावलियां उपलब्ध हैं और मूल आवंटन पत्रावलियों के अभाव में किस्तें जमा नहीं कराने संबंधी कोई प्रकरण लंबित नहीं है।

उन्होंने कहा कि पत्रावलियों की कमी के कारण कोई भी काश्तकार खातेदारी अधिकार, बैंक ऋण, फसल बीमा या अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं है। शून्यकाल के दौरान विधायक डूंगरराम गेदर के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में मंत्री ने बताया कि सूरतगढ़ तहसील के कुल 500 गांव चकों में से 455 चक ऑनलाइन किए जा चुके हैं और उनके नक्शे भी ऑनलाइन उपलब्ध हैं। शेष 45 गांव ऑफलाइन हैं, जिनमें से 27 गांवों में रिकॉर्ड और मौके की स्थिति में भिन्नता पाई गई है, इसलिए वहां सर्वे की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि इन 27 गांवों की जमाबंदी को ऑनलाइन करने का प्रस्ताव राजस्व विभाग को प्राप्त हुआ था, जिस पर निर्णय लिया जा चुका है और शीघ्र ही अधिसूचना जारी की जाएगी।

जमाबंदी ऑनलाइन होने के बाद सर्वे और री-सर्वे की प्रक्रिया पूरी कर नक्शों को भी ऑनलाइन किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इन 27 में से 17 गांवों में जमाबंदी और नक्शे दोनों उपलब्ध हैं तथा उन्हें अलग कर वन-टू-वन मैपिंग की प्रक्रिया जारी है।

# जेडीए में आरक्षण पत्र जारी करने की प्रक्रिया होगी ऑनलाइन

## ई-साइन व रियल-टाइम उपलब्धता के साथ आरक्षण पत्र अब पोर्टल आधारित

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार सुशासन एवं ई-गवर्नेंस को सुदृढ़ करते हुए जयपुर विकास प्राधिकरण ने आरक्षण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को एंड-टू-एंड ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। आयुक्त श्री सिद्धार्थ महाजन के निर्देशानुसार विकसित की जा रही इस डिजिटल प्रणाली के तहत संपूर्ण कार्यवाही पोर्टल आधारित होगी।

जेडीए द्वारा दी जा रही सभी ऑनलाइन सेवाओं में यह प्रावधान कर दिए गए है । आवेदक घर बैठे अपने प्रकरण की अद्यतन स्थिति एवं संबंधित अन्य जानकारी ऑनलाइन देख सकेंगे। इसी के साथ ही आवेदक को उप आयुक्त द्वारा की गई अंतिम टिप्पणी भी द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी । इससे न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, बल्कि प्रक्रिया में लगने वाला समय भी घटेगा और नागरिकों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से आयुक्त श्री महाजन ने गुरुवार को आयोजित संवाद कार्यक्रम में विभिन्न हितधारकों से विस्तृत चर्चा की। बैठक में शहरी नियोजन, प्रक्रियागत सरलीकरण, जनसुविधाओं के विस्तार तथा जयपुर के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर



सुशासन व ई-गवर्नेंस को सुदृढ़ करने के संबंध में जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक हुई।

विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान जेडीए आयुक्त ने जनसुनवाई प्रकरणों की समीक्षा भी की साथ ही अधिकारियों को सुझावों का परीक्षण करवा कर प्राथमिकता के साथ लागू करने के निर्देश दिये।

आयुक्त महाजन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑनलाइन प्रणाली लागू करने के साथ तीन वर्ष से अधिक पुराने लंबित प्रकरणों एवं लिगेसी डेटा का परीक्षण कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। इससे अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण तथा प्रशासनिक पारदर्शिता को बल मिलेगा।

गौरतलब है कि जेडीए द्वारा विभिन्न योजनाओं में अधिठाहित भूमि के बदले पूर्व में जारी मैनुअल आरक्षण पत्रों का चरणबद्ध डिजिटलीकरण भी प्रारंभ कर दिया गया है। पुराने हस्तलिखित एवं मुद्रित अभिलेखों का डेटा एंट्री के माध्यम से कंप्यूटरीकरण कर उन्हें प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है, जिससे संबंधित हितधारक बिना कार्यालय आए आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें।

अब जयपुर विकास प्राधिकरण ने

- **जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने अधिकारियों को दिये निर्देश**

एक कदम और आगे बढ़ाते हुए आगामी समय में जारी किए जाने वाले सभी आरक्षण पत्र ई-प्रणाली के माध्यम से तैयार करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत अधिकृत अधिकारी द्वारा ई-साइन किए गए दस्तावेज़ सीधे ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। इससे दस्तावेज़ों की प्रामाणिकता सुनिश्चित होगी, रिकॉर्ड प्रबंधन सुव्यवस्थित होगा साथ ही मानवीय त्रुटियों की संभावना न्यूनतम रहेगी।

उल्लेखनीय है कि डिजिटल माध्यम से सेवा प्रदायगी को सरल बनाकर प्राधिकरण ने शहर के सुव्यवस्थित विकास एवं जनसुविधाओं के सशक्तीकरण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया है। जयपुर विकास प्राधिकरण की यह पहल प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता एवं नागरिक-केंद्रित सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक सुदृढ़ कदम साबित होगी। बैठक में जेडीए सचिव निशांत जैन, अतिरिक्त आयुक्त भागचंद भड़ाल सहित सभी ज़ोन के उपायुक्त एवं हितधारक उपस्थित रहे ।

### सार-समाचार

## पीपाड़ में एडीजे कोर्ट स्थापना का प्रस्ताव उच्च न्यायालय में विचाराधीन

**जयपुर।** विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने गुरुवार को विधानसभा में बताया कि राज्य सरकार ने उपखंड मुख्यालय पीपाड़ में नवीन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे) की स्थापना के लिए को प्रस्ताव भेजकर अनुशंसा का आठाह किया है। यह प्रस्ताव वर्तमान में उच्च न्यायालय की समिति के समक्ष विचाराधीन है। प्रश्नकाल के दौरान सदस्य अर्जुन लाल द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में नवीन एडीजे न्यायालय की स्थापना के लिए 1000 से 1200 लंबित प्रकरणों का मानदंड निर्धारित है। वर्तमान में पीपाड़ में 780 प्रकरण लंबित हैं, जो निर्धारित मापदंड से कम हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि उच्च न्यायालय से इस संबंध में प्रस्ताव प्राप्त होता है तो राज्य सरकार पुनः विचार करेगी। मंत्री ने बताया कि जोधपुर जिले में जोधपुर जिला मुख्यालय पर 12 मई 2015 से, बिलाड़ा में 31 अक्टूबर 2020 से तथा बालेसर में 27 सितंबर 2023 से अपर जिला न्यायालय संचालित हैं।पीपाड़ में एडीजे न्यायालय की स्थापना को लेकर अब अंतिम निर्णय उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर निर्भर करेगा।

## हमले में युवक घायल

**उदयपुर।** शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश चाकू से हमला कर टेंपों चालक को घायल कर फरार हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित साहिल पुत्र शिवदास वैरागी निवासी लागबोरी कुपड़ा ने अम्बामाता पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरा भाई गजेन्द्र 17 फरवरी रात में चांदपोल से सवारी लेकर हरिदासजी की मगरी की तरफ ले गया। जहां चुण्डा पैलेस के पास पहुंचते ही पिछे से बाइक पर आए बदमाशों ने टेंपों रोक चाकू से मेरे भाई पर हमला कर कर दिया। इस दौरान टेंपों में सवार लोगों द्वारा चिल्लाने पर हमलावर आन फानन में बाईक मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। इसकी सूचना मिलने पर परिजनों ने मौके पर पहुंच कर घायल गजेन्द्र को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाय कर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज किया। इस मामले की जांच एएसआई मंगलसिंह कर रहे है।

## दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर।** शादी का झांसा देकर पीडिता के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी विवेक जोशी पुत्र अशोक कुमार निवासी माली मोहल्ला रकमपुरा मन्दसोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी से संपर्क होने पर वह मुझे अपने साथ ले गया। जहां लिविंग में रहते हुए शादी करने का झांसा देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। गत दिनों आरोपी ने शादी करने से इनकार कर मुझे भगा दिया। इस पर परिजनों को सूचना देकर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच आरपीएस नीतु कर रही है।

## धोखाधड़ी व धमकाने का मामला दर्ज

**उदयपुर।** शहर के धानमण्डी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीड़िता को धमका कर रूपये वसूलने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता रेखा सालवी पत्नी खुबीलाल निवासी धोली बावड़ी ने आरोपी बेदला निवासी दयाशंकर निमावत के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी मुझसे 10 लाख रूपयों की मांग कर रहा है। नहीं देने पर जेवरात वसूलने व जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## डॉ. समीर मेहता को पीडियाट्रिक सर्जरी वर्कशॉप में मिला विशेष सम्मान

**कोटा।** राजस्थान एसोसिएशन ऑफ़ पीडियाट्रिक सर्जन्स व पसिफ़िक मेडिकल कॉलेज उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मिनिमल इनवेसिव सर्जरी वर्कशॉप का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। संयोजक डॉ. प्रवीण झंवर ने बताया की कार्यशाला में देश-विदेश के जाने माने शिशु शल्य चिकित्सक गेस्ट फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किए गए जिन्होंने लाईव ऑपरेशन कर अनेक जटिल सर्जरी कर जूनियर डॉक्टर्स को शिशु लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की बारीकियां समझायी। कोटा के वरिष्ठ शिशु शल्य चिकित्सक डॉ. समीर मेहता को इस कार्यशाला में विशेष सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. समीर ने कोटा व हाड़ौती क्षेत्र के पांच हज़ार से अधिक बच्चों के जटिल ऑपरेशन कर यह विशेष मुकाम हासिल किया।

## लूनी नदी के बहाव क्षेत्र में होगा सुधार : जल संसाधन मंत्री

**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने गुरुवार को विधान सभा में कहा कि अजमेर शहर में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार गंभीर है।

शून्य काल में विधायक श्री लक्ष्मण राम द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से रखे मामले पर जवाब देते हुए जल संसाधन मंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि लूनी नदी के प्रवाह क्षेत्र को किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं करके नदी के बहाव क्षेत्र में सुधार करने के लिए डीपीआर तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि लूनी नदी का उद्गम अजमेर की नाग पहाड़ी से होता है। इस नदी के प्रवाह क्षेत्र को विस्तृत और सुदृढ़ कर इसकी निकासी को बेहतर किया जाएगा। अजमेर में फूलसागर क़ायड बाँध के प्राकृतिक बहाव क्षेत्र का जीर्णोधार और सुचारू करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए डीपीआर बनायी जाएगी। साथ ही, आना सागर झील के सीवेज ट्रीटेड पानी का आंकलन कर इस जल का अधिकतम सदुपयोग करने के प्रयास किए जाएँगे। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से आनासागर झील में पानी का ओवरफ्लो नहीं होगा और शहर में जल भराव की स्थिति भी नहीं होगी।

## क्रिकेट पर सट्टा खिलाते एक आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर।** सविना थाना एवं डीएसटी पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए क्रिकेट पर ऑनलाईन सट्टा खेलाते एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हिसाब एवं मोबाईल जब्त किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा,पुलिस उप अधीखक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी गजवीरसिंह एवं डीएसटी टीम प्रभारी विक्रमसिंह मय टीम ने 18 फरवरी रात में संयुक्त कार्यवाही करते हुए विकेश पुत्र चन्दुमल निवासी बप्पारावल नगर सेकटर 6 हिरणमगरी हॉल एमपी कॉलोनी सेक्टर 13 सविना को क्रिकेट पर ऑनलाईन सट्टा खेलाते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस की टीम ने आरोपी के कब्जे से लाखों का सट्टा हिसाब डायरी तथा दो मोबाईल जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

# 8वें वेतन आयोग के नाम पर साइबर ठग कर रहे ठगी

**जयपुर।** प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को निशाना बनाने के लिए साइबर ठगों ने अब 8 वें वेतन आयोग का सहारा लेना शुरू कर दिया है। पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम संजय अठावाल के मार्गदर्शन में राज्य साइबर पुलिस ने एक विशेष एडवाइजरी जारी कर आमजन और विशेषकर सरकारी कर्मचारियों को सतर्क रहने को कहा है। ठग व्हाट्सएप के जरिए सैलरी कैलकुलेटर का लालच देकर लोगों की जमा पूंजी पर डाका डाल रहे हैं।

कैसे बुना जाता है ठगी का जाल

डीजीपी अठावाल ने बताया कि साइबर अपराधी सरकारी कर्मचारियों के व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर दावा करते हैं कि नए वेतन आयोग के तहत उनकी सैलरी में भारी बढ़ोतरी होने वाली है। मैसेज में बढ़ी हुई सैलरी चेक करने के लिए एक सैलरी कैलकुलेटर का लिंक दिया जाता है।

इस लिंक के जरिए एक एपीके फाइल डाउनलोड करने का दबाव बनाया जाता है। जैसे ही कोई कर्मचारी इस फाइल को इंस्टॉल करता है, उसके मोबाइल का पूरा कंट्रोल गुप्त रूप से ठगों के पास चला जाता है। इसके बाद ठग मोबाइल से ओटीपी, नेट बैंकिंग क्रेडेंशियल्स और निजी जानकारी चुराकर बैंक खाते से पैसे उड़ा देते हैं।

डीजीपी अठावाल ने बताया कि सरकार या कोई भी आधिकारिक विभाग वेतन संबंधी गणना के लिए कभी भी व्हाट्सएप पर एपीके फाइल या सॉफ्टवेयर नहीं भेजता है। अनवेरिफाइड सोर्स से ऐप डाउनलोड करना अपने बैंक की चाबी चोरों को देने जैसा है। वेतन या पेंशन की कोई भी जानकारी केवल आधिकारिक सरकारी पोर्टल पर ही उपलब्ध होती है।

डीजीपी अठावाल ने बताया कि किसी भी अनजान नंबर से आए लुभावने मैसेज या फाइल पर क्लिक न करें। ऐसे मैसेज मिलने पर फाइल डाउनलोड करने के बजाय मैसेज को तुरंत डिलीट करें और उस नंबर को रिपोर्ट व ब्लॉक करें। केवल सरकारी वेबसाइटों पर ही अपनी सर्विस डिटेल्स चेक करें। कभी भी गूगल प्ले स्टोर के बाहर से कोई थर्ड-पार्टी ऐप इंस्टॉल न करें।

## सेक्टर रोड की बजाय दूसरी सड़कें बनवाकर बजट को खुर्द-बुर्द करने की तैयारी

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के इंजीनियर्स किस कदर जेडीए को भी करोड़ों का नुकसान और ठेकेदारों को फायदा देने में जुट गए हैं। इसका सीधा सा उदाहरण सेक्टर रोड है। जेडीए में सेक्टर रोड बनाने का बजट स्वीकृत किया हुआ है लेकिन इस बजट को दूसरे कामों में लगाया जा रहा है। सेक्टर रोड की सड़कों का अभी तक अलायनमेंट भी तय नहीं है, बावजूद इसके जेडीए के विभिन्न जोनों में इंजीनियरिंर्स की इस बजट पर आंख लगी हुई है। वो इस बजट को खुर्दबुर्द कर इसे खत्म करना चाहते हैं।

सूत्रों के मुताबिक जेडीए के इंजीनियर्स ने पहले तो नई सेक्टर सड़कों का बजट पास करवा कर टेंडर करवा दिए, जबकि मौके पर ना तो एलाइनमेंट तय है और ना ही जमीनें क्लियर है। इसके बावजूद सड़कों के लिए करोड़ों का टेंडर करवा दिए। ताजा मामला जोन 12 का है । यहां सेक्टर रोड का 100 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत करा रखा है। जेडीए से इसका टेंडर हरदयाल कंस्ट्रक्शन को मिला है। अब जेडीए के इंजीनियर्स और ठेकेदार मिल कर इस बजट को खुर्द बुर्द करने की तैयारी कर रहे हैं। ठेकेदार ने यहां काम अधूरा किया है और अब जोन 12 का स्टाफ सेक्टर रोड के बजट में दूसरी सड़कें व अन्य काम करा कर बजट को खुर्दबुर्द करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए निदेशक इंजीनियरिंग से स्वीकृति मांगी जा रही है।

आधा अधूरा काम कर भुगतान लिया, अब नये सिरे से टेंडर करने की तैयारी सूत्रों का कहना है कि, जेडीए के ठेकेदारों ने आधा अधूरा काम करके भुगतान उठा लिया और अब जेडीए फिर से यहां टेंडर करने की तैयारी में जुटा हुआ है। नीमेडा, सिवार मोड से सिरसी मोड और सी जोन बाइपास तक जेडीए ने सड़क बनाने में 10 करोड़ रुपए खर्च कर ठेकेदारों को भुगतान कर दिया लेकिन हालात आज भी बदतर है। पूरी सड़क खुदी हुई है और आए दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं। अब जेडीए यहां सेक्टर रोड के बजट में नए सिरे से डामर करा कर इस बजट को खुर्दबुर्द करने की तैयारी कर रहे हैं।

सही सड़क पर डामर की खराब अधूरी छोडी जेडीए के जोन 12 में सड़क पर डामरीकरण के दो टेंडर हुए थे। इनमें एक टेंडर हरदयाल कंस्ट्रक्शन को मिला था सिरसी मोड से सिवार मोड तक 4.25 करोड़ का काम था। इस काम में पुरानी सड़क और खराब सड़क पर डामरीकरण का काम होना था।

इसमें ठेकेदार ने सही सड़क पर डामर कर दी जबकि खराब सड़क पर डामर नहीं की। इंजीनियर्स ने इस कदर जल्दबाजी की कि आधे अधूरे काम का भुगतान भी कर दिया जबकि आधी से ज्यादा सड़क का काम अधूरा था। इसके बावजूद ठेकेदार को भुगतान कर दिया।

## ठेकेदार ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

**जयपुर।** कानोता थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में चालीस वर्षीय ठेकेदार द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर एक व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सवाई माधोपुर के बामनवास निवासी वकील प्रजापत कानोता में परिवार सहित रहकर निर्माणाधीन मकानों का ठेका लेने का कार्य करते थे। गत दिनों पहले अपने कमरे में बिजली के तार से फंदा लगाकर लटके मिले। घर पहुंचे एक रिश्तेदार ने उन्हें इस हालत में देखा और पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

- **मृतक कानोता में परिवार सहित रहकर निर्माणाधीन मकानों का ठेका लेने का कार्य करते थे**

इधर मृतक के बेटे सतीश ने गांव के परिचित कालूराम के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आरोप लगाया है कि कालूराम ब्याज का धंधा करता है और रुपयों के लेनदेन को लेकर पिछले तीन महीनों से उसके पिता को लगातार परेशान कर रहा था। परिजनों के अनुसार तीन माह पहले आरोपी उनकी कार ले गया था तथा जबरन खाली कागजात व स्टाम्प पर हस्ताक्षर करवा लिए थे। घटना वाले दिन सुबह भी आरोपी तीन-चार लोगों के साथ घर आया और कथित रूप से हाथापाई व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है।

## पीएचसी ठीकरीय चारड़ान का औचक निरीक्षण

**बूंदी।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में नियमित निरीक्षणों की कड़ी जारी रखते हुए गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ पी सामर ने पीएचसी ठीकरीय चारड़ान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की।

सीएमएचओ ने मातृ-शिशु स्वास्थ्य दिवस की व्यवस्थाओं, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन प्रणाली, दवाइयों की उपलब्धता, रिकॉर्ड संधारण तथा मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया।

साथ ही नवीन भवन में शिफ्ट होने के पश्चात् वहाँ की व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण कर आधारभूत सुविधाओं, स्वच्छता, कार्यप्रणाली एवं सेवा वितरण व्यवस्था का सूक्ष्म निरीक्षण किया।

## 'भू उपयोग, भवन और निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चरणबद्धरूप से कार्य करेगी'

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए व्यवसायों और आमजन को गैर जरूरी अनुपालन एवं विनियमों से राहत देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य सरकार भू उपयोग, भवन और निर्माण, श्रम, व्यवसायों के लिए लाइसेंस प्रक्रिया और जन उपयोगिता सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चरणबद्धरूप से नियमों और प्रक्रियाओं का सरलीकरण करने जा रही है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास के निर्देशन में इससे संबंधित कार्य योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस कार्य योजना के अनुसार चुनिंदा श्रेणियों में उचित भूमि उपयोग के लिए भू-रूपांतरण आवश्यकताओं को समाप्त कर प्रक्रियात्मक देरी कम करने के लिए आंध्र प्रदेश में लागू की गई प्रणाली का अध्ययन किया जाएगा। जब तक निषिद्ध न हो तब तक सभी गतिविधियों की अनुमति के सिद्धांत पर मिश्रित भूमि-उपयोग विकास को स्वतः अनुमत करने के लिए बिल्डिंग बायलॉज और मास्टर प्लान में आवश्यक संशोधन पर विचार किया जा रहा है। वहीं, सहूलियत के लिए जोन-वार निषिद्ध सूचियां भी स्पष्ट रूप से परिभाषित की जाएंगी।

कार्य योजना के अंतर्गत औद्योगिक क्लस्टर्स में खाली पड़ी भूमि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने हेतु औद्योगिक क्षेत्र भूमि आवंटन नीति को उदार बनाने, औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों को सस्ते आवास उपलब्ध कराने तथा अपशिष्ट उपचार और फायर सेफ्टी सिस्टम जैसे आधारभूत ढांचे के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

## सारस्वत ब्राह्मण समाज ने सांसद सी. पी जोशी से मुलाकात की

**जयपुर।** सारस्वत ब्राह्मण समाज जिला जयपुर ने सांसद सी पी जोशी से मुलाकात कर राजधानी जयपुर में समाज के भवन के लिए भूमि आवंटन में सहयोग का अनुरोध किया है।

सारस्वत ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, महामंत्री सुरेश सारस्वत,

- **सारस्वत ब्राह्मण समाज जिला जयपुर ने सांसद सी पी जोशी से मुलाकात कर समाज के भवन के लिए भूमि आवंटन की मांग की**



सारस्वत ब्राह्मण समाज को भूमि आवंटन का अनुरोध।

नीलकमल शुक्ला, संतोष शर्मा, सुरेश उपाध्याय, सुनील सारस्वत, सिद्धार्थ जोशी आदि समाज बंधुओं ने जोशी से भेंट कर बताया कि सरकार ने पूर्व में अनेक समाजों को भूमि आवंटित की है ऐसे में समाज की गतिविधियों के सुचारु सञ्चालन के लिए सारस्वत समाज को भी भूमि आवंटित की जानी चाहिए। जोशी ने इस पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। सारस्वत ब्राह्मण समाज ने इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम आदि को भी ज्ञापन देकर समाज के सामुदायिक भवन और छात्रावास के लिए भूमि आवंटन की मांग की थी।

## काव्यांगन में हास्य रंगों की होगी बौछार

**जयपुर।** कला, संस्कृति और साहित्य की संस्था काव्यम् के सीजन-4 काव्यांगन राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में कवि शहर के श्रोताओं को उत्सवी रंगों की बौछारों में जमकर भिगोएंगे और हास्य की पिचकारियों संग काव्य का जश्न मनाएंगे। काव्यम् के प्रणेता राजेश शर्मा ने बताया कि यह राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 22 फरवरी को शाम 5.45 बजे यहां स्टैच्यू सर्किल स्थित बिड़ला सभागार में होगा। इसमें देश के नामी कवि-कवयित्री हास्य, शृंगार और वीर रस की रचनाओं से शहर के दानिशमंद श्रोताओं को गुदगुदाएंगे और रोमांचित करेंगे। लाफ्टर चैंपियन हास्य-व्यंग्य के कवि प्रताप फौजदार(आगरा), कवि सुनील अटोलिया कालू (जयपुर), हास्य-व्यंग्य के कवि राजेश अठावाल(दिल्ली), हास्य-व्यंग्य के कवि हरीश हिन्दुस्तानी, नवलगढ़(शेखावाटी मारवाड़ी), वीर रस के कवि अशोक चारण(जयपुर) काव्य रचनाएं पेश करेंगी।

# विधानसभा में आमेर-अचरोल मुद्दे पर विपक्ष का वॉकआउट

**जयपुर।** विधानसभा में गुरुवार को प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति और जयपुर के आमेर-अचरोल क्षेत्र में सैटेलाइट अस्पताल के मुद्दे पर लंबी चर्चा हुई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह ने सदन को आश्वस्त किया कि प्रदेश के राजकीय सैटेलाइट चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) में जांच और उपचार सुविधाएं सुदृढ़ हैं।

यदि कहीं किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो उसकी जांच कर तत्काल आवश्यक पूर्ति की जाएगी। प्रश्नकाल के दौरान विधायक प्रशांत शर्मा द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब में मंत्री ने कहा कि आमेर का सैटेलाइट अस्पताल एक हेरिटेज भवन में संचालित हो रहा है। भवन की संरचना में परिवर्तन संभव नहीं है और स्थानाभाव की समस्या है। इस कारण

- **नई भूमि मिलते ही आमेर सैटेलाइट अस्पताल शिफ्ट होगा**

अस्पताल को उपयुक्त नई जगह पर स्थानांतरित करने के लिए विभाग द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) को कई बार पत्र लिखा जा चुका है। जैसे ही नई भूमि उपलब्ध होगी, अस्पताल के स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

मंत्री ने बताया कि विभिन्न विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हैं। साथ ही 24X7 आपातकालीन सेवाएं भी संचालित हैं।उन्होंने बताया कि प्रदेश के 2065 चिन्हित डिलीवरी प्वाइंट्स पर गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व, प्रसव के दौरान और प्रसव के बाद 42 दिन तक सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के तहत जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल और सैटेलाइट चिकित्सालयों में 56 प्रकार की जांचें उपलब्ध हैं, जबकि सीएचसी में 37 और पीएचसी व डिस्पेंसरी में 15 प्रकार की जांचों का प्रावधान है। मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना (दवा) के अंतर्गत सैटेलाइट चिकित्सालयों में 1097, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 771 और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 546 प्रकार की दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मंत्री ने बताया कि आमेर विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थानों में संवर्गवार कुल 247 पद स्वीकृत हैं और मानकों के अनुसार औषधि व उपकरण उपलब्ध हैं। मंत्री के जवाब के बाद नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंत्री आमेर और अचरोल के मुद्दे में भ्रमित हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अचरोल में स्वीकृत सैटेलाइट अस्पताल को स्थानांतरित कर दिया गया है और उसे वापस लाने पर स्पष्ट जवाब दिया जाए।इस पर मंत्री ने कहा कि सवाल आमेर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित था और सैटेलाइट अस्पताल आमेर में ही संचालित है। उन्होंने दोहराया कि हेरिटेज भवन में नया निर्माण संभव नहीं है और नई जमीन मिलने के बाद बेहतर स्थान पर अस्पताल बनाया जाएगा। मंत्री द्वारा अचरोल के संबंध में स्पष्ट घोषणा नहीं किए जाने से नाराज कांग्रेस विधायकों ने सदन में नारेबाजी की। बढ़ते हंगामे के बीच कांग्रेस विधायक सदन से वॉकआउट कर गए। स्वास्थ्य सुविधाओं पर सरकार के दावों और आमेर-अचरोल के सैटेलाइट अस्पताल को लेकर उठे सवालों के कारण सदन का माहौल कुछ समय तक गरमाया रहा।




## Honouring Dedication on National Caregivers Day

National Caregivers Day, observed annually on the third Friday of February, celebrates the selfless dedication of individuals who provide care and support to the elderly, disabled, or chronically ill. These caregivers often work tirelessly behind the scenes, balancing physical, emotional, and financial responsibilities to ensure the wellbeing of those they care for. The day highlights their invaluable contributions, recognizing the compassion, patience, and resilience required in caregiving. It also raises awareness about the challenges they face and encourages communities, policymakers, and families to offer support, resources, and appreciation for these unsung heroes of society.

#BEAUTY

# Deep Hydration for Hands and Feet


This simple blend is an effective way to nourish dry hands and feet without expensive treatments







Dry, rough hands and feet are common, especially with frequent washing, weather changes, or long hours on your feet. A simple at-home remedy using everyday ingredients can help restore softness, lock in moisture, and gently smooth the skin.



### The Hydrating Blend

This DIY mixture combines three ingredients known for their moisturizing and skin-softening properties:

- **2 tablespoons Vaseline (petroleum jelly):** Creates a protective barrier that locks in moisture and prevents water loss.
- **1 teaspoon baby oil:** Adds lightweight hydration and helps soften dry, flaky skin.
- **½ teaspoon baking soda:** Acts as a mild exfoliant to help remove dead skin and improve texture.

### How It Works

Vaseline seals moisture into the skin, making it ideal for very dry areas like heels, cuticles, and knuckles. Baby oil penetrates the skin to add softness and flexibility. Baking soda gently buffs away dry, rough patches, allowing the moisturizing ingredients to absorb more effectively.

### How to Use

1. In a small bowl, mix all ingredients until smooth.
2. Wash hands or feet with warm water and pat dry.
3. Massage the mixture into the skin, focusing on rough areas.
4. For best results, cover hands with cotton gloves or feet with socks.
5. Leave on for at least 30 minutes or overnight.
6. Rinse off gently or wipe away excess if needed.

### Benefits

- Deeply hydrates and softens skin.
- Improves the appearance of rough, cracked areas.
- Easy and affordable home treatment.
- Ideal for weekly or bi-weekly use.


### Precautions

- Avoid using on broken or irritated skin.
- If you have sensitive skin, test on a small area first.
- Do not overuse baking soda, as excessive exfoliation can cause dryness.

### Final Thoughts

This simple blend is an effective way to nourish dry hands and feet without expensive treatments. With regular use, skin can feel smoother, softer, and more comfortable.





Queen Darejan's Palace or Sachino in Tbilisi, Georgia.

# Without Her, There Would Be No Georgia



Teimuraz was often absent, fighting, in exile, negotiating with one empire against another. Darejan managed the household, raised the children, maintained whatever stability was possible. When Teimuraz was forced into exile, Darejan went with him. Taking as many surviving children as she could. Leaving behind the ones who were hostages, or already dead, or scattered across a region where Georgian royalty had become refugees in their own land.



Queen Darejan.

● Verna Mohon

She gave birth to 23 children while foreign empires were torturing her family to death for refusing to convert to Islam. Georgia, 1624. Queen Darejan received the news every royal wife dreaded: her mother-in-law, Queen Ketevan, had been tortured to death in Persia. They'd tried to force her to convert to Islam. When she refused, they strangled her with a bowstring, then dismembered her body.

Darejan was pregnant. Again. It was perhaps her eighth or ninth pregnancy, she'd already lost count. She had small children clinging to her skirts. Her husband, King Teimuraz I, was in hiding, trying to hold together what remained of their fractured kingdom.


And she had to keep going. Keep bearing children. Keep preserving the royal line. Keep surviving. Because that's what Georgian queens did in the 17th century: they endured.

Georgia in the 1600s was trapped between two empires that wanted to destroy it. The Persian Safavid Empire to the east. The Ottoman Empire to the west. Both Muslim powers. Both determined to either convert or eliminate the Christian Georgian kingdoms that stood between them.

> Georgian royalty became pawns, hostages, victims. Shah Abbas I of Persia was particularly brutal. He didn't just want Georgian territory, he wanted Georgian souls. Convert to Islam, or watch your family die. Teimuraz I refused. So, the Shah took his mother, Queen Ketevan, hostage. For nine years, she was imprisoned in Shiraz. For nine years, they tried to force her conversion. Promises of release, threats of death, everything in between. She refused.

Georgian royalty became pawns, hostages, victims. Shah Abbas I of Persia was particularly brutal. He didn't just want Georgian territory, he wanted Georgian souls. Convert to Islam, or watch your family die. Teimuraz I refused. So, the Shah took his mother, Queen Ketevan, hostage. For nine years, she was imprisoned in Shiraz. For nine years, they tried to force her conversion. Promises of release, threats of death, everything in between. She refused. So, in 1624, they tortured her to death. Publicly. As an example.

Her daughter-in-law Darejan, back in Georgia, learned that her children's grandmother had been murdered for her faith. That this was the price of remaining Christian in a region where Christian kingdoms were being systematically crushed.



#EMPIRES



And she was expected to keep having children. To keep producing heirs. To keep ensuring the royal line survived, even though survival meant watching those children face the same threats.

Over her lifetime, Darejan gave birth approximately 23 times. Twenty-three pregnancies in an era when childbirth was the leading cause of death for women. Twenty-three times risking her life. Twenty-three children born into a kingdom under constant siege, where royal children were targets for kidnapping, forced conversion, or murder.

This wasn't the romantic image of medieval queenship. This was industrial-scale motherhood in the service of dynastic survival. The Shah didn't stop with Queen Ketevan. He took several of Teimuraz and Darejan's sons hostage. He demanded they convert to Islam or he'd execute them.

The boys refused. The Shah killed them.

Darejan lost multiple children, not to disease or accident, but to deliberate murder by a foreign power determined to break her family's faith and resistance. And Darejan couldn't stop having children, because the dynasty needed heirs. The kingdom needed continuity. If the royal line died out, Georgia's independence died with it.

So, Darejan kept bearing children while burying children. Kept managing the royal household while her husband fought wars. Kept holding together what remained of their family while empires tried to tear it apart. She wasn't just a mother. She was a strategic necessity.

Every pregnancy was an act of defiance against the empires trying to eliminate Georgian Christianity. Every surviving child was proof that Georgia would continue. Every daughter she raised, every son she protected, was a victory against forced conversion and cultural extinction.

Teimuraz was often absent, fighting, in exile, negotiating with one empire against another. Darejan managed the household, raised the children, maintained whatever stability was possible. When Teimuraz was forced into exile, Darejan went with him. Taking as many surviving children as she could. Leaving behind the ones who were hostages, or already dead, or scattered across a region where Georgian royalty had become refugees in their own land.

She lived through decades of this. Decades of pregnancy, childbirth, infant deaths, childhood diseases, and political murders. Decades of uncertainty about which children would survive to adulthood. Which would be taken hostage. Which would die for refusing to convert.

By the time she died in 1668, Darejan had outlived many of her 23 children. She'd seen her kingdom torn apart by foreign invasions. She'd watched empires use her family as pawns in their territorial games. But she'd kept the royal line alive.

Today, we barely remember Queen Darejan. Georgian history

> Without Darejan's 23 pregnancies, there would have been no Georgian royal heirs. Without her household management during Teimuraz's absences, there would have been no stable base for his resistance. Without her endurance through decades of loss and exile, the dynasty would have collapsed. But because her labor was 'women's work,' childbirth, child-rearing, household management, it doesn't get the same historical recognition as military victories.

focuses on the kings, on Teimuraz's military campaigns, his political maneuvering, his eventual consolidation of power. On the dramatic martyrdom of Queen Ketevan, who was canonized as a saint.

But Darejan? She was 'just' the wife. The mother. The woman who had 23 children and managed the household and endured exile and buried her babies and kept going.

Her labor was private, invisible, relentless. No battles named after her. No dramatic last stands. Just decades of bearing children, raising them, losing them, bearing more.

Here's what makes Darejan's story important: She represents the invisible infrastructure of royal survival. While historians write about kings and battles and treaties, women like Darejan were doing the biological and domestic labor that made dynasties possible.

Without Darejan's 23 pregnancies, there would have been no Georgian royal heirs. Without her household management during Teimuraz's absences, there would have been no stable base for his resistance. Without her endurance through decades of loss and exile, the dynasty would have collapsed.

But because her labor was 'women's work,' childbirth, child-rearing, household management, it doesn't get the same historical recognition as military victories. Because that's what queens did: they bore the unbearable, privately, relentlessly, until they died.

Modern Georgia barely remembers Queen Darejan. There are no grand monuments to her 23 pregnancies. No statues commemorating her endurance. No epic poems about the children she buried.

But every Georgian king who came after her, every continuation of the royal line, every bit of Georgian independence that survived the 17th century, all of it rested on the foundation of her body, her labor, her losses.


She was the invisible infrastructure of royal survival. History barely remembers her name. But without her, there might not have been a Georgia to remember.

rajeshsharma1049@gmail.com



#COCHINEAL FARMING

# A Natural Carmine Dye



Because it is derived from natural sources, carmine is often preferred over synthetic dyes, especially in products marketed as natural or organic

Cochineal farming is a traditional agricultural practice centered on the cultivation of Opuntia cactus, commonly known as prickly pear, and a small scale insect that lives on its pads. This practice has been used for centuries to produce carmine, one of the most valuable natural red dyes in the world.



### The Opuntia Cactus

Opuntia species are hardy cacti characterized by their flat, green pads called cladodes. These pads serve as both the photosynthetic surface of the plant and the habitat for cochineal insects. Opuntia thrives in arid and semi-arid climates, requires minimal water, and grows well in poor soils, making it ideal for sustainable agriculture.


### Cochineal Insects and Their Biology

Cochineal insects (Dactylopius coccus) are small, scale insects that feed exclusively on Opuntia cactus pads. The insects attach themselves to the surface of the pads and feed on plant sap. To protect themselves from predators, the insects produce carminic acid, a deep red compound that acts as a natural defense mechanism.

Female cochineal insects contain especially high concentrations of carminic acid, which is why they are the primary focus of harvesting.

### Farming and Harvesting Process

Cochineal farming begins by intentionally inoculating healthy Opuntia pads with cochineal insects. Farmers carefully manage the cactus plants to ensure optimal conditions for insect growth, including protection from excessive rain, cold temperatures, and predators.



After several weeks, when the insects reach maturity, they are harvested by gently brushing or scraping them off the cactus pads. The insects are then dried using sunlight, ovens, or other controlled methods. Drying concentrates the carminic acid and preserves the insects for processing.

### Production of Carmine Dye

Once dried, the cochineal insects are processed to extract carminic acid. This compound is further refined and combined with mineral salts, such as aluminum or calcium, to produce carmine dye. The resulting pigment is known for its vibrant red colour, excellent stability, and resistance to fading.

### Uses of Carmine

Carmine is widely used as a natural dye in:

- Food products (such as yogurts, beverages, and confectionery)
- Cosmetics (lipsticks, blushes, and eye products)
- Pharmaceuticals
- Textiles and traditional art

Because it is derived from natural sources, carmine is often preferred over synthetic dyes, especially in products marketed as natural or organic.


### Environmental and Economic Importance

Cochineal farming is considered environmentally sustainable. It relies on a drought-resistant crop, produces minimal waste, and supports biodiversity in dry regions. Economically, it provides income for rural communities, particularly in parts of Latin America, Africa, and the Mediterranean.

The cultivation of cochineal insects on Opuntia cactus pads is a remarkable example of how natural systems can be harnessed to produce valuable materials. Through the insects' production of carminic acid, farmers are able to obtain carmine, a vibrant, durable, and historically significant natural dye that continues to be important in modern industries.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बारात निकासी के समय डीजे में 11 हजार केवी करंट दौड़ा, पांच बच्चे झुलसे

## दो बच्चों को अलवर डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में, तीन बच्चों शहर के हॉस्पिटल में भर्ती कराया

**अलवर,** (निसं)। अलवर के नियामतपुर गांव में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे बारात के डीजे में करंट आने से 6 से 14 साल के पांच बच्चे झुलस गए। पांच में से दो बच्चे बुरी तरह झुलस गए, जिन्हें अलवर डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बाकी तीन बच्चे शहर के हॉस्पिटल में भर्ती हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है।



घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया।

■ **अलवर के नियामतपुर गांव से निकलते समय डीजे में 11 हजार केवी का करंट आ गया, जिससे डीजे पर बैठे पांच बच्चे झुलस गए**

नियामतपुर गांव के रहने वाले बृजकिशोर ने बताया कि परिवार में रामकिशोर और श्रीराम की बेटियों की शादी थी। बारात गुरुवार को आई थी। दोपहर में बारात निकलने के दौरान डीजे बज रहा था। गांव से निकलते समय डीजे में 11,000 केवी का करंट आ गया, जिससे डीजे पर बैठे पांचों बच्चे झुलस गए। इनमें से नियामतपुर के रहने वाले बृजकिशोर का बेटा बादल (14) और बावेकर खेरली का रहने वाला अंकित (13) बुरी तरह झुलस गए, जिन्हें अलवर डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बृजकिशोर ने बताया कि बारात कठूमर के पास अरुआ से आई थी और जब यह घटना हुई तो बारात की निकासी निकल रही थी।। बादल और अंकित के सिर, गर्दन और पीठ जल गए। दोनों घायल के पिता मजदूरी करते हैं।

**जोधपुर में फैक्टरी के बाहर ट्रक चोरी :** शहर के राजीव गांधी नगर पुलिस थाना क्षेत्र में एक हैण्डीक्राफ्ट फैक्टरी के सामने खड़ा ट्रक कोई चुरा ले गया। ट्रक मालिक ने इस बारे में पुलिस में रिपोर्ट दी है। जबकि दूसरी तरफ शहर में अलग-अलग स्थानों से दुपहिया वाहन भी चोरी होने के केस दर्ज हुए है। संबंधित थाना पुलिस अब वाहन चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि फलोदी जिले के मोहरा निवासी जुसब खां पुत्र मेहरदीन की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका ट्रक उमराव खां पेट्रोल पंप के निकट आई एक हैण्डीक्राफ्ट फैक्टरी के सामने 17 फरवरी की रात को खड़ा किया था। 18 की सुबह यह ट्रक अपने स्थान पर नहीं मिला। कोई उसे चुरा ले गया। आस पास पूछताछ में भी इसका पता नहीं लग पाया। पुलिस ने केस दर्ज कर अब सीसीटीवी फुटेज से ट्रक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी कमल पुत्र लालचंद पारवानी अपनी स्कूटी लेकर रेलवे स्टेशन रोड पर आया था। तब वहां किसी काम से गया और वापिस आने पर उसकी स्कूटी चोरी हो चुकी थी। इस पर केस दर्ज किया गया। वहीं चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि महावीर नगर सांगरिया फांटा निवासी मोहनराम पुत्र तुलसीराम जाट ने रिपोर्ट दी कि वह अपनी बाइक लेकर मंगलवार को पाल बालाजी मंदिर में दर्शन करने आया था। मंदिर परिसर से कोई उसकी बाइक चुरा ले गया।

# इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगी

## आग इतनी तेजी से फैली कि परिवार के लोगों को जान बचाने के लिए पड़ोसियों की छत पर कूदना पड़ा

**अजमेर,** (निसं)। वरुण सागर रोड स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान में अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान में रखा पूरा इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दुकान मालिक संजय पाराशर को अचानक जलने की तेज बदबू आई। जब उन्होंने नीचे देखा तो दुकान के अंदर से धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही देर में आग तेजी से फैल गई और पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया।

परिजनों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि परिवार के लोगों को जान बचाने के लिए पड़ोसियों की छत पर कूदना पड़ा। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, हालांकि परिवार के लोग दहशत में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने में काफी समय लगा, तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, आग से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फिलहाल शॉर्ट सर्किट से आग लगने का संभावित कारण बताया जा रहा है।

# अजमेर में होटल की दूसरी मंजिल से गिरी लिफ्ट, युवती घायल

**अजमेर,** (निसं)। शहर के रामगंज पुलिस थाना क्षेत्र स्थित अजय नगर में संचालित एक होटल में लिफ्ट हादसे का मामला सामने आया है। होटल में ठहरी एक युवती बरखा लिफ्ट के माध्यम से नीचे उतरने के लिए चढ़ी थी, तभी अचानक लिफ्ट गिर गई। परिजन का आरोप है कि होटल मालिक ने लिफ्ट खराब होने का कोई नोटिस भी चस्पा नहीं कर रखा था। बताया जा रहा है कि लिफ्ट दूसरी मंजिल से नीचे गिर गई, जिससे बरखा नामक युवती घायल हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने तुरंत उसे उपचार के लिए जवाहर लाल नेहरू अस्पताल अजमेर पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। परिजनों का आरोप है कि हादसे के समय होटल मालिक मौके पर मौजूद नहीं था और न ही किसी स्टाफ ने तुरंत सहायता की। परिजनों ने स्वयं एम्बुलेंस बुलाई और गेट तोड़कर युवती को बाहर निकाला।

# अलवर में चार लाख से अधिक के अवैध पटाखे जब्त, एक गिरफ्तार

**अलवर,** (निसं)। पुलिस थाना शिवाजी पार्क क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण और बिक्री करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में चार लाख रुपये से अधिक कीमत के पटाखे जब्त किए गए हैं।

■ **गश्त के दौरान सूचना के आधार पर पुलिस ने तिजारा रोड स्थित दादू किराना स्टोर पर दबिश दी**



अलवर में पुलिस थाना शिवाजी पार्क क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करने पर कार्रवाई की।

पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि जिला कलैक्टर के आदेशों की पालना में अवैध आतिशबाजी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) और वृत्ताधिकारी उत्तर शहर के सुपरविजन में थानाधिकारी चन्द्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार को गश्त के दौरान सूचना के आधार पर तिजारा रोड स्थित दादू किराना स्टोर पर दबिश देकर कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान बिना लाइसेंस पटाखों का भंडारण एवं बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी प्रवीण कुमावत उर्फ गोलू (35) निवासी शिव कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में पटाखे जब्त किए हैं। हाल ही में हुए भिवाड़ी हादसे में सात लोगों की मौत के बाद जिले में प्रशासन अवैध पटाखा विक्रेताओं और फैक्ट्रियों के खिलाफ लगातार सर्च अभियान चला रहा है।

# 61 वर्षीय दिव्यांग को नहीं मिल रही पेंशन

**चूरू,** (कासं)। चूरू में एक 61 वर्षीय दिव्यांग को सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं मिल रही है।

गुसाईयों की छत्तरी के पास, वार्ड नंबर दो निवासी अहमद अली खान पुत्र सादुले खां ने बताया कि ई-मित्र के माध्यम से दिव्यांगता का प्रमाण पत्र बनवाकर पेंशन के लिए नगरपरिषद चूरू में एक वर्ष पहले आवेदन किया था। वहां से कोई जवाब नहीं मिला तो पुनः नगरपरिषद में गया। वहां बैठे बाबू ने कुछ कमियां बताई। अहमद अली खान पुत्र सादुले खां ने बताया कि दो माह पहले उन्हें भी पूरा कर दिया। उसके बाद भी आज तक पेंशन मिलनी शुरू नहीं हुई है। पेंशन शुरू हो जाती तो कुछ राहत मिल जाती। परन्तु नगरपरिषद वालों की मनमानी के कारण पेंशन नहीं मिल रही है। चूरू में सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं मिलने के कई मामले सामने आ चुके हैं।

# गंगापुर सिटी पीजी कॉलेज प्राचार्य विवाद सुलझा

**गंगापुर सिटी।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक प्रो. रमेश बैरवा ने राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) कुलदीप रांका एवं उप शासन सचिव हरिताभ कुमार आदित्य से मिलकर राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी प्राचार्य डॉ, सुमित्रा मीणा के दुर्भावनावश वेतन रोके जाने एवं डीडीओ पावर से वंचित किए जाने का प्रकरण रखा और प्रकरण के निस्तारण की मांग की।

■ **प्राचार्य सुमित्रा मीना ही होगी अब डीडीओ**

इस पर एसीएस ने कॉलेज शिक्षा आयुक्त डॉ. ओमप्रकाश बैरवा को तुरंत काल कर सुमित्रा मीना के नाम डीडीओ पावर के आदेश तुरंत निकालने के लिए आदेशित किया। उपशासन सचिव उच्च शिक्षा से भी मिले। सुमित्रा मीना की एपीओ अवधि का अवकाश स्वीकृत कर नवंबर, दिसंबर एवं जनवरी माह के रोके गए वेतन दिलाने का निवेदन किया। दोनों ही उच्च अधिकारियों ने बहुत दिनों से प्रताड़ित, परेशान प्राचार्य सुमित्रा मीणा की समस्या को सुनकर इसका तुरंत समाधान करवाया जिसके लिए रुक्टा डेमोक्रेटिक ने एसीएस व डीएस का आभार जताया है।

प्रो. बैरवा ने यह भी बताया कि 17.11. 2025 के सुमित्रा मीना के एपीओ आदेश को अकारण, राजनीति से प्रेरित मानकर कोर्ट ने अपास्त, निरस्त कर दिया था। इसके उपरांत कोर्ट के आदेश से 31.12. 2025 को सुमित्रा मीना ने राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी के प्राचार्य पद पर पुन : कार्यग्रहण कर आयुक्तालय को सूचित कर दिया था। आयुक्तालय के अधिकारी अंदरूनी रूप से इससे खुश नहीं थे। महाविद्यालय में दो-दो प्राचार्य की स्थिति बनी हुई थी। मैनावत सुमित्रा मीना को प्राचार्य ही नहीं मान रहे थे। मीडिया ने भी मुद्दे को जोर शोर से उठाया तो 29.फरवरी 2026 को आयुक्तालय के आदेश में सुमित्रा मीना को प्राचार्य तो मान लिया लेकिन डीडीओ पावर मैनावत के पास ही रखी, जबकि आयुक्तालय का दिनांक 24 जनवरी 2023 का आदेश है कि जो प्राचार्य है उसके पास ही डीडीओ पावर होगी। डीडीओ पावर में व्यवधान के लिए सहायक कोषाधिकारी तक को गुमराह किया प्रतीत होता है।

# सोशल मीडिया पर अफीम पार्टी का वीडियो डाला, तीन गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। धार्मिक स्थलों पर नशा और सोशल मीडिया पर उसका प्रदर्शन अब अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा रहा है। जिले के बनेड़ा थाना पुलिस ने ग्राम पंचायत बबराणा स्थित भदेरिया श्याम भैरूनाथ मंदिर परिसर में अफीम का सेवन करने और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

■ **बनेड़ा थाना पुलिस ने बबराणा स्थित मंदिर परिसर में अफीम का सेवन कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में कार्रवाई की**

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ और मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य व वृत्ताधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई के सुपरविजन में थानाधिकारी बछराज चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस के अनुसार, 17 फरवरी को जिला स्पेशल टीम से सूचना मिली कि बबराणा बस स्टैंड के पास मंदिर परिसर में कुछ लोग सार्वजनिक रूप से अफीम का सेवन कर रहे हैं।

पुलिस टीम ने जब मौके पर दबिश दी, तो वहां तीन व्यक्ति अफीम के बर्तनों और पारंपरिक उपकरणों के साथ बैठे मिले। मौके से पुलिस ने एक स्टील का लोटा, प्याली, पीतल का गिलास और नक्काशीदार लकड़ी का स्टैंड, जिसमें शिवलिंग बना हुआ था और थैलियां लटकी थी, बरामद किया है। जिसका उपयोग अफीम घोटने और पीने के लिए किया जा रहा था। हैरानी की बात यह है कि आरोपियों ने अफीम का सेवन करते हुए फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी अपलोड किए थे। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शंकर लाल गाडरी (30), गोपाल लाल सुथार (30) और पोखर लाल जाट (39) निवासी बबराणा को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी बछराज चौधरी, सउनि कृष्णगोपाल, कानिस्टेबल अजय कुमार और कानिस्टेबल देशराज की मुख्य भूमिका रही।

# महाजन फायरिंग रेंज में "खड़ग शक्ति" युद्धाभ्यास 23 से

## युद्धाभ्यास में सेना की पश्चिमी कमान की स्ट्राइक कोर अपनी ताकत दिखाएगी

**बीकानेर,** (निसं)। पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद महाजन फायरिंग रेंज में सेना का बड़ा युद्धाभ्यास "खड़ग शक्ति" होने जा रहा है। युद्धाभ्यास में सेना की पश्चिमी कमान की स्ट्राइक कोर अपनी ताकत दिखाएगी।

महाजन फायरिंग रेंज में 23 फरवरी को होने वाले इस अभ्यास में नाइट फायरिंग कर दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों पर सटीक गोलाबारी का प्रदर्शन किया जाएगा। पश्चिमी सीमा पर संभावित खतरों से निपटने के लिए परिचालन तत्परता और विभिन्न सैन्य बलों के बीच समन्वय को परखा जाएगा। अभ्यास में स्वार्म ड्रोन, लोइटरिंग म्यूनिशन, क्वाडकॉप्टर और लॉजिस्टिक ड्रोन जैसे अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन होगा। तोपखाना, बख्तरबंद और मशीनीकृत इकाइयों के साथ हमलावर हेलीकॉप्टर भी हिस्सा लेंगे। रात में टैंकों से फायरिंग और दिन में हेलीबोर्न ऑपरेशन को अंजाम दिया जाएगा। आधुनिक तकनीकों पर केंद्रित इस अभ्यास में सेना दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमला करने की क्षमता का प्रदर्शन करेगी। इस अभ्यास को ऑपरेशन सिंदूर के बाद नए युद्धक्षेत्र सिद्धांत, बहु डोमेन और एआई तकनीक आधारित युद्ध की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। गौरतलब है कि भारतीय सेना की पश्चिमी कमान के तहत खड़गा कोर ने नवंबर 2024 में "खड़ग शक्ति" नामक एकीकृत फील्ड फायरिंग अभ्यास किया था। खड़ग शक्ति की तुलना "प्रचंड शक्ति" या "अशनि प्रहार" जैसे उन्नत अभियानों से की जाती है।

# आयोग ने विचारित सूची जारी की

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत ब्रॉड स्पेशियालिटी-डरमैटोलॉजी, वेनेरियोलॉजी एंड लेप्रोसी/ स्किन एंड वीडी विषय की परीक्षा 3 जुलाई 2025 के तहत पात्रता जांच के लिए विचारित सूची जारी की गई है। इसमें 20 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए अस्थाई रूप से सम्मिलित किया गया है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि यह सूची चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करने के क्रम में केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से है। यह साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची नहीं है।

# जोधपुर नगर निगम का बंद कमरे में पेश हुआ 1469 करोड़ का बजट

**जोधपुर,** (कासं)। नगर निगम की ओर से गुरुवार को बंद कमरे में 1469 करोड़ का बजट पेश किया गया। चुनाव नहीं होने के चलते निगम की प्रशासक और संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने बजट पेश किया। इससे पहले सुबह संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने अपने चेंबर में अधिकारियों की मीटिंग ली और बजट को लेकर चर्चा की।

■ **चुनाव नहीं होने के चलते निगम की प्रशासक और संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने बजट पेश किया**

गौरतलब है कि बजट को हर बार महापौर और पार्षदों की मौजूदगी में पेश किया जाता है, लेकिन इस बार चुनाव नहीं होने और निगम पार्षदों का कार्यकाल पूरा होने के चलते प्रशासक नियुक्त किया गया है। ऐसे में इस बजट को प्रशासक संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने पेश किया। इस दौरान आयुक्त सिद्धार्थ पलाचिनामा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बजट में शहर के ड्रेनेज सिस्टम और सफाई व्यवस्था के अलावा निगम की आय बढ़ाने को लेकर फोकस किया गया है। इस बार 1469 करोड़ का बजट पेश किया गया है। जिसमें आने वाले समय में शहर में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने, दो प्रमुख मार्गों को आदर्श मार्ग बनाने ओर कचरा ढोने से लेकर उसकी प्रोसेसिंग के कामों में एक ही वेंडर को लगाने के प्रस्ताव भी पारित किए गए। अब इस बजट को राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

बजट को लेकर प्रशासक प्रतिभा सिंह ने बताया कि पूर्व में नगर निगम का क्षेत्रफल 234 स्क्वेयर किमी था जो अब नगर निगम के एकीकरण होने से 290 स्क्वेयर किमी हो गया हैं। इस बजट में भी इसका ध्यान रखा है।

इस बार नगर निगम उत्तर और दक्षिण दोनों का एकीकरण कर दिया गया है। इसके साथ ही वार्ड भी घटाकर सौ कर दिए गए हैं। इन सौ वार्डों के लिए 1469 करोड़ का बजट पारित किया गया है। इसमें पार्षद का बजट 50 से 60 लाख रुपए किया गया है। पार्षद अब अपने वार्ड में साठ लाख के विकास कार्य करवा सकेंगे। जोधपुर में सफाई व्यवस्था में अभी कचरा उठाने से लेकर कचरा ले जाने आदि में अलग-अलग वेंडर है। अभी डोर टू डोर गाड़ी आ रही है उसका वेंडर अलग है। जेसीबी का वेंडर, ट्रैक्टर का वेंडर अलग है। ऐसे में अब बड़े शहरों की तर्ज पर एक ही वेंडर होगा, जो प्राइमरी कलेक्शन से लेकर कचरे के निस्तारण की लास्ट स्टेज तक एक ही वेंडर होगा। इसके तहत इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था की गई है।

बजट में घोषणा के मुताबिक नगर निगम की ओर से भूमि का रिकॉर्ड डिजिटलाइजेशन किया जाएगा। वर्तमान में निगम क्षेत्राधिकार की करीब एक लाख फाइलें हैं। जिनमें से 22 हजार का डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है। शेष अन्य के लिए इस बजट में 11 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। ऐसे में आने वाले समय में निगम एरिया के प्लॉट, खाली जमीन से लेकर सभी तरह को बिल्डिंग आदि की जानकारी डिजिटल भी मिल सकेगी। इस बजट में पार्किंग का भी विशेष ध्यान रखा गया है। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए निगम के विभिन्न जोन में नए पार्किंग स्थलों का चिन्हीकरण करके निगम की ओर से विकसित किया जाएगा।

प्रशासक प्रतिभा सिंह ने बताया प्रदेश सरकार की चालू वित्तीय घोषणा के तहत ईवी और सीएनजी स्टेशन पीपीपी मोड में विकसित किए जाएंगे। वर्तमान में शहर में दस जगहों पर इसका कार्य प्रगति पर है। निगम बजट में अब आने वाले समय में 30 जगहों पर ईवी स्टेशन प्रस्तावित किए हैं। शहर के 7 टूरिस्ट पैलेस पर भी ये स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए शहर में 15 नए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने का बजट में निर्णय लिया गया है।

# अलवर में अखिल भारतीय सैनी सामूहिक विवाह समारोह में 16 जोड़ों का विवाह

**अलवर,** (निसं)। सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति, अलवर के तत्वाधान में 29वां अखिल भारतीय सैनी सामूहिक विवाह समारोह गुरूवार (फुलेरादोज) को आयोजित हुआ। सम्मेलन में 16 जोड़ों का प्याज मण्डी (नई सब्जी मण्डी) अग्रासेन सर्किल के पास विवाह सम्पन्न हुआ।




सामूहिक विवाह सम्मेलन में 16 जोड़ों की वैवाहिक रस्में हुई।

समिति महामंत्री पदमचन्द सैनी ने बताया कि सर्वप्रथम 16 दूल्हों की सामूहिक बारात निकासी को विभिन्न समाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रातः नौ बजे पुरानी तहसील परिसर से रवाना करते हुए रोड़ नम्बर-2, भगत सिंह सर्किल, मण्डी पुलिया, अग्रसेन सर्किल होते हुए दोपहर बारह बजे विवाह समारोह स्थल प्याज मण्डी (नई सब्जी मण्डी) पहुंची। समारोह स्थल पर आर्चाय रामकिशन पांडे एवं अन्य पंडितों द्वारा तोरण, वरमाला एवं पाणिठाहण संस्कार की सामुहिक रस्में सम्पन्न करवाई गई। समिति द्वारा गत 15 फरवरी 2026 रविवार को आयोजित मेहन्दी, रंगोली एवं फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सहित 33 लक्की ड्रॉ कुपन निकालकर सम्मानित किया गया

समिति प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करने हेतु आशीर्वाद समारोह अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष सैनी सभा, सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान, बबिता शर्मा पत्नी संजय शर्मा वन एवं पर्यावरण मंत्री, शहर कोतवाल रमेशचन्द सैनी, तहसीलदार खेमचन्द सैनी, तिजारा समाज अध्यक्ष किशन सैनी, मालाखेड़ा समाज अध्यक्ष लालाराम सैनी, किशनगढ़ अध्यक्ष अशोक सैनी, बानसूर अध्यक्ष, निरंजन लाल सैनी, राजगढ़ समाज अध्यक्ष पी.डी. सैनी, मण्डल अध्यक्ष भाजपा रामगढ़ भगवान सैनी, गंजकिशनगढ़ प्रधान मुकेश सैनी सहित विभिन्न अतिथियों का माल्यापर्ण एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी महासभा जिलाध्यक्ष पूर्णमल सैनी ने की। कार्यक्रम संरक्षक अभय सैनी (पप्पू भाई प्रधान) ने सहित उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सामूहिक विवाह का कार्यक्रम वर्तमान समय की आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में समानता एवं समरसता की भावना जाग्रत होती हैं। लगातार 29वां सामूहिक विवाह का आयोजन करना एक अच्छी पहल है जिसमें युवावर्ग एवं शिक्षित वर्ग को भी आगे आकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी, अलवर फलसब्जी आढ़ती युनियम अध्यक्ष कैलाशचन्द सैनी, राष्ट्रीय सैनी सभा अध्यक्ष कमल सैनी, सैनी छात्रावास समिति अध्यक्ष रामप्रसाद सैनी, सैनी शिक्षा समिति अध्यक्ष जगदीश सैनी, कोषाध्यक्ष रामरतन सैनी, महामंत्री पदनचन्द सैनी, उपाध्यक्ष रूपकिशोर सैनी, लक्ष्मण सिंह सैनी, उपाध्यक्ष पंकज सैनी, रोशनलाल आढतिया, सुबेदार सुरेश चन्द सैनी, रामजीलाल खुराडिया, दुर्गाप्रसाद सैनी, लक्ष्मी नारायण सैनी, ओमप्रकाश सैनी, गणेश सैनी, युवा अध्यक्ष हेमन्त सैनी, जयकुमार खुराडिया, राजेन्द्र सैनी, महेश सैनी, ओमप्रकाश सैनी, भारत सैनी, बाबूलाल बाल्याण, डॉ. डी.के. सैनी, टेकचन्द कौलावत, खन्ना सैनी, बिरदाराम सैनी, कैप्टन उमरावलाल सैनी, अमित सैनी, राहुल सैनी सहित अलवर जिले के अलावा दौसा, कोटपुतली, विराटनगर, डीग, कांमा, भरतपुर, नारनोल सहित आस-पास के जिलों एवं अन्य राज्य के लोगों भी शामिल हुए।

## संक्षिप्त

### नीता कंवर को प्रशासक के पद से पदमुक्त

निवाई। ग्राम पंचायत नटवाड़ा प्रशासक नीता कंवर को राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासक के पद से पदमुक्त कर दिया है। नीता कंवर के विरुद्ध जाँच रिपोर्ट में पद का दुरुपयोग करने, कोरम पूर्ति के अभाव में ठाम सभा में जीर्ण-शीर्ण भवनों को नीलाम करने, निर्मित राजकीय भवनों की भूमि को बिना सक्षम स्वीकृति के नीलामी की कार्यवाही करने, सरकारी भवनों की सामग्री की नीलामी नहीं कराने से राजस्व हानि होने, कृषि पर्यवेक्षक भवन एवं कांजी हाउस की चारदीवारी को बिना गिराए ही नीलाम करने एवं नियम विरूद्ध पट्टे जारी करने सम्बन्धी आरोप प्रमाणित होने पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव द्वितीय त्रिलोकचन्द मीना ने नीता कंवर को नटवाड़ा प्रशासक के पद से पदमुक्त कर दिया।

### सिरस में बरसात से फसलों में नुकसान

सिरस। सिरस क्षेत्र में बुधवार की शाम गर्जना व तेज हवा के साथ रुक-रुक कर बरसात हुई। बरसात व तेज हवा से गेहूं की फसल में नुकसान हुआ है। कई किसान तो सरसों की कटाई कर रहे हैं व सरसों की कटी हुई फसल को इक-। कर रहे हैं। तेज हवा के साथ बरसात होने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल भी जमीन पर गिर गई। फसल आड़ी पड़ने से क्षेत्र के किसान चिंतित है। किसान रामनिवास चौधरी ने बताया कि तेज हवा के साथ बरसात होने से गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। गेहूं की फसल में दाने पड़ने के कारण अब फसल को दोबारा खड़ी होना मुश्किल है। जिससे पैदावार प्रभावित होगी।

### कलश शोभायात्रा आज

देवली। शहर के एजेंसी एरिया स्थित डिबोक गार्डन में 20 फरवरी को दिवंगत नोरती देवी की स्मृति में भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। डिबोक परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2 बजे कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं मंगल कलश धारण कर शिरकत करेंगी। आयोजक व डिबोक ग्रुप के चैयरमेन मुकेश मनवीर सिंह महावर ने बताया कि शोभायात्रा के बाद शाम 4 बजे से महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है, किसी के साथ शाम 6:00 गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी धर्मप्रेमियों को आमंत्रित किया गया है। मुकेश मनवीर ने बताया कि इस कार्यक्रम में सैकड़ो लोग शामिल होंगे।

## बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई



सांभरझील के निकटवर्ती खतवाड़ी बस स्टेंड पर सवारियों से भरी एक बस अनियन्त्रित होने से स्कूल बस से भिड़त हो गई।

सांभरझील, (निसं)। निकटवर्ती खतवाड़ी बस स्टेंड पर सवारियों से भरी एक बस अनियन्त्रित हो गई। यहां एक दूसरी स्कूल बस बच्चों को ड्रॉप करने व लेने के लिए खड़ी थी जिससे भिड़ंत लगने से बस में बैठे 5 बच्चें भी चोटिल होना बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस उत्तरप्रदेश के सिकंदराबाद से मकराना शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए बाराती आ रहे थे।सड़क पर गड्ढे के कारण धंस गई तथा विधुत पोल से टकरा गई। रफ्तार तेज होने से पोल को तोड़ते हुए बस स्टेंड पर बना चबूतरे से टकराकर पीपल के पेड़ से जा भिड़ी गनीमत रही कि विधुत सप्लाई चालू नहीं थी। अन्यथा कोई बड़ी जन हानि हो सकती थी। इधर, सरपंच गिरधारी लाल सहित ग्रामीणों का कहना है कि यहां सार्वजानिक निर्माण विभाग की रोड पर संवेदक की लापरवाही से कुछ तकनीकी खामियां रख दी गई। आए दिन वाहन चालकों और राहगीरों को चोटिल होने का भय लगा रहता है। नया ब्रेकर बनाने व धंसी हुई रोड को पुनः मरम्मत की दरकार है। उक्त समस्या को लेकर जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी विभाग को इसे पूर्व लिखित शिकायत देकर कई बार ज्ञापन भी दिया जा चुका है लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई प्रभावी कारवाई नहीं होने से आक्रोशित आमजन में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने सड़क की कमियों को दूर कर गुणवत्ता पूर्वक बनाने कार्य करने का निवेदन किया है।

■ हादसे के बाद बस में बैठे 5 बच्चें भी चोटिल हो गये बस में उत्तरप्रदेश के सिकंदराबाद से मकराना शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए बाराती आ रहे थे।

## फिल्म डायरेक्टर विक्रम भट्ट को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली

■ जमानत के बावजूद जांच व न्यायिक प्रक्रिया जारी रहेगी। अदालत ने स्पष्ट किया कि जमानत का अर्थ आरोपों से मुक्ति नहीं है। अब निगाहें मध्यस्थता प्रक्रिया पर हैं, क्या भुगतान विवाद आपसी समझौते से सुलझ पाता है या मामला आगे ट्रायल की ओर बढ़ता है

उदयपुर,19 फरवरी(का.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म निर्देशक विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को करोड़ों की धोखाधड़ी मामले में नियमित जमानत दे दी। अदालत ने साथ ही विवाद को मध्यस्थता के जरिए सुलझाने की अपेक्षा जताई। श्वेतांबरी 13 फरवरी को मिली अंतरिम जमानत पर पहले ही जेल से बाहर आ चुकी हैं।

पीठ ने स्पष्ट किया कि मामला मूलतः व्यावसायिक लेन-देन से उपजा प्रतीत होता है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत,न्यायमूर्ति जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने राजस्थान हाईकोर्ट का वह आदेश भी रद्द कर दिया, जिसमें भट्ट दंपती को जमानत देने से इनकार किया गया था। इससे पहले श्वेतांबरी भट्ट को अंतरिम जमानत मिल चुकी थी। पीठ ने आदेश में कहा कि एफआईआर में भले ही धोखाधड़ी के तत्व दर्ज हों, लेकिन विवाद का मूल स्वरूप वाणिज्यिक है। ऐसे में पक्षकारों से अपेक्षा है कि वे सुप्रीम कोर्ट मध्यस्थता केंद्र के समक्ष उपस्थित होकर भुगतान विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान तलाशें। अदालत ने जमानत इसी उम्मीद के साथ दी कि दोनों पक्ष आपसी सहमति की दिशा में गंभीर प्रयास करेंगे।

जमानत के बावजूद जांच व न्यायिक प्रक्रिया जारी रहेगी। अदालत ने स्पष्ट किया कि जमानत का अर्थ आरोपों से मुक्ति नहीं है। अब निगाहें मध्यस्थता प्रक्रिया पर हैं, क्या भुगतान विवाद आपसी समझौते से सुलझ पाता है या मामला आगे ट्रायल की ओर बढ़ता है।

गौरतलब है कि विक्रम भट्ट और पत्नी श्वेतांबरी को इंदिरा आईवीएफ और इंदिरा एंटरटेनमेंट के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया के साथ हुई करोड़ों की धोखाधड़ी मामले में 7 दिसंबर 2025 को उदयपुर पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया था। पुलिस रिमांड पूरी होने पर 16 दिसंबर को इन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। विक्रम भट्ट तब से उदयपुर सेंट्रल जेल में बंद थे।

## सांभर में भक्ति मार्ग पर चलने का सरल मार्ग बनी ''प्रभात फेरी''


सांभर में सूर्योदय से पहले प्रभात फेरी कई वर्षों से अनवरत जारी है। प्रभात फेरी प्रमुख रास्तों व अनेक मौहल्लों से होकर निकलती है।

सांभरझील, (निसं)। सांभर में सूर्योदय से पहले प्रभात फेरी कई वर्षों से अनवरत जारी है। प्रभात फेरी यहां के प्रमुख रास्तों व अनेक मौहल्लों से होकर निकलती है।

प्रभात फेरी का लोगों में आध्यात्मिक चेतना जगाकर व सरल भाव में रहकर जीवन को अधिक ऊर्जावान बनाना, परमात्मा के प्रति समर्पण की भावना पैदा करना व सद्मार्ग पर चलकर आध्यात्मिक उन्नति प्रमुख उद्देश्य है। भक्तों की टोली ढोलक, हारमोनियम व मंजीरे बजाते हुए भक्ति रस पर आधारित जब भजनों की प्रस्तुति गाते हुए चलती है तो समूचा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। खास बात यह है कि भक्तों की टोली में अधिकांश युवा है जो नियमित रूप से अनेक मंदिरों में भी भजनों की प्रस्तुतियां पेश करते हैं।

## सुखड़िया विश्वविद्यालय में जियोयुथ का शुभांरम्भ

उदयपुर। 14वें अखिल भारतीय विद्यार्थी सिम्पोजियम जियोयुथ 2026 के उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रो. कैलाश सोढ़ानी सलाहकार, उच्चशिक्षा राज्यपाल, राजस्थान ने किया। अपने उधबोधन में विद्यार्थियों को आव्हान करते हुऐ कहा कि वे शोध कार्य को गहनता व तत्तपरता से ध्यानपूर्वक करने का प्रयास करे। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए डॉ. सोढ़ानी ने कहा की पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला में अधिक समय व्यतित करे व निरन्तर अध्ययन करने की क्षमता को विकसित करे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. सी.पी.जैन, अधिष्ठाता विश्वविद्यालय विज्ञान महाविद्यालय, सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर ने छात्रों के अध्ययन की बारीकियों एवं नवीनतम जानकारियों को समावेश करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि डॉ.पी.सी.औदिच्य सेवानिवृत प्रोफेसर एवं भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, भू-विज्ञान विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, ने विभाग के गौरवमय इतिहास पर प्रकाश डालते हुए जियोयुथ के सभी संस्करणों के बारे में संस्मरण साझा किये। कार्यक्रम के अन्य विशिष्ठ अतिथि प्रो. अनुपम भटनागर, विभागाध्यक्ष खनन अभियांत्रिक विभाग एवं पूर्व अधिष्ठाता सिटीएआई महाविद्यालय एमपीयूटी ने भू-विज्ञान एवं खनन के पारस्परिक सहयोग से खनिजों के अनवेषणों एवं नवीनतम तकनीकों को अपनाने के बारे में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। पृथ्वी संकाय की अध्यक्षा प्रो. सीमा जालान ने पृथ्वी संकाय के तीनों महत्वपूर्ण विभाग-भूगोल, पयार्वरण विज्ञान एवं भू-विज्ञान के मिले जुले अध्ययन से नये शोध क्षेत्रों पर कार्य करने के लिए आवाहन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में विभागाध्यक्ष डॉ. रितेश पुरोहित ने बताया कि इस जियोयुथ में लगभग 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे है।

## एक ही परिवार के पांच लोगों को कार ने मारी टक्कर

देवली। देवली उपखंड के दूनी थाना क्षेत्र के घांघोली कट के पास गुरुवार को एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने खुशियों भरे माहौल को मातम में बदल दिया। यहाँ हुई एक भीषण टक्कर में 12 वर्षीय बालक और उसके दादा की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य परिजन गंभीर रूप से घायल है।

दूनी थाने के सहायक उपनिरीक्षक बद्रीलाल यादव ने बताया कि बूंदी कोतवाली में कार्यरत कांस्टेबल हंसराज के पिता बन्नालाल गुर्जर निवासी बालापुरा, अपने बेटे के नए मकान के गृह प्रवेश कार्यक्रम से लौट रहे थे। हंसराज का यह मकान जयपुर रोड पर बनाया गया था।

वे बाइक पर अपनी बहन हंगामी देवी और पौत्र अमन व पौत्री रिया के साथ देवली से निवारिया की ओर जा रहे थे, तभी निवारिया कट के समीप एक बेकाबू कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।

## खोया पाया

मैं सुरेश कुमार गरेड़ पुत्र जगदीश प्रसाद गरेड़ रेलवे स्टेशन के पास खादी बाग गरेड़ो की ढाणी चौमूं का रहने वाला हूँ मेरा गणपति सिटी रेनवाल रोड चौमूं पर एक प्लाट नं 34 का पट्टा जो कि ओम शिव गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर पंजीकरण संख्या 2757/L है और एक आईसीआईसीआई बैंक शाखा चौमूं का चेक नंबर 014465 चेक जो गोविन्दगढ से लेकर चौमूं तहसील जिला जयपुर के बीच दिनांक 16/02/2026 को गिर गये है। हमनें खुब तलाश किया लेकन नहीं मिले। जिस किसी को भी मिले तो कृपया सूचित करें 9950632668

मेरे भूखण्ड संख्या-1179 रोहिणी नगर -3 योजना का मूल आवंटन पत्र कही गुम हो गए है मिलने पर सम्पर्क करें दिव्यांशु गोयल, फोन नंबर - 9413902608

मेरे भूखण्ड संख्या- H-266 अभिनव विहार विस्तार योजना का मूल आवंटन पत्र कब्जा पत्र कही गुम हो गए है मिलने पर सम्पर्क करें दिलीप शर्मा, फोन नंबर - 7665538877

मेरे भूखण्ड संख्या- A-16 अभिनव विहार योजना का मूल आवंटन पत्र कही गुम हो गए है मिलने पर सम्पर्क करें राजकुमार दौलतानी, फोन नंबर - 8690273216

मेरी IV सेमेस्टर B.tech की मार्कशीट इनरोलमेंट नं. EODE/116/175 नीयर रेलस्टेशन जयपुर पर खो गए है। मिलने पर सूचित करें:- नीरज परमार- 8007053988

मेरे मकान सं. 194/406, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल अदेय प्रमाण पत्र भौतिक कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें-8005805701


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


**जयपुर विकास प्राधिकरण** रामकिशोर व्यास भवन, इंदिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302004
क्रमांक:F-JDA/Zone 22/2026/D-46 **आम सूचना**
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 280294 दिनांक 02.02.2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| आवेदक का नाम | मूल आवंटी /लीज धारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी /जविप्रा का नाम | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Lokesh Mishra S/O Shambhu Dayal Sharma | श्रीमती आशा शर्मा पत्नी श्री शम्भु दयाल शर्मा | 60 | 200.00 SQ Meter | JDA | Pitambra Yojna Sector /Block -G | Name Transfer | जविप्रा की आवासीय योजना पीताम्बरा के भूखंड सं जी 60 |

क्षेत्रफल 200 व.मी. की लीजडीड श्रीमती आशा शर्मा पत्नी श्री शम्भुदयाल शर्मा दिनांक 01.10.2015 को जारी की गई। श्रीमती आशा शर्मा पत्नी श्री शम्भुदयाल शर्मा द्वारा दिनांक 01.06.2023 को रजिस्ट्रर्ड विल के माध्यम से उक्त भूखंड का स्वामित्व उनकी मृत्यु पश्चात् उनके पुत्र श्री लोकेश शर्मा पुत्र श्री शंभु दयाल शर्मा को प्रदान करने हेतु अपनी सहमति दी है। श्रीमती आशा शर्मा पत्नी श्री शंभुदयाल शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 25.10.2025 को होने के पश्चात् उनके पुत्र / आवेदनकर्ता श्री लोकेश पुत्र श्री शम्भुदयाल शर्मा उक्त भूखंड की जारी लीजडीड में नाम स्थानांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

**कार्यालय उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन नगर निगम हैरिटेज जयपुर**
(चौगान स्टेडियम के पास, गणगौरी बाजार, जयपुर)
Email ID: dchmw.jmc@gmail.com
Phone No. 0141-2329953
क्रमांक-F51()Dept.Comm./H.M.A.Z.@2025/1978
**सार्वजनिक सूचना** दिनांक-28/1/26
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश कुमार शर्मा, कमल कुमार शर्मा एवं मुकेश शर्मा पुत्रान स्व.श्री गंगाराम शर्मा निवासी-भूखण्ड संख्या 01, नगर परिषद कॉलोनी, कंवर नगर, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या 01, नगर परिषद कॉलोनी, कंवर नगर, जयपुर का योजना के तहत पट्टा चाहने हेतु आवेदन किया गया है। जिसमें आवेदक द्वारा आवेदन-पत्र, शपथ-पत्र, नक्शे की प्रति एवं अन्य स्वामित्व संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए गए है। अतः उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति/सरकारी/गैर सरकारी संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में सूचित करें। मियाद गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
उपायुक्त, हवामहल-आमेर जोन, नगर निगम हैरिटेज जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री विनोद भारती जैन पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार, श्री अर्पण जैन पुत्र श्री विनोद भारती जैन, श्रीमती निधी जैन पत्नी स्व. श्री अक्षत जैन पुत्र श्री विनोद भारती जैन के संयुक्त स्वामित्व व अधिकार की सम्पति प्लाट नं. जेड-1ए, योजना सन सिटी फेज-II विस्तार-I ग्राम नींदड, सीकर रोड, जयपुर राजस्थान मे स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 1376.54 वर्गमीटर है को आवासीय तामीरात का निर्माण कराने हेतु एच. डी.एफ.सी. बैंक लि. से ऋण प्राप्त कर मेरे अभिभाष्यगण उक्त सम्पति को एच. डी.एफ.सी. बैंक लि. (ऋण खाता नं.704749486) मे बंधक रखना चाहते है तथा यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को उक्त सम्पत्ति के बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।
जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट
दिनांक:-20.02.2026 मो.नं. 9829256466
डांगरथल हाऊस, नाना जी का बाग, मोती डूंगरी रोड, फतेह टीबा मार्ग, जयपुर-302004

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक: 10208 जाहिर आम-सूचना दिनांक:06.02.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 63/21 (MIG-A), (एरिया 90.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री भोजराज शर्मा पुत्र स्व. पं. किशन लाल जी श्रीमाली को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2446 दिनांक 18.03.2000 को जारी किया गया। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 13.04.2000 को प्राप्त कर लिया। श्री भोजराज शर्मा की मृत्यु दिनांक 02.11.2020 को हो जाने के कारण घोषणा पत्र एवं राशन कार्ड के आधार पर इनकी पत्नी श्रीमती विनोद देवी पत्नी श्री भोजराज शर्मा द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती विनोद देवी पत्नी श्री भोजराज शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या रफीका पत्नी स्वर्गीय श्री गुल्लू कुरैशी, निवासी-सी-424, शहीद इन्द्रा ज्योति नगर, भट्टा बस्ती, जयपुर का पुत्र मोहसिन कुरैशी, आयु-व्यस्क एवं पुत्रवधु सबा उनके कहने में नही है तथा मेरी अभिभाष्या का कहना नही मानते है तथा अपनी मनमानी करते है जिससे मेरी अभिभाष्या का समाज व बिरादरी में इज्जत खराब हो रही है तथा मेरी अभिभाष्या को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देते है जिस कारण मेरी अभिभाष्या ने अपने पुत्र मोहसिन कुरैशी एवं पुत्रवधु सबा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का कोई लेन देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहें।
जयपुर (अख्तर नईम) एडवोकेट
दिनांक मो.-9829571847

**प्रपत्र संख्या 7**
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1515
चूंकि प्रार्थी श्री Rajesh upadhya Managing trustee, 545/6 raja park jawahar nagar jaipur rajasthan 302004 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास ट्रस्ट फॉर एजुकेशन आर्ट एंड मोटिवेशन टीम C/o Sudhanshu mohan jain A 70a urmila margh jaipur Hanuman nagar vaishali rajasthan 302021 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 18.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 24.04.2026
मोहर अदालत सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7**
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1503
चूंकि प्रार्थी श्री Ghanshyam gour, Ward no. 14 rupa devi school ke pass bigga bass shri dungargarh bikaner ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास सीसोमू एजुकेशन सोसाइटी जयपुर 406 City pulse Narayan singh circle Tonk Road Jaipur के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 18.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 23.04.2026
मोहर अदालत सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:10408 जाहिर आम-सूचना दिनांक:19.02.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 264/244-A (EWS), (एरिया 50.625 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती रामप्यारी देवी पत्नी श्री अमर सिंह रावत को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 8370 दिनांक 04.12.2005 को जारी किया गया। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 31.12.2005 को प्राप्त कर लिया गया। श्रीमती रामप्यारी देवी की मृत्यु दिनांक 05.08.2024 को हो जाने के कारण शपथ पत्र एवं घोषणा पत्र के आधार पर इनके पति श्री अमर सिंह पुत्र श्री जगदेव सिंह रावत द्वारा उक्त आवास स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री अमर सिंह पुत्र श्री जगदेव सिंह रावत का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

## नाम परिवर्तन

मैं, एक्स हॉनरी सूबेदार मेजर (DH) गुरु दयाल, निवासी ढाणी लुहारा वाली, नानू वाली बावड़ी, खेतड़ी, जिला झुंझुनूं (राज.) - 333503, यह घोषित करता हूँ कि मेरे सेना अभिलेखों में मेरे पिता का नाम एवं जन्मतिथि गलत दर्ज है। वहाँ नाम माली राम तथा जन्मतिथि 02.12.1944 अंकित है। मेरे पिता का सही नाम माली राम गुर्जर तथा सही जन्मतिथि 12.02.1946 है।

मैंने मेरा नाम सरोज शर्मा से बदलकर सरोज जोशी रख लिया है भविष्य में मुझे सरोज जोशी पत्नि श्री सत्यनारायण जोशी के नाम से जाना जाये। पता- 24, मॉं वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राजस्थान)

I Rajbala tanwar legally wedded spouse of service GS 174699N dashrath singh resident of 103 yagh dutt niwaru road jhotwara road jaipur that I want to change my name from RAJBALA TANWAR To RAJBALA DEVI vide affidavit dated 18 feb 2026 before district sub majistrate jaipur City South

I Ravina is legally daughter of service GS 174699N Rank SS dashrath singh resident of 103 yagh dutt niwaru road jhotwara jaipur that I want to change my name from RAVINA To RAVINA CHAUHAN vide affidavit dated 18 feb 2026 before district sub majistrate jaipur city south

I Nattha Prasad dependent of no.17015605X Rank NK Arun Kumar resident of village-Rudauli, Post- Peeparganw Newada, Teh.- Sandila, Dist.-Hardoi, Uttar Pradesh have changed my Name from Nattha Prasad to Nattha Ram vide affidavit dated 18 September 2025 Chirawa.

I Mogal Asifa Begum spouse of no. JC-781082X rank NB Sub M Anwar Baig resident of village Shakti Nagar, Post- LB Nagar, Teh.- Saroor nagar, dist.- Ranga Reddy, Telangana have changed my Name from Mogal Asifa Begum to Syed Asifa vide affidavit dated 27 November 2025 Chirawa.

I have changed my name Kum. Mona Kumari Jain to Mona Jain for all future and legal purpose. Address. 13/46, Swarn Path, Mansarovar, Jaipur

I have changed my name from Yunus Umarsha Shahmadar to yunus Shahmadar S/o Umar Bhai Resident of C-222, Rana Heritage Appartment, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur. For all purpose.

**न्यायालय सिविल न्यायाधीश एंव न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमाधोपुर (सीकर)**
क्रमांक-58 दिनांक-18/2/26
**नोटिस सर्व साधारण के सूचनार्थ**
विषय-गुडडीकंवर आदि बनाम् राजस्थान सरकार आदि
दावा
मुकदमा नम्बर 24/2026
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाश सिंह पुत्र मूलसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम कोटड़ी सिमारला तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान जो वादीगण के पति/पिता है जो वर्ष 2008 से लापता है जिसको काफी तलाशने पर भी नहीं मिला है जिस पर 1. गुड्डी कंवर पत्नी प्रकाश सिंह 2. मुकेश सिंह पुत्र प्रभात 3. दीपेन्द्रसिंह पुत्र प्रकाश सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम कोटड़ी सिमारला तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने इनकी सिविल मृत्यु घोषित करने हेतु वाद घोषणात्मक इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। इसमें किसी भी प्रकार का एतराज हो तो दिनांक 20/04/26 को अदालत में हाजिर होकर अपना प्रार्थना पत्र पेश करें।
आज दिनांक 17/02/26 को बसब्त मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।
मोहर अदालत सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमाधोपुर (सीकर)

**आम सूचना/जन्मतिथि संशोधन**
मैं रेखा बेनीवाल पत्नी स्वर्गीय श्री सतवीर सिंह बेनीवाल निवासी जाट की सराय, हिंडौन सिटी जिला करौली राजस्थान सशपथ घोषणा करती हूं कि मेरे पति जिनका आर्मी नंबर 146572 28 H है जिनका स्वर्गवास हो चुका है। उनके आर्मी रिकॉर्ड में मेरी जन्म तिथि 15/10/1985 दर्ज हो गई है जो गलत है, जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में सही जन्मतिथि 20-10-1983 दर्ज है। अब मैं अपने पति के आर्मी रिकॉर्ड में मेरी सही जन्म तिथि 20/10/1983 दर्ज करवाना चाहती हूं। भविष्य में मेरी सही जन्मतिथि 20/10/1983 ही जानी जावे। सूचित रहे।

**कार्यालय श्रीदेवनारायण मंदिर ट्रस्ट जोधपुरिया**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीदेवनारायण मंदिर ट्रस्ट जोधपुरिया द्वारा अतिरिक्त अनाज घी खुली बोली द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है जिसमें सभी बोलीदाता दि. 22/2/2026 समय 11 बजे स्थान मंदिर परिसर जोधपुरिया पर निविदा आमंत्रित है। नियम व शर्तें ट्रस्ट कार्यालय में अवलोकनार्थ उपलब्ध है।
महामंत्री

**प्रपत्र संख्या 7**
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1516
चूंकि प्रार्थी श्री Kamal kishore somani, B 68 kailash margh subhsh nagar shastri nagar jaipur rajasthan 302016 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास दी एजुकेशन कमेटी ऑफ दी माहेश्वरी समाज समिति सोसाइटी जयपुर 3rd floor MPS international bhabha margh tilak nagar Jaipur 302004 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 18.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 23.04.2026
मोहर अदालत सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र सं. आईएनसी-25ए
**पब्लिक कम्पनी को प्राईवेट कम्पनी में परिवर्तित करने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किये जाने वाला विज्ञापन क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र के समक्ष**
कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 14 तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 41 के मामले में
तथा
प्रकाश दीप फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड
28, लोअर शॉपिंग, पार्ट-ए, गणपति प्लाजा, एम.आई रोड, जयपुर, राजस्थान - 302001
एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कम्पनी उपरोक्त नियमावली के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अन्तर्गत केन्द्र सरकार के पास एक आवेदन करने के लिये इच्छुक है तथा ऐसे परिवर्तन को प्रभावी करने के लिये कम्पनी को सक्षम बनाने के लिए 9 फरवरी 2026 को आयोजित असाधारण आम सभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कम्पनी को एक प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में परिवर्तित करने के लिए इच्छुक है।
कोई भी व्यक्ति जिसका कम्पनी के प्रस्तावित परिवर्तन/स्थिति से कोई भी हित प्रभावित होने की संभावना हो तो वह अपने हित की प्रकृति और विरोध के आधार को बताते हुए एक शपथ पत्र के साथ अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकता है या पंजीकृत डाक द्वारा क्षेत्रिय निदेशक, आरओसी भवन, रूपल पार्क सोसायटी के सामने, अंकुर बस स्टेड के पीछे, नारणपुरा, अहमदाबाद 380013, गुजरात के पास इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 14 दिनों के भीतर भेज सकता है और इसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी के उपरोक्त वर्णित पंजीकृत कार्यालय में भी भेजी जानी चाहिये।
कृते एवं के लिये
प्रकाश दीप फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड
प्रकाश चन्द शर्मा
दिनांक 19.02.2026 प्रबन्ध निदेशक
स्थान: जयपुर डीआईएन: 00183185

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम**
**राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-10130 दिनांक-04/02/2026
**जाहिर आम-सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना मे आवास/फ्लैट संख्या 85/413 (LIG) का आवंटन श्री छेटू राम सैनी पुत्र श्री लादूराम सैनी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 843 दिनांक 19.11.1993 को जारी किया गया था। इनके पक्ष मे पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 16.05.2012 को कर दिया गया। श्री छेटू राम सैनी द्वारा श्री सुनील मदनानी पुत्र श्री परसराम मदनानी को दिनांक 16.05.2012 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री सुनील मदनानी द्वारा मुख्त्यारआम की हैसियत से उक्त आवास का विक्रय पत्र श्री रमेश चन्द शर्मा पुत्र श्री रामस्वरूप शर्मा को दिनांक 19.10.2012 विक्रय पत्र उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम जयपुर में पंजीकृत करवाया गया गया। क्रेता श्री रमेश चन्द शर्मा पुत्र श्री रामस्वरूप शर्मा द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कराने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बावत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री रमेश चन्द शर्मा पुत्र श्री रामस्वरूप शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, (अनाज), चौमूं (जयपुर)**
क्रमांक-488-98 **नीलामी बोली सूचना** दिनांक: 18.2.2026
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मंडी समिति के मुख्य मंडी प्रागंण (अनाज) चौमूं में जलपान व्यवस्था करवाने हेतु जलपान ठेला स्थान संख्या-4 को आगामी एक वर्ष की अवधि के लिये ठेके में देने हेतु दिनांक 25.02.2026 को दोपहर 1.00 बजे नीलामी बोली आयोजित की जावेगी। इच्छुक फर्म/व्यक्ति दिनांक 25.02.2026 को प्रातः 11.30 बजे तक बोली प्रपत्र अपेक्षित पूर्तियां कर कार्यालय में 20,000 रु0 बतौर धरोहर राशि सहित जमा करवा सकते है। नीलामी की अन्य जानकारी एवं शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर तथा बोली प्रपत्र में और बेवसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in व विभागीय पोर्टल agriculture.rajasthan.gov.in/mandi/ पर अवलोकन की जा सकती है।
प्रशासक सचिव

**क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेन्ट एक्ट, 2010**
प्ररूप 4 (नियम 6 देखिए)
**सूचना**
**आक्षेप फाईल करने के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रास्थिति का संप्रदर्शन**
मैं...डॉ. अनिल कुमार जैमिनी संयोजक, जि. रजि.प्रा. (क्लि. ऐस्टे. एक्ट, 2010) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर... नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010 के अधीन प्राधिकारी होते हुए धारा 24 के अधीन दिनांक 20/01/2026. से दिनांक 17/02/2026. तक की कालावधि के दौरान प्राप्त आवेदन पर विचार करने के पश्चात नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) नियम, 2013 के उपलब्धो के समाधान के लिए... सवाई माधोपुर.... जिले की अधिकारिता के भीतर नैदानिक स्थापन एलौपैथी प्रणाली में बेसिक कम्पोजिट श्रेणी की प्रयोगशाला (लैब) की सूची इसके द्वारा प्रकाशित करता हूं :-

| क्र. सं. | नैदानिक स्थापन का नाम एवं पता | स्वामित्व / प्रभारी का नाम | औषधि की पद्धित | उपलब्ध सेवाओं का प्रकार एवं प्रकृति | चिकित्सा कार्य करने वाले का विवरण (चिकित्सक, नर्स इत्यादि) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्या डाईग्नोस्टिक सेन्टर, 19 एम.पी. कॉलोनी, सवाई माधोपुर जिला सवाई माधोपुर पिन-322001 | स्वामित्व :- श्रीमति विद्या शर्मा पत्नी डॉ0 रमाकान्त शर्मा (स्वामिनी) एवं प्रभारी डॉ. रमाकान्त शर्मा पुत्र श्री जगन्नाथ आचार्य (एमबीबीएस, आरएमसी नं.8934) | एलौपैथी | लैबोरेट्री ( हैमोटोलॉजी, बायोकैमेस्ट्री एवं माईक्रोबॉयोलॉजी) एवं एक्सरे | 1. डॉ. रमाकान्त शर्मा पुत्र श्री जगन्नाथ आचार्य (एमबीबीएस, आरएमसी नं. 8934) वैधता अवधि दिनांक 16.06.1982 से दिनांक 15.06.2032 2. धीरज सैनी पुत्र रमेश चंद सैनी (मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजी) आरपीएमसी जयपुर रजि. नं. 9089 वैधता अवधि दिनांक 19.05.2023 से 18.05.2028 |

उपर्युक्त सूची के संबंध में आक्षेप, यदि कोई हो, अधिनियम की धारा 26 के अधीन यथा-आक्षेपित इस सूचना की तारीख से 30 दिन के भीतर भाग 4 (ग) राजस्थान राज-पत्र, जून 6, 2013 27 (13) लिखित में दो प्रतियों में. (प्राधिकारी का पता)... कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर. पिन -322021....को सम्बोधित किये जा सकेगें।
(डॉ. अनिल कुमार जैमिनी) संयोजक,
जि. रजि.प्रा. (क्लि. ऐस्टे. एक्ट, 2010)
एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
सवाई माधोपुर

राजस्थान सरकार
**कार्यालय सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, करौली**
**प्रेम विज्ञप्ति**

| क्र.स. | नाम शिशु | उम्र | लिंग | शिशु प्राप्ति स्थल | प्रवेश का माध्यम | शिशु का फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिवानी (रखा गया नाम) | लगभग 3-4 दिन | F | राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह, वीणा मैमोरियल डिग्री कॉलेज के पास, करौली स्थित पालना गृह | बाल कल्याण समिति, करौली |  |

**नोटः**- उक्त शिशु का पुनर्वास/दत्तक ग्रहण किय जाना है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 30 दिवस के अंदर कार्यालय अधीक्षक राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेन्सी, वीणा मैमोरियल डिग्री कॉलेज के पास करौली में आकर आपत्ति प्रस्तुत करावें।
दूरभाष नम्बर :- 07464-294625 (9982402482, 9636038008) ई-मेल आईडी adicps-karauli@gov.in
सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग करौली

## संक्षिप्त

### बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

**भरतपुर ।** मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय बैठक में भरतपुर संभाग के सभी जिलों से भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें भरतपुर जिले से भी भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में अनेकों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मुख्यमंत्री निवास पर होने वाली बैठक में विकसित भारत और विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने वाले बजट में की जाने वाली प्रमुख घोषणाओं पर चर्चा की तथा राजस्थान के विकास को लेकर की गई घोषणाओं पर भी अमल किया गया एवं जिले में चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में मुख्मंत्री भजनलाल शर्मा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा किये जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों का प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को लाभ मिलना चाहिए। बैठक को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे सिंधिया, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, वित्त आयोग अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एवं अशोक परनामी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड और ओंकार सिंह लखावत ने भी संबोधित किया। जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी ने बताया कि मुख्यमंत्री निवास पर होने वाली संभाग स्तरीय बैठक में भरतपुर जिले से गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, डॉ. शैलेष सिंह एवं नौक्षम चौधरी, पूर्व विधायक रामस्वरूप कोली, जिला महामंत्री भगवान दास शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

### 'रमजान रहमत और बरकत का महीना हैं'

**मनोहरपूर ।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव दिगराज सिंह शाहपुरा ने रमजान उल मुबारक महीने का चांद दिखने पर मुस्लिम समुदाय के लोगों को रमजान के महीने की मुबारकबाद दी है ! सिंह ने कहा कि इस पवित्र महीने में आप सभी को शांति, खुशी और बरकत मिले। सिंह ने कहा कि रमजान रहमत और बरकत का महीना हैं उल्लेखनीय हैं कि रमजान के दौरान विभिन्न शहरों में विशेष आयोजन किए जाएंगे, जैसे कि नमाज, तरावीह, आदि कार्यक्रम। रमजान का महीना मुसलमानों के लिए एक पवित्र महीना है, जिसमें वे अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और अपने जीवन को सुधारने का संकल्प लेते हैं। रमजान के दौरान विभिन्न प्रकार के विशेष व्यंजन बनाए जाते हैं, जैसे कि सेंवया, हलीम, बिरयानी, और फल। रमजान के दौरान विभिन्न प्रकार के दान और सेवा के कार्य किए जाते हैं, जैसे कि गरीबों को खाना खिलाना और जरूरतमंदों की मदद करना।

### रग्बी फूटबाल ट्रायल्स 22 से

**निवाई।** रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में 22 फरवरी को डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय परिसर में सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल ट्रायल्स का आयोजन किया जाएगा। जिला चयनकर्ता रमेश जाट ने बताया कि इस ट्रायल के माध्यम से जिले के सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रायल्स में जिले की किसी भी स्कूल, कॉलेज व क्लब से जुड़े खिलाड़ी जो इस खेल में रुचि रखते हैं और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहते हैं, वह इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रायल में भाग लेने के लिए 21 फरवरी तक आवेदन जमा करवाना होगा।

# विभागीय जांच में हुई त्रुटी के बाद खाद्य-सुरक्षा अधिकारी एपीओ, साथ ही दो कॉन्स्टेबल सस्पेंड

- मौके से करीब 5500 लीटर मिलावटी दूध, 5 पिकअप और दूध का एक टैंकर सहित भारी मात्रा में केमिकल जब्त किया

**टोंक।** जिले के डिग्गी कस्बे में नकली दूध बनाने की फैक्ट्री पकडे जाने के मामले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी और दो कॉन्स्टेबल को मंगलवार को कार्यवाही कर एपीओं किया गया है। कार्यवीही के दौरान डिग्गी में पकडी गई नकली दूध फैक्ट्री से जुडी भूमिका और लापरवाही की जाने के मामले में डीएसटी और डिग्गी थाना पुलिस ने मिलावटी दूध बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। मौके से करीब 5500 लीटर मिलावटी दूध, 5 पिकअप और दूध का एक टैंकर सहित भारी मात्रा में केमिकल जब्त किया है। इस दौरान पुलिस की जिला स्पेशल टीम ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुर्जर को भी मौके पर बुलाया गया था। विभागीय जानकारी के अनुसार फूड सेफ्टी ऑफिसर मदन लाल गुर्जर ने फैक्ट्री पर डीएसटी की कार्रवाई से करीब 10-11 दिन पहले दूध के 3-4 सैंपल लिए थे। जांच प्रक्रिया के तहत हर महीने सैंपल लेकर लैब में परीक्षण कराया जाता है। बताया जा रहा है कि अंतिम सैंपल की रिपोर्ट में दूध को मानक के अनुरूप सही बताया गया था, हालांकि स्थानीय स्तर पर यह आरोप भी सामने आए हैं कि पहले भी कई बार सैंपल लेने के बावजूद मिलावटी दूध को शुद्ध बताकर पास किया गया। इसी बीच जब डीएसटी ने छापेमारी की तो मौके से बड़ी मात्रा में नकली दूध, सोयाबीन ऑयल, वनस्पति घी, दूध पाउडर और केमिकल बरामद हुए। इससे सैंपल रिपोर्ट और जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े हो गए। कार्रवाई को उच्च अधिकारियों ने गंभीरता से लिया। बताया जाता है कि छापे की रात करीब 2 बजे डीएसटी टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुर्जर को मौके पर बुलाया और पूरी स्थिति से अवगत कराया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए 11 फरवरी को जयपुर मुख्यालय ने मदन लाल गुर्जर को एपीओं कर दिया, लेकिन मिलावटी दूध को सही बताने के प्रकरण को ही इस कार्रवाई की मुख्य वजह माना जा रहा है।



डिग्गी कस्बे में नकली दूध बनाने की फैक्ट्री पकडे जाने के मामले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी और दो कॉन्स्टेबल को कार्यवाही कर एपीओं किया गया है।

### प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित

**भरतपुर (निस)।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भरतपुर के स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम के तहत शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी के नेतृत्व में महाराजा सूरजमल का जन्म दिवस व भरतपुर स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें किला स्थित किशोरी महल प्रांगण में स्थित वीर योद्धा अजेय सम्राट महाराजा सूरजमल की प्रतिमा पर पुष्पहार पहनाकर व पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डॉ. दयाचंद पचौरी ने कहा कि वीर योद्धा महाराजा सूरजमल ने अपने शासनकाल में जितने भी युद्ध लडे उन सभी में विजय प्राप्त की तथा कमजोर राजाओं को शरण भी दी। कार्यक्रम में शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी, महासचिव इं. जीवनलाल शर्मा, प्रदेश पर्यावरण सचिव प्रेम सिंह प्रजापति, रमेश पाठक, मण्डल अध्यक्ष गजराज सिंह, मनोज शर्मा, प्रकाशचंद मैथिल, अमित गोरावर, संजय चंदेला, चन्द्रकांत शर्मा, अशोक लवानियां, आदि उपस्थित थे।

# हथियार 25 तक जमा कराएं वैध आर्म्स लाइसेंसधारी


**टोंक।** नगरपालिका एवं पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव, 2026 के शांति पूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं मतदान बिना किसी आतंक व भय के अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर सके इसलिए टोंक जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र के शस्त्र धारकों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान के निर्देशानुसार स्क्रीनिंग समिति की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी टोंक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना एवं उप विधि परामर्शी कलेक्ट्रेट भी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट कल्पना अग्रवाल ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान के निर्देशानुसार एवं आर्म्स एक्ट 1959 के तहत टोंक जिले के सम्पूर्ण राजस्व सीमा में अधिवासित एवं विद्यमान समस्त शस्त्र धारक चाहे उसका शस्त्र अनुज्ञापत्र इस जिला क्षेत्र के किसी भी प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो अथवा राज्य के अन्य जिलों अथवा देश के किसी भी क्षेत्र संबंधित प्राधिकारी से अनुज्ञापत्र जारी किया हो ऐसे सभी अनुज्ञापत्र धारी अपने-अपने शस्त्र 25 फरवरी तक निकटतम पुलिस स्टेशन के भारसाधक अधिकारी को जमा करावें। जमा शस्त्र पुलिस स्टेशन के भारसाधक अधिकारी से चुनाव परिणाम जारी होने के एक सप्ताह के बाद पुनः प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित थानाधिकारी अनुज्ञापत्र धारियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों का इन्द्राज कर तत्काल पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति को प्रस्तुत करेंगें। जिला स्तरीय रक्रीनिंग समिति अनुज्ञापत्रधारियों के प्रार्थना पत्र पर गुणावगुण के आधार पर विवेचन कर निर्णय पारित कर आदेश जारी करेगी।

यह निर्देश बैंक सुरक्षाकर्मियों, सीमा सुरक्षा बल, अर्द्धसैनिक बल, सैनिक बल, सशस्त्र पुलिस, सिविल डिफेन्स, होमगार्ड्स एवं उन राज्यों एवं केन्द्रीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। जो कानून व्यवस्था के संबंध में ड्यूटी देने के लिए अपने पास हथियार रखने को अधिकृत किये गये हो। निर्देशों की पालना जिस अनुज्ञापत्र धारक द्वारा नहीं किया जाना पाया गया तो उसके विरूद्ध आर्म्स एक्ट 1959 के तहत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी एवं दायित्व संबंधित शस्त्र अनुज्ञापत्रधारक की होगी।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**शाहपुरा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष भंवर लाल बुगालिया एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने राजस्थान पब्लिक स्कूल घासीपुरा में विधिक जागरूकता का शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ममता शर्मा द्वारा अध्यक्षता की गई। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने महिलाओं पर यौन हिस्सात्मक अटैक, महिलाओं पर उत्पीड़न, वाणिज्यिक तस्करी शोषण के बचाव की विधिक जागरूकता की जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ममता शर्मा ने बताया कि परीक्षा में पास होना ही पर्याप्त नहीं होता है। हमें जब जब भी अलग अलग विषयों पर पूछा जाये, तब उसी समय पुस्तक को बिना देखे बताओगे, तभी आप परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकोगे।

# बारिश व तेज हवाओं से फसलों में नुकसान



दो दिनों से बे मौसम हुई बारिश से कई जगहों पर फसलों को नुकसान हो गया।

- सरसों की फसल पूरी तरह से तैयार हो गई थी और कटाई चल रही थी। बारिश से कटी हुई सरसों की फसल पूरी तरह से गल जाएगी और उसमें बदबू आना शुरू हो जाएगा

**निवाई।** क्षेत्र में गत दो दिनों से बे मौसम हुई बारिश एवं तेज हवाओं ने किसानो की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह पलेई ने बताया कि दो दिनों बे मौसम हुई बारिश एवं तेज हवाओं ने किसानो की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने बताया कि सरसों की फसल पूरी तरह से तैयार हो गई थी और कटाई चल रही थी। बारिश से कटी हुई सरसों की फसल पूरी तरह से गल जाएगी और उसमें बदबू आना शुरू हो जाएगा। खडी फसले भी बारिश की वजह से देरी से कटेगी और खेतों में जो चारा था जिससे पशुओं का पेटभर जाता था।

बारिश से वह भी खराब हो गया है। जिससे किसानों को पशुओं के चारे की समस्या का भी सामना करना पड़ेगा। गेहूं की फसल भी हवाओं के कारण जमीन पर लौट गई है। जिससे गेहूं की पैदावार कम होगी और चारे में भी नुकसान रहेगा। खरीफ की फसल भी अतिवृष्टि के कारण बर्बाद हो गई थी। जिसका मुआवजा अभी तक नहीं मिला है। इस फसल पर किसानों को उम्मीद थी। उसमें भी नुकसान हो गया है।

# 'नर सेवा को नारायण सेवा मानकर जन सेवा करनी चाहिए'

- एक मेगा चिकित्सा शिविर में 380 मरीजों की निशुल्क जांच की व सुनने की मशीन वितरित की
- 80 लोगों को आंखों की दवाइयां वितरण की गई एवं 11 लोगों का ऑपरेशन करने के लिए चिन्हित किया

**मनोहरपूर ।** जगदीश मीणा प्रदेश सचिव राजस्थान कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कहा कि नर सेवा को नारायण सेवा मानकर चंद्र भगवान जन कल्याण संस्थान के कार्यकर्ताओं द्वारा होटल चंद्र महल बस स्टैंड पावटा पर एक मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रभाती देवी स्वर्गीय नाथूराम मीणा एवं भगवान सहाय मीणा की पुण्य स्मृति में पत्रकार जगदीश सेन समाजसेवी सुरेश शर्मा बंसी गुर्जर हेमराज कुमावत वेद प्रकाश बाकोलिया के सानिध्य में आयोजित हुआ । कार्यक्रम का उद्घाटन संत शिरोमणि गोपाल आश्रम के महामंडलेश्वर ज्ञान दास जी महाराज के कर कमलो द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में जैन अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा 380 मरीजों को निशुल्क जांच एवं निशुल्क दवाइयां वितरण की गई पांच लोगों को सुनने की मशीन वितरण की गई ।

इस कार्यक्रम में बीडीएम अस्पताल एवं पावटा चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा 80 लोगों को आंखों की दवाइयां वितरण की गई एवं 11 लोगों का ऑपरेशन करने के लिए चिन्हित किया गया फिजिशियन चिकित्सक द्वारा 113 लोगों को जांच एवं दवा दी गई कार्यक्रम में 21 बुजुर्ग जोड़ों को साल एवं राजस्थानी साफा भेंट करके सम्मानित किया गया एवं माता-पिता पूजन भी किया गया कार्यक्रम का संचालन जगदीश प्रसाद सेन ने किया धन्यवाद भाषण सुरेश शर्मा बागावास ने किया कार्यक्रम में कांग्रेस के सीनियर नेता रामनिवास यादव सामाजिक कार्यकर्ता दीपक शर्मा गुमानजी मीणा आदिवासी जिला कांठोस के अध्यक्ष जगदीश मीणा मास्टर पंचायत समिति सदस्य वेद प्रकाश बाकोलिया समाजसेवी बंसी गुर्जर गोवर्धन कुमावत भोमाराम यादव शंकर जांगिड ओम प्रकाश शर्मा कैलाश स्वामी सहित हजारों लोग कार्यक्रम में शामिल हुए इस मौके पर बोलते हुए जगदीश मीणा ने कहा कि मैं आजीवन जन सेवा का कार्य करते हुए संतो बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त करता रहूंगा।

## सार-समाचार

### 13 जोड़े एकसूत्र में बंधे



**बौंली- बामनवास ।** भारत विकास परिषद शाखा बौंली प्रांत जयपुर पूर्व द्वारा आयोजित प्रथम सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन बौंली नगर के जगत शिरोमणि की सेवा संस्थान में 13 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया । सर्वजातीय विवाह सम्मेलन में मित्रपुरा योग आश्रम के राष्ट्रीय संत श्री रामचंद्र जी महाराज, हरभांवता आश्रम के बालकानंद जी महाराज, चरणक्या देह के देवानंद जी गिरी महाराज के सानिध्य में आचार्य हेमराज दीक्षित के नेतृत्व में पंडितों द्वारा 13 वर, वधुओं का पणिठाहण संस्कार कराया गया । इस सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में दूल्हों का नगर में निकासी, भ्रमण उसके बाद तोरण रश्म एवं भोजन के बाद पणिठाहण संस्कार कराया गया । कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रीय संत श्री रामचंद्र जी महाराज ने नव विवाहित वर, वधुओं एवं उपस्थित जन समूह को आशीर्वचन दिए भारत विकास परिषद के प्रमुख सदस्य मुनीम कैलाश चंद गोयल ने बताया की आयोजित विवाह सम्मेलन में सिद्ध संतों के अलावा समाज सेवी ओमप्रकाश जोशी, प्रधान कृष्ण पोसवाल, बौंली मंडल अध्यक्ष हनुमंत दीक्षित, अशोक गांधी सहित अनेको प्रबुद्ध जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आशीष मित्तल ने किया ।

### रेलवे पुलिस स्टाफ ने मिलकर भरा मायरा

**फुलेरा।** पुलिसिंग की एक प्रेरक मिसाल पेश करते हुए राजकीय रेलवे पुलिस की ओर से फुलेरा थाना स्टाफ ने थाने की मैस में भोजन बनाने वाले कर्मचारी जगदीश प्रसाद शर्मा (बाग वाली ढाणी, सार्दुलपुरा) की पुत्री तनु के विवाह के अवसर पर सामूहिक रूप से मायरा भरकर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। जानकारी अनुसार स्टाफ सदस्यों ने सहयोग राशि के रूप में 41,000 रुपये नकद प्रदान किए तथा पूरे परिवार के लिए कपडे भेंट कर बेटी के विवाह में सहभागी बनकर आत्मीयता दिखाई। यह सहयोग केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि पारिवारिक अपनत्व और मानवीय संवेदना का प्रतीक रहा। इस अवसर पर स्टाफ के सदस्यों ने नवविवाहिता को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान भावुक क्षण भी देखने को मिले, जब परिजनों ने पुलिस परिवार के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। जीआरपी फुलेरा थानाधिकारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में थाना स्टाफ के एएसआई लक्ष्मीनारायण, भजनाराम, हीरालाल, अशोक चौधरी, रामलाल, छोटूराम, सरोज गोरा, सुनील बिश्नोई, महेश कुमार, रामनिवास, मुकेश कुमार, नंदू चौधरी, हरिनारायण, सतवीर, भंवर विक्रम, इंद्राज सिंह, ओमप्रकाश, सौदान मल, तेजपाल, विद्याधर, देवकीनंदन, रामजीलाल, हवा सिंह, कृष्ण, ओंकार राम, निंबाराम, सोहनराम ने आपसी सहयोग से राशि एकत्रित कर यह मायरा भरा। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक दायित्वों को भी गंभीरता से निभाती है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि जीआरपी थाना फुलेरा का यह कदम समाज में सकारात्मक संदेश देता है कि पुलिस और आमजन के बीच संवेदनशील संबंध ही सशक्त समाज की नींव हैं।

### शाहपुरा के वार्ड नंबर 5 में भरा बारिश का पानी

**शाहपुरा ।** शाहपुरा के पुराना खोरी रोड़ पर वार्ड नंबर 5 में स्थित विनायक फोर कॉलोनी के सामने बारिश का पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के पानी में राहगीर व स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे पानी में गिरकर चोटिल हो रहे है। लोगों ने बताया कि रोड़ पर नालियां नही बनने से बारिश का पानी भर जाता है जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है इसके बावजूद भी नगरपरिषद व वार्ड पार्षद कोई ध्यान नहीं दे रहे है। नालियों को लेकर लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। अगर नालियां नही बनती है तो लोग चुनाव में वोट का बहिष्कार करेगे।

### रोजेदारों ने सब्र का इम्तिहान दिया

**मनोहरपूर ।** रमजान का पवित्र माह शुरू होते ही मुस्लिम समाज के लोग नेकियां कमाने में लग गए है आज प्रथम रोजा था रोजेदारों ने 12 घण्टे 50 मिनट का रोजा रखकर व भूखे प्यासे रहकर अपने रब को अपने सब्र का इम्तिहान दिया हैं मगरिब की अजान होने की आवाज के साथ मे खिजुर से रोजा खोला गया व रोजेदारों ने भारत देश की सलामती की दुआएं की गई । छोटे छोटे बच्चे भी नमाज पढ़ने व रोजा रखने की जिद कर रहे है । वृद्ध महिला पुरुष भी अपनी आख़िरत को संवारने के लिए ईबादत कर रहे है।

### पूर्व मंत्री ने सामूहिक विवाह समारोह में की शिरकत

**भरतपुर (निस)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने गुरूवार को भरतपुर दौरे के दौरान फुलेरा दौज पर आयोजित हुये विभिन्न सामूहिक विवाह समारोहों में अतिथि के रूप में शिरकत कर वर वधूओं को आशीर्वाद देकर उनके सुखमय जीवन की कामना की। साथ ही आयोजकों द्वारा किये गये इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों की सरहाना करते हुये शुभकामनायें व बधाईयां दी। विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने दक्ष प्रजापति समाज समिति की ओर से आयोजित छटवें आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन, जिला बघेल महासभा सामूहिक विवाह एवं उत्थान समिति की ओर से 5वें आदर्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन, सैन समाज विकास समिति की ओर से 22वें आदर्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन तथा महात्मा ज्योतिवा फुले माली समाज उत्थान समिति की ओर से 22वें आदर्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन में अतिथि के रूप में भाग लेकर वर-वधूओं को आशीर्वाद देकर उनके सुखमय जीवन की कामना की।

# भरतपुर शहर स्वाभिमान मार्च से गूंजा

- युवाओं में राष्ट्रभावना और कर्तव्यनिष्ठा की भावना का संचार करें : चतुर्वेदी
- शहर के प्रमुख चौराहों पर रंगोली सजावट कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता, एकता और सांस्कृतिक गौरव के संदेश दिए गए

**भरतपुर (निस)।** राज्य वित्त आयोग, राजस्थान सरकार के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी गुरुवार को भरतपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहे। 293वें भरतपुर स्थापना महोत्सव के समापन दिवस पर नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर रंगोली सजावट कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता, एकता और सांस्कृतिक गौरव के संदेश दिए गए। स्थापना महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित स्वाभिमान मार्च रैली हीरादास सर्किल, लक्ष्मण मंदिर, राजकीय संठाहालय एवं मल्टी परपज स्कूल से होते हुए महाराजा सूरजमल स्मारक यातायात चौराहे पर संपन्न हुई। रैली में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाराजा सूरजमल स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहर की गौरवशाली परंपरा को नमन किया गया।

इस अवसर पर जिला कलक्टर कमर चौधरी, आयुक्त बीडीए कनिष्क कटारिया, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, एसडीएम भारती गुप्ता, गिरधारी तिवारी, जिला समन्वयक लोहागढ विकास परिषद योगेश शर्मा, संयोजक अनुराग गर्ग, सीओ स्काउट देवेन्द्र कुमार मीना सहित अन्य अधिकारी, स्काउट गाइड व रोवर्स रेंजर और छात्र-छात्राऐं मौजूद रहे। स्वाभिमान मार्च एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. चतुर्वेदी ने सात दिवसीय कार्यक्रमों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक गतिविधियों की यह श्रृंखला नई पीढ़ी को भरतपुर के त्याग, संघर्ष और स्वाभिमान से परिचित कराने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि अनेक आक्रांताओं के बावजूद भरतपुर के शासकों ने कभी समझौता नहीं किया और लोहागढ़ की धरती को अविजित बनाए रखा। ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रभावना और कर्तव्यनिष्ठा का संचार करते हैं।

डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भरतपुर मूल के हैं और उनकी प्रेरणा से स्थापना दिवस को इस बार विशेष भव्यता प्रदान की गई है। उन्होंने लोहागढ़ विकास परिषद की सराहना करते हुए कहा कि परिषद पिछले 17 वर्षों से निरंतर स्थापना दिवस का आयोजन कर रही है तथा इस बार जिला प्रशासन का भी पूर्ण सहयोग मिला है।

उन्होंने भजनलाल सरकार के तीनों बजटों को जनहितैषी बताया और राज्य सरकार ने प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं लागू की हैं। राइजिंग राजस्थान पहल के अंतर्गत 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 8 लाख करोड़ रुपये के कार्य धरातल पर क्रियान्वित किए जा रहे हैं। डॉ. चतुर्वेदी ने राजस्थान सरकार की वित्तीय नीतियों एवं विकासोन्मुख कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

### आठवीं बोर्ड परीक्षा शुरू

**फुलेरा।** शिक्षा निदेशालय डाइट की ओर से आयोजित कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा गुरुवार से क्षेत्र में प्रारंभ हुई। पहले दिन अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र दोपहर 1.30 से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया।

कस्बे के श्रीराम नगर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र पर कुल 229 परीक्षार्थियों में से 228 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। बोर्ड परीक्षा प्रभारी अनीता कुमावत ने बताया कि परीक्षा को लेकर पूर्ण सजगता बरती गई तथा परीक्षार्थियों को मूल प्रवेश पत्र के आधार पर ही केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के बाद छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्रश्नपत्र सरल एवं पाठ्यक्रम आधारित रहा।

उन्होंने कहा कि जैसा अभ्यास विद्यालय में करवाया गया था, उसी अनुरूप प्रश्न आए, जिससे उन्हें हल करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। इसी प्रकार पीएमश्री सेठ सूरजमल अठावाल राजकीय विद्यालय एवं बालिका विद्यालय में भी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई।

# छत्रपति शिवाजी महाराज को पुष्प अर्पित कर याद किया

**निवाई।** भाजपा शहर मंडल के तत्वावधान में शिवाजी पार्क में शहर अध्यक्ष नितिन छाबश के नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा ने शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला।

- शिवाजी महाराज वीर योद्धा थे। जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में मुगलों को चुनौती दी और वर्ष 1674 में हिंदवी स्वराज्य की नींव रखी

कार्यकर्ता राकेश खारोल ने कहा कि शिवाजी महाराज वीर योद्धा थे। जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में मुगलों को चुनौती दी और वर्ष 1674 में हिंदवी स्वराज्य की नींव रखी। उन्होंने कहा कि उनकी जयंती को एक पर्व की तरह मनाना चाहिए। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को शिवाजी महाराज के पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र सेवा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में शहर मंत्री रामकेश मीणा, सियाराम शर्मा, नरेश कसाना, सुरेश पारीक, राकेश खारोल, टीकमचंद वर्मा, रामकिशन गुर्जर, सोनू सैनी, अंतिमबाला पारीक, रीना प्रजापत, सावित्री सैनी एवं अनीता रंगर सहित कई कई महिलाएं व कार्यकर्ता मौजूद थे।



भाजपा के कार्यकर्ताओं ने निवाई के शिवाजी पार्क में शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।



यह पहल राजस्थान रॉयल्स की अगली पीढ़ी को तैयार करने की पक्की कमिटमेंट को दिखाती है, जिसमें सिर्फ़ क्रिकेटर ही नहीं, बल्कि सोचने वाले, लीडर और सपने देखने वाले लोग भी शामिल हैं।

– रियान पराग

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान, एक प्रेस कॉफ्रेंस में बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — शिवम दुबे



**भारतीय** ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कहा कि टीम में ऑफ-स्पिन गेंदबाजी से निपटने में किसी भी समस्या के बारे में कोई चर्चा नहीं है। दुबे की विस्फोटक 31 गेंदों में खेली गई 66 रनों की पारी और उनके दो विकेटों ने उन्हें अहमदाबाद में नीदरलैंड्स पर 17 रनों की जीत में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिलाया और यह प्रदर्शन दुबे के लिए संकट प्रबंधन का एक और उदाहरण था। जब वह 14वें ओवर में 110/4 के स्कोर पर बल्लेबाजी करने आए, तो उनकी टीम को तेजी से रन बनाने की जरूरत थी और उनकी इस पारी ने टीम को 190 रनों के प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया।

**क्या आप जानते हैं ?...** 2025-2026 की अवधि में भारतीय क्रिकेट टीम ने सीमित ओवरों के क्रिकेट और टेस्ट में अपनी बादशाहत कायम रखी है।

ICC MEN'S T20 WORLD CUP

## आज के मैच

### ऑस्ट्रेलिया व ओमान के बीच शाम 7 बजे

## ब्रायन बेनेट और सिकंदर रजा का तूफान, टी-20 विश्व कप में जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को दी मात

नई दिल्ली, 19 फरवरी। जिम्बाब्वे का टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन आज भी जारी रहा, जब उसने अपने अंतिम ग्रुप चरण के मैच में श्रीलंका को छह विकेट से हराकर 179 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ, जिम्बाब्वे ग्रुप बी की एकमात्र ऐसी टीम बन गई है जो अब तक अपराजित है और चार मैचों के बाद सात अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। ब्रायन बेनेट, जो अभी तक टूर्नामेंट में आउट नहीं हुए हैं, और कप्तान सिकंदर रजा इस जीत के नायक रहे और जिम्बाब्वे ने टूर्नामेंट के सुपर 8 राउंड में जबरदस्त जोश के साथ प्रवेश किया।

दोनों टीमें ग्रुप बी से सुपर आठ में पहुंच चुकी है और लीग चरण में आस्ट्रेलिया को हराने वाली जिम्बाब्वे के प्रदर्शन ने सभी को चौंका दिया है। इससे पहले, पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनने के बाद, श्रीलंका ने अपने 20 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए। पथुम निस्संका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने प्रदर्शन को जारी रखते हुए 41 गेंदों में 62 रन बनाकर अपनी टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया। पवन रत्नायके ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 25 गेंदों में 44 रन बनाए, लेकिन श्रीलंका को पारी के दूसरे भाग में अपेक्षित गति नहीं मिल पाई। हालांकि उन्होंने अंतिम छह ओवरों में 36 रन बनाए, लेकिन 13 से 17 ओवरों के बीच उनकी गति काफी धीमी हो गई और वे पांच ओवरों में केवल 42 रन ही बना सके। 12 ओवरों के बाद 100/1 के स्कोर पर मेजबान टीम 200 रनों के करीब का स्कोर बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रही थी, लेकिन अंततः वे केवल 178 रन ही बना सके। ग्रीम क्रेमर और ब्रैड इवांस श्रीलंका की धीमी गति के मुख्य कारण थे, क्योंकि उन्होंने चार विकेट बराबर-बराबर बांटे।





## विंडीज की टी-20 वर्ल्डकप में लगातार चौथी जीत, इटली को 42 रन से हराया

कोलकाता, 19 फरवरी। वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्डकप के 37वें मुकाबले में इटली को 42 रन से हरा दिया। वेस्टइंडीज की इस वर्ल्डकप में यह लगातार चौथी जीत है। गुरुवार को दिन के पहले मैच में इटली ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 165 रन बनाए हैं। जवाब में इटली 18 ओवर में 123 रन पर ऑलआउट हो गई। ग्रुप-सी का यह आखिरी मुकाबला था। 166 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इटली के लिए बेन मैनेंटी ने 26, जेजे स्मट्स ने 24, एंथोनी मोस्का ने 19 और ग्रांट स्टीवर्ट ने 12 रन बनाए। बाकी 7 बैटर्स दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने 4, मैथ्यू फोर्ड ने 3 और गुडाकेश मोती ने 2 विकेट लिए। अकील हुसैन को भी 1 विकेट मिला। वेस्टइंडीज के लिए शाई होप ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 46 बॉल



पर 75 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके अलावा, रोस्टन चेज 24 और शेरफेन रदरफोर्ड ने नाबाद 24 रन बनाए। इटली के लिए क्रिशन कलुगमागे और बेन मैनेंटी ने 2-2 विकेट लिए। अली हसन और थॉमस ड्राका को 1-1 विकेट मिला।

## जिला क्रिकेट संघ के मुकेश शाह अध्यक्ष, विनोद सहारण सचिव, विधायक बिहाणी बने कोषाध्यक्ष

श्रीगंगानगर, 19 फरवरी। जिला क्रिकेट संघ की वार्षिक साधारण सभा की बैठक होटल प्राईम रेजीडेन्सी में संपन्न हुई, जिसमें आगामी चार वर्षों (2026-2030) के लिए नई कार्यकारिणी का निर्विरोध चयन किया गया। नई कार्यकारिणी का गठन चुनाव मुख्य अधिकारी राजेन्द्र शर्मा (सेवानिवृत्त आर.ई.एस.) की देखरेख में संपन्न हुए। सर्वसम्मति से मुकेश शाह अध्यक्ष, सचिव विनोद सहारण, कोषाध्यक्ष जयदीप बिहाणी(भाजपा विधायक), वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेन्द्र कूकणा, उपाध्यक्ष प्रदीप पाठक एवं गुलविन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव कुलदीप सिंह व प्रेम अरोड़ा तथा तकनीकी सलाहकार अनिल कुमार गोदारा निर्वाचित हुए हैं। यह चुनाव राजस्थान क्रिकेट संघके पर्यवेक्षक सतीश व्यास, जिला ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक राजारामढाका और सहायक चुनाव अधिकारी हंसराज वर्मा की उपस्थिति में हुए। सभी नामांकनों की बारीकी से जांच के बाद निर्विरोध निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा की गई।



## अफगानिस्तान ने अपने आखिरी मैच में कनाडा को हराया

चेन्नई, 19 फरवरी। अफगानिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में गुरुवार के आखिरी मैच में कनाडा को 201 रन का टारगेट दे दिया। कनाडा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 200 रन बनाए। इब्राहिम जादरान ने 95 रन बनाए। उन्होंने 7 चौके और 5 छक्के लगाए। कनाडा ने 19 ओवर में 8 विकेट पर 117 रन बना लिए हैं। जसकरन सिंह और अंश पटेल पिच पर हैं। दिलोन हेलिगर (3 रन) को मोहम्मद नबी ने कैच आउट कराया। उन्होंने हर्ष ठाकेर (30 रन), निकोलस किर्टन (10 रन) और युवराज समरा (17 रन) को भी पवेलियन भेजा। राशिद खान ने साद बिन जफर (28 रन) और श्रेयस मोव्वा (2 रन) के विकेट लिए। करियर का आखिरी मैच खेल रहे नवनीत धालीवाल जीरो पर आउट हुए। उन्हें अजमतुल्लाह उमरजई ने दरविश रसूली के हाथों कैच आउट कराया। दिलप्रीत बाजवा (13 रन) को मुजीब उर रहमान ने बोल्ड किया।

## ला लीगा में बार्सिलोना की राह मुश्किल, निराश टीम ने भरी हुंकार, कहा- खिताब जीतेंगे

नई दिल्ली, 19 फरवरी। स्पेनिश फुटबॉल में इस समय बार्सिलोना के लिए दौर थोड़ा चुनौतीपूर्ण चल रहा है। हाल में टीम को एटलेटिको मैड्रिड के खिलाफ कोपा डेल रे में और गिरोना के खिलाफ ला लीगा मुकाबले में निराशाजनक परिणाम झेलने पड़े।

इन लगातार झटकों के बाद टीम के खिलाड़ियों ने खुलकर प्रतिक्रिया दी है और वापसी का भरोसा जताया है। मौजूद जानकारी के अनुसार गिरोना के मैदान मोंटिलिवी में मिली हार के बाद मुख्य कोच हांसी फ्लिक ने खिलाड़ियों को दो दिन का अवकाश दिया, ताकि टीम मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को फिर से तैयार कर सके। सीजन के इस अहम मोड़ पर यह ब्रेक खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को रीसेट करने की कोशिश माना जा रहा है। ब्राजीलियाई विंगर राफिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए कहा कि टीम को कई चीजों में सुधार की जरूरत है, लेकिन हालात कभी-कभी जटिल भी होते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि चाहे परिस्थितियां पक्ष में हों या विरोध में, टीम हर चुनौती का सामना करेगी।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय विमेंस टीम 17 रन से दूसरा टी-20 हारी

नई दिल्ली, 19 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया ने इंडिया विमेंस को 17 रन से दूसरा टी-20 हरा दिया। गुरुवार को कैनबरा में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 163 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया 9 विकेट खोकर 144 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया के लिए जॉर्जिया वॉल ने सबसे ज्यादा 88 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वॉल ने मूनी के साथ मिलकर पहले विकेट लिए 128 रन जोड़े और ऑस्ट्रेलिया की जीत की नींव रखी। भारत ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। ऑस्ट्रेलिया को दोनों ओपनर्स जॉर्जिया वॉल और बेथ मूनी ने अच्छी शुरुआत दिलाई।

दोनों ने शतकीय साझेदारी करते हुए पहले विकेट के लिए 128 रन जोड़े। 15वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने बिना विकेट खोए 128 रन बना लिए थे। ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया 180 या 190 के स्कोर तक पहुंच सकती है, लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को



5 विकेट पर 163 रन के स्कोर पर रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया से वॉल ने 57 गेंदो पर 88 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं मूनी ने 39 गेंदों पर 46 रन बनाए। भारत के लिए अरुंधति रेड्डी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

जबकि रेणुका ठाकुर को 1 विकेट मिला। ऑस्ट्रेलिया की दो बैटर्स रन-आउट हुईं। 164 रन के टारगेट का पीछा करते हुए भारत ने तेज शुरुआत की। दोनों ओपनर्स शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 54 रन बना दिए। भारत ने 7वें ओवर में 57 रन पर शेफाली का विकेट गंवाया और 10वें ओवर तक स्कोर 71 रन पर 3 विकेट हो गया। कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष ने फिर चौथे विकेट के लिए 55 रन की पार्टनरशिप की, लेकिन इस पार्टनरशिप के टूटते ही भारत ने अगले 7 रन के अंदर 6 विकेट गंवा दिए।

भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत ने सबसे ज्यादा 36 रन की पारी खेली। वहीं स्मृति ने 31 और शेफाली ने 29 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। उनके अलावा किम गार्थ, एनाबेल सदरलैंड और सोफी मोलेन्यू ने 2-2 विकेट लिए। भारत ने पहला टी-20 जीता, वहीं ऑस्ट्रेलिया के नाम दूसरा टी-20 रहा। सीरीज का तीसरा और डिसाइडर मुकाबला 21 फरवरी को एडिलेड स्टेडियम में खेला जाएगा।

जयपुर पोलो सीजन 2026

## जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी कप के लिए सेमीफाइनल मुकाबले आज

जयपुर, 19 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत आयोजित हो रहे जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी कप (14 गोल्स) टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले शुक्रवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड (आरपीसी) पर खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल मैच टीम जयपुर अरावली और टीम विमल एरियन अचीवर्स के बीच दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच टीम कैरेसिल सुहाना और टीम जिंदल पोलो के बीच दोपहर 3 बजे खेला जाएगा। जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी कप का फाइनल मुकाबला शनिवार, 21 फरवरी को दोपहर 3:30 बजे से आरपीसी ग्राउंड पर खेला जाएगा। पहले सेमीफाइनल में टीम जयपुर अरावली की ओर से प्रताप सिंह कानोता, लांस वॉटसन, मैनुअल फर्नांडीज लोरेंटे और हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह खेलेंगे। वही, टीम विमल एरियन अचीवर्स में सलीम आजमी, ध्रुवपाल गोदारा, डेनियल ओटामेंडी और अलेजो अरामबुरु शामिल होंगे। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में टीम कैरेसिल सुहाना की ओर से अशोक चांदना, कुलदीप सिंह राठौड़, मैनुअल प्राडो और माटियास वायल खेलेंगे। वहीं टीम जिंदल पोलो की ओर से नवीन जिंदल, सिद्धांत शर्मा, सिमरन शेरगिल और मैक्स चार्ल्टन मैदान में उतरेंगे।

## यह बेहद खराब अभियान रहा : पोंटिंग



नई दिल्ली, 19 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह बेहद खराब अभियान रहा है। मंगलवार को बारिश के कारण जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच ग्रुप स्टेज का मैच रद्द होने के बाद ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप से बाहर हो गया है। टूर्नामेंट की पसंदीदा टीमों में से एक के लिए ग्रुप स्टेज से बाहर होना एक बड़ा झटका था।आईसीसी रिव्यू के हालिया एपिसोड में पोंटिंग ने कहा कि यह कहना होगा कि यह बेहद खराब अभियान रहा है। पोंटिंग ने कहा कि शुरुआत में ही उन्हें कुछ चोटों की चिंता थी, (जोश) हेज़लवुड और (पैट) कमिंस बाहर हो गए थे, और फिर टिम डेविड भी शुरुआत में ही उपलब्ध नहीं थे। लेकिन मुझे लगता है कि जिम्बाब्वे से जिस तरह से वे हारे, वह एक ऐसा मैच होगा जिसे वे याद करेंगे और सोचेंगे कि यहीं से हमारा विश्व कप हाथ से निकल गया। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले टीमों को देखते हुए, मुझे लगा था कि श्रीलंका को उसके घर पर हराना मुश्किल होगा, और ऐसा ही हुआ। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत अच्छा खेला। 'लेकिन यह सोचकर हैरानी होती है कि जिम्बाब्वे ने आईसीसी टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया को मात दी, ऐसे मौके टूर्नामेंट में गंवाने का जोखिम नहीं उठाया जा सकता। पोंटिंग ने हल्के-फुल्के अंदाज में यह भी बताया कि ऑस्ट्रेलिया के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद उन्हें कुछ मज़ाक का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया का टूर्नामेंट में एक मैच बाकी है।

## भारत-बीसीसीआई से रिश्ते सुधारना चाहता है बांग्लादेश : आसिफ नजरुल

नई दिल्ली, 19 फरवरी। बांग्लादेश के नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर अमीनुल हक 1 और भारत के साथ रिश्ते सुधारना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहते हैं। उन्होंने बांग्लादेश के मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा न लेने का जिक्र किया। हक ने कहा- शपथ लेने के बाद मैं पार्लियामेंट बिल्डिंग में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। मैंने उनसे टी-20 वर्ल्ड कप पर बात की। यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं। इस टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को अपने मुकाबले मुंबई और कोलकाता में खेलने थे। हालांकि, सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टीम ने भारत दौरे पर आने से इनकार कर दिया। इसके बाद 2 ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल करने का फैसला किया था।

## हरमनप्रीत कौर ने रचा इतिहास, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बनी

नई दिल्ली, 19 फरवरी। टीम इंडिया महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इतिहास रच दिया है। वह अब महिला क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। भारतीय दिग्गज क्रिकेटर ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मैच में टीम की कप्तानी करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। 19 फरवरी को अपने 356वें अंतरराष्ट्रीय मैच में मैदान पर उतरकर कौर ने न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बेट्स को पीछे छोड़ते हुए महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी का खिताब हासिल किया। हरमनप्रीत और सूजी बेट्स के बाद, एलिसे पेरी (349 मैच, ऑस्ट्रेलिया) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक मैच खेलने वाली महिला क्रिकेटरों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मिताली राज ने 333 मैच खेले हैं, जबकि शार्लोट एडवर्ड्स ने इंग्लैंड के लिए 309 मैच खेले हैं। महिला क्रिकेट में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ियों में सोफी डिवाइन (305, न्यूजीलैंड), हीथर नाइट (303, इंग्लैंड) और डैनी व्याट-हॉज (302, इंग्लैंड) भी शामिल हैं। हरमनप्रीत कौर ने अपने क्रिकेट करियर में अब तक छह टेस्ट, 161 वनडे और 189 टी20 मैच खेले हैं। इन छह टेस्ट मैचों में उन्होंने 200 रन बनाए हैं। 36 वर्षीय हरमनप्रीत ने वनडे में 4,409 और टी20 मैचों में 3,784 रन बनाए हैं। खास बात यह है कि इस अनुभवी भारतीय क्रिकेटर ने 35 महिला प्रीमियर लीग, 62 महिला बिग बैश लीग और 10 महिला शतकीय टूर्नामेंट भी खेले हैं।हरमनप्रीत कौर ने 2025 विश्व कप में भारतीय टीम को पहली बार विश्व कप का खिताब दिलाया, जहां फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर टीम ने खिताब अपने नाम किया। गुरुवार को भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के दूसरे टी20 अंतराष्ट्रीय मैच के टॉस के समय, महिला क्रिकेट में सबसे अधिक अंतराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनने पर हरमनप्रीत कौर ने कहा, ''यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## हैरी केन की एलिट क्लब में एंट्री, 500 गोल दागकर मेसी-लेवांडोव्स्की के साथ हुए शामिल

नई दिल्ली, 19 फरवरी। यूरोपीय फुटबॉल में इन दिनों हैरी केन का नाम लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। शायद ही कोई सप्ताह गुजरता हो जब इंग्लैंड के कप्तान कोई नया व्यक्तिगत कीर्तिमान स्थापित न कर रहे हों। अब एक और बड़ी उपलब्धि उनके नाम जुड़ गई है। जर्मन क्लब बायर्न म्यूनिख के स्ट्राइकर हैरी केन ने अपने करियर के 500 गोल पूरे कर लिए हैं। फुटबॉल आंकड़ों की वेबसाइट ट्रांसफरमार्क्ट के मुताबिक, वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले तीसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि क्रिस्टियानो रोनाल्डो से 10 मैच कम खेलकर हासिल की है। गौरतलब है कि इस सदी में 500 करियर गोल के आंकड़े तक उनसे तेज सिर्फ लियोनेल मेसी और बायर्न के पूर्व स्टार रॉबर्ट लेवानडॉस्की ही पहुंच पाए हैं। यह उपलब्धि केन को उन दिग्गज खिलाड़ियों से भी आगे खड़ा करती है जिनमें लुइस सुआरेज़, ज़्लाटन इब्राहिमोविच और करीम बेंज़ेमा जैसे बड़े नाम शामिल हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार इस सूची में सबसे चौंकाने वाली बात केन का शामिल होना नहीं, बल्कि मेसी का बाकी खिलाड़ियों से काफी आगे होना है। लेवांडोव्स्की, केन और रोनाल्डो के बीच मैचों की संख्या का अंतर अपेक्षाकृत कम है, लेकिन मेसी ने लगभग सौ मैच कम खेलकर यह आंकड़ा छू लिया था। यह



अंतर उनके असाधारण स्तर को दर्शाता है। बता दें कि मेसी ने अपने सीनियर करियर की शुरुआत सीधे एफसी बार्सिलोना जैसे शीर्ष क्लब से की थी, जहां उन्हें शुरुआती दौर से ही बड़े मंच पर खेलने का मौका मिला। वहीं लेवांडोव्स्की और केन को शीर्ष स्तर तक पहुंचने के लिए क्लब संरचना में क्रमिक रूप से आगे बढ़ना पड़ा। केन ने टॉटनहैम हॉटस्पर के साथ अपने करियर को नई ऊंचाई दी और बाद में बायर्न म्यूनिख से जुड़कर गोल स्कोरिंग की रफ्तार और तेज की है। जानकारों का मानना है कि 500 गोल का आंकड़ा पार करना किसी भी स्ट्राइकर के लिए बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इसमें क्लब और देश दोनों के लिए लगातार प्रदर्शन की आवश्यकता होती है। केन की यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत निरंतरता को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि आधुनिक फुटबॉल में प्रतिस्पर्धा के बीच खुद को शीर्ष स्तर पर बनाए रखना कितना कठिन है।

## आईपीएल 2026 के लिए पंजाब किंग्स को मिली नई सुरक्षा

नई दिल्ली, 19 फरवरी। पिछले साल शानदार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीज़न के बाद, जिसमें पंजाब किंग्स फाइनल तक पहुंची थी, फ्रेंचाइजी आईपीएल 2026 में नए जोश के साथ उतरने के लिए तैयार है।पंजाब किंग्स ने एक प्रसिद्ध वैश्विक सुरक्षा और निगरानी ब्रांड सीपी प्लस के साथ रणनीतिक साझेदारी की है।

एक विज्ञप्ति के अनुसार, सीपी प्लस आईपीएल 2026 के लिए टाइटल स्पॉन्सर की भूमिका निभाएगा। यह साझेदारी भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती अपेक्षाओं को दर्शाती है और दो ऐसे ब्रांडों को एक साथ लाती है जो प्रदर्शन, विश्वसनीयता और नवाचार के माध्यम से आज के दर्शकों से मजबूती से जुड़े हुए हैं।



सीपी प्लस एक अग्रणी वैश्विक सुरक्षा और निगरानी ब्रांड है, जो वीडियो निगरानी, बायोमेट्रिक एक्सेस कंट्रोल, होम ऑटोमेशन और एंटरप्राइज सुरक्षा प्रणालियों में उन्नत समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। नवाचार और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित, सीपी प्लस घरों, व्यवसायों और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने में एक विश्वसनीय नाम बना हुआ है।

इस साझेदारी के तहत, पंजाब किंग्स और सीपी प्लस मिलकर एक ऐसा अभियान चलाएंगे जो पूरे सीज़न में डिजिटल-आधारित कहानी कहने, ज़मीनी स्तर पर ज़बरदस्त गतिविधियों और प्रशंसकों पर केंद्रित अनुभवों पर आधारित होगा। यह साझेदारी स्टेडियम और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर तकनीक-आधारित एकीकरण पर भी ध्यान केंद्रित करेगी, जिसका उद्देश्य मैच के दिनों को प्रशंसकों के लिए और अधिक रोमांचक और आकर्षक बनाना है।

## पाकिस्तान क्रिकेटर इमाद वसीम पर हत्या का आरोप, पूर्व पत्नी ने सबूतों के साथ खोले राज

नई दिल्ली, 19 फरवरी। पाकिस्तान क्रिकेट से जुड़ा एक निजी विवाद इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। पाकिस्तान के ऑलराउंडर इमाद वसीम की पूर्व पत्नी सानिया अशफाक ने उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट और एक वीडियो संदेश के जरिए उन्होंने दावा किया कि दिसंबर 2023 में उन्हें जबरन गर्भपात के लिए मजबूर किया गया। मौजूद जानकारी के अनुसार सानिया अशफाक ने कहा कि यह घटना लाहौर में हुई और उनके पास अपने आरोपों के समर्थन में सबूत मौजूद हैं। उन्होंने इमाद वसीम को मर्डरर बताते हुए लिखा कि उन्हें न्याय चाहिए।

## क्रिकेट मैच में मधुमक्खियों का हमला, अंपायर की मौत

कानपुर, 19 फरवरी। उन्नाव में क्रिकेट मैच के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों ने खिलाड़ियों को डंक मारने शुरू कर दिए। यह देखकर अंपायर बचने के लिए भागे, लेकिन गिर गए और मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया।

## टी-20 विश्वकप : सुपर-8 से पहले भारतीय टीम की टेंशन, फिंगर स्पिनर्स हैं सबसे बड़ी चुनौती : रयान टेन

नई दिल्ली, 19 फरवरी। भारतीय टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने इस बात पर सहमति जताई कि बाएं हाथ के बल्लेबाजों वाले शीर्ष क्रम के लिए विपक्षी टीमों का सही रणनीति बनाना और फिंगर (उंगलियों के) स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों का संघर्ष टी20 विश्व कप के सुपर आठ में भारत के सामने दो अहम मुद्दे होंगे। डोएशे ने नीदरलैंड के खिलाफ अंतिम लीग मैच में भारत की जीत के बाद पत्रकारों से कहा कि खिताब के प्रबल दावेदार ने अभी तक एक भी मैच ऐसा नहीं खेला है जिसमें उसका पूरी तरह से दबदबा रहा हो।



भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और तिलक वर्मा शामिल हैं। यह तीनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और डोएशे ने स्वीकार किया कि इससे विपक्षी टीमों के लिए उनके खिलाफ रणनीति बनाना आसान हो गया है। प्रतिद्वंद्वी टीमें अभिषेक शर्मा सहित शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए पावरप्ले में ऑफ स्पिनरों का इस्तेमाल कर रही हैं।

अभिषेक इस टूर्नामेंट में तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए हैं जबकि कुछ समय पहले तक वह अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने बुधवार को पावरप्ले में तीन ओवर फेंके और अभिषेक और किशन को आउट किया। डोएशे का मानना है कि भारत को उंगलियों से गेंदबाजी करने वाले स्पिनरों के खिलाफ अपने खेल में बड़े सुधार की जरूरत है। घरेलू टीम को दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर आठ मैचों में उंगलियों से गेंदबाजी करने वाले स्पिनरों से निपटने का तरीका ढूंढना होगा।

उन्होंने कहा, ''इससे टीमों को भारत के खिलाफ रणनीति बनाने में आसानी हुई है। हमारे पास शीर्ष तीन में ज्यादा विकल्प नहीं हैं। हमारे पास संजू सैमसन बेंच पर बैठे हैं और आगामी मैचों को देखते हुए अगर हम उंगलियों के स्पिनरों को देखें तो इस मामले में हमारा सामना न्यूजीलैंड से होगा।'' डोएशे ने कहा, ''हमारे पास कुछ ऐसे गेंदबाज हैं जो उंगलियों से स्पिन गेंदबाजी करते हैं। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के पास भी अगर हम मार्करम को शामिल करें, तो इस तरह के गेंदबाज हैं। लेकिन कुल मिलाकर हमें लगता है कि ये हमारे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं और हम टीम में बाएं हाथ के अधिक बल्लेबाजों से काम चला लेंगे।''

# भजनलाल सरकार ने 25-26 में कर राजस्व में 34.10 प्रतिशत वृद्धि की

## कुशल वित्तीय प्रबंधन से कर राजस्व का आंकड़ा 1 लाख 38 हजार करोड़ रूपए पहुँचा

जयपुर, 19 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में कुशल वित्तीय प्रबंधन के परिणामस्वरूप राज्य सरकार के स्वयं के कर राजस्व में उल्लेखनीय और सतत वृद्धि दर्ज की गई है।

आय-व्यय अध्ययन 2026-27 के अनुसार, वर्ष 2022-23 में राज्य का स्वयं का कर राजस्व 87 हजार 347 करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2023-24 में 7.72 प्रतिशत वृद्धि के साथ 94 हजार 86 करोड़ रुपये हो गया। इसी प्रकार, वर्ष 2024-25 में 9.80 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1 लाख 3 हजार 310 करोड़ रुपये हो गया।

यह वृद्धि आगे और तेज हुई तथा संशोधित अनुमान 2025-26 में यह राशि 34.10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1 लाख 38 हजार 540 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। बजट अनुमान 2026-27 में स्वयं के कर राजस्व का लक्ष्य 1 लाख 62 हजार 668 करोड़ रुपये रखा गया है, जोकि पिछले वर्ष से लगभग 17.41 प्रतिशत अधिक है। साथ ही, यह अनुमानित वृद्धि वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 72.9 प्रतिशत अधिक है।


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

■ **राज्य सरकार ने वर्ष 26-27 में कर राजस्व का लक्ष्य एक लाख 62 हजार 668 करोड़ रूपए निर्धारित किया है, जो पिछले वर्ष से 17.41 प्रतिशत अधिक है।**

राज्य के स्वयं के कर राजस्व में निरंतर वृद्धि प्रदेश के बुनियादी ढांचे, सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार में सहायक सिद्ध होगी। इस वृद्धि से आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में अधिक निवेश की संभावनाएं भी प्रबल होंगी।

## 'फ्री में सब कुछ मिलेगा तो काम कौन करेगा'

नई दिल्ली, 19 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों की ओर से फ्री की योजनाओं पर सख्ती दिखाई है। सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त सुविधाएं देने की संस्कृति की कड़ी आलोचना करते हुए गुरुवार को कहा कि देश के आर्थिक विकास में बाधा डालने वाली ऐसी नीतियों पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है। हर किसी को फ्री में बिजली देने से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा।

तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एक याचिका दायर कर उपभोक्ताओं की वित्तीय स्थिति पर गौर किए बिना हर किसी को नि:शुल्क बिजली प्रदान करने का प्रस्ताव दिया है।चीफ जस्टिस सूर्यकांतऔर जस्टिस जॉयमाल्य बागची, जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि अधिकतर राज्यों का राजस्व घाटे में हैं लेकिन वे विकास की अनदेखी करते हुए इस तरह की मुफ्त सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं।

पीठ ने पूछा कि बिजली शुल्क अधिसूचित होने के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक जेब ढीली करने का फैसला क्यों किया।

# नेता प्रतिपक्ष का अपमान देश का अपमान, संसदीय कार्य मंत्री माफी मांगें- पायलट

## उन्होंने कहा कि रिजिजू की भाषा सरासर अस्वीकार्य, अशोभनीय व निंदनीय है

मुम्बई, 19 फरवरी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लिए इस्तेमाल की गई भाषा की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि रिजिजू की टिप्पणी बेहद अशोभनीय एवं निंदनीय है। प्रतिपक्ष के नेता, जो एक संवैधानिक पद पर हैं, उन्हें देश के लिए खतरा बताना लोकतांत्रिक मर्यादाओं का घोर उल्लंघन है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष का मुख्य काम सरकार से सवाल पूछना और उसकी जवाबदेही तय करना होता है, लेकिन सत्ता पक्ष न केवल उन्हें संसद में बोलने से रोकता है, बल्कि उनका माइक तक बंद कर देता है। पायलट ने स्पष्ट किया कि जिस व्यक्ति के पूरे परिवार ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया हो, उनके लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया जाना सरासर अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि किरण रिजिजू को अपना बयान तुरंत वापस लेना चाहिए और इस अमर्यादित आचरण के लिए पूरे देश से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

■ **कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने मुंबई में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रैंस में केन्द्र की भाजपा सरकार के अमेरिका के साथ किये व्यापारिक समझौते को किसान विरोधी बताया।**

मुम्बई के महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए पायलट कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा अमेरिका के साथ किया गया व्यापारिक समझौता किसान विरोधी एवं भारत की संप्रभुता और आत्मनिर्भरता के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते आर्थिक तरक्की का रास्ता होने चाहिए, जो बराबरी की शर्तों पर आधारित हों, लेकिन वर्तमान सरकार ने देश के 140 करोड़ जनमानस की भावनाओं और हितों को दरकिनार कर इसे गुलामी के रास्ते पर धकेल दिया है।

## एप्स्टीन से संबंधों ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

और भारत कार्यालयों के अध्यक्ष अंकुर वोरा करेंगे।''

इस बीच, केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के जेफ्री एपस्टीन से संबंधों को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हालांकि पुरी का कहना है कि उन्होंने एपस्टीन से केवल तीन या चार बार ही मुलाकात की थी और वह भी एक प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में। कांग्रेस ने केन्द्रीय मंत्री पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। उसका दावा है कि 2014 से 2017 के बीच पुरी और एपस्टीन के बीच 62 ईमेल का आदान-प्रदान हुआ और 14 बैठकें हुईं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने यह भी सवाल उठाया कि पुरी ने किस हैसियत से एपस्टीन से संपर्क किया था। उन्होंने नई दिल्ली में चल रहे एआई इम्पैक्ट समिट पर भी टिप्पणी की और मीडिया में चल रही उन अटकलों का जिक्र किया, जिनमें कहा जा रहा था कि बिल गेट्स इसमें भाग नहीं लेंगे।

एपस्टीन फाइल्स में हाल में हुए खुलासे बिल गेट्स के लिए गंभीर माने जा रहे हैं। एक नोट में कथित रूप से एपस्टीन ने दावा किया कि उसने गेट्स को ''रूसी लड़कियों के साथ संबंधों के परिणामों से निपटने के लिए दवाएं'' दिलाने में मदद की थी। गेट्स ने इन आरोपों को ''पूरी तरह बेतुका और बिल्कुल झूठा'' बताया है।

इस बीच, एक हालिया साक्षात्कार में मेलिंडा फ्रेंच गेट्स ने कथित रूप से कहा कि उनके पूर्व पति की एपस्टीन से मुलाकातें, उनकी 27 साल पुरानी शादी टूटने के कारणों में से एक थीं।

## 'बिना इजाज़त ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

किसी जरूरी काम से बाहर जाना पड़ा तो पहले अदालत की अनुमति लेंगे। अंबानी ने यह हलफनामा पूर्व नौकरशाह ईएएस सरमा की याचिका के जवाब में दिया है। सरमा ने अपनी जनहित याचिका में एडीएजी और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ कथित 40,000 करोड़ रुपए के घोटाले की निष्पक्ष, तुरंत और बिना भेदभाव जांच की मांग की है।

## प्र.मंत्री मोदी ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रधानमंत्री ने डीप फेक जैसी चुनौतियों का जिक्र किया और कहा कि जैसे खाने की चीजों पर लेबल लगता है कि उसमें क्या है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी लेबलिंग जरूरी है ताकि लोग सच-झूठ पहचान सकें।

इसकी स्पीड और स्केल इतनी बड़ी है कि इसके अच्छे और बुरे दोनों प्रभाव हो सकते हैं। इसलिए सावधानी बरतनी होगी। एआई को खुली छूट मिलनी चाहिए, लेकिन कमान हमारे हाथ में होनी चाहिए।

विकासशील देशों के लिए एआई को लोकतांत्रिक बनाना जरूरी है। मनुष्यों को सिर्फ डेटा का स्रोत नहीं बनने देना चाहिए, बल्कि एआई को सशक्तिकरण का माध्यम बनाना होगा।

## देश के बाकी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड शामिल हैं। आयोग ने कहा है कि पिछले साल जुलाई में बिहार को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को एसआईआर प्रक्रिया के लिए रिवीजन प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा गया था।

## वर्ष 2025 ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

है कि पिछले पाँच वर्षों में सुप्रीम कोर्ट ने मामलों के निपटारे की गति बढ़ाई है। करोना महामारी के वर्षों के बाद इसमें खास बढ़ोतरी हुई और ऐतिहासिक स्तर पर मामलों का निपटारा हुआ। फिर भी लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ती रही। इसका मुख्य कारण सुप्रीम कोर्ट में दायर होने वाले मामलों की बढ़ती संख्या है। पिछले पाँच वर्षों का केस क्लियरेंस रेट (सीसीआर), यानी किसी एक वर्ष में दाखिल मामलों की तुलना में निपटाए गए मामलों का प्रतिशत (प्रोडक्टिविटी) इस उत्पादकता के विरोधाभास की साफ तस्वीर पेश करता है।

## 1641 के बाद इंगलैंड के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गिरफ्तार किया गया और बाद में उन्हें मृत्युदंड दिया गया। इस घटना से पूरे यूरोप के शाही परिवारों और अभिजात वर्ग में भय फैल गया था।

लेकिन आज पूर्व राजकुमार एंड्रयू की गिरफ्तारी कोई हल्की बात नहीं है। एंड्रयू माउंटबैटन-विंडसर को थेम्स वैली पुलिस ने सार्वजनिक पद के दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया है। ब्रिटेन में यह शब्दावली आमतौर पर महत्वपूर्ण राजकीय गोपनीय जानकारी साझा करने के लिए प्रयुक्त होती है।

हालांकि पुलिस ने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा है, लेकिन जैफरी एप्स्टीन के केस की जाँच कर रहे यू.एस. डिपार्टमैंट ऑफ जस्टिस द्वारा जारी किए गए पेपर्स संकेत देते हैं कि संभव है, उन्होंने गोपनीय सामग्री एप्स्टीन को दी हो।

पूर्व राजकुमार एंड्रयू 2000 के शुरुआती दशक में लगभग एक दशक तक ब्रिटेन के व्यापार दूत (ट्रेड एन्वॉय) रहे थे। उन पर संदेह है कि उन्होंने उसी दौरान एप्स्टीन को जानकारी दी। व्यापार दूत के रूप में वे उसी गोपनीयता की शपथ के अधीन थे, जिस प्रकार कोई भी ब्रिटिश मंत्री होता है।

आज उनकी गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए उनके बड़े भाई किंग चार्ल्स तृतीय ने कहा कि वे इस पूरे मामले को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे एंड्रयू की निष्पक्ष जांच और न्यायिक प्रक्रिया में उठाए जाने वाले हर कदम का समर्थन करेंगे।

प्रसिद्ध लेखक जॉन मिल्टन, जिन्होंने ''पैराडाइज लॉस्ट'' और ''पैराडाइज रीगेन्ड'' लिखी थी, ने भी अपने समय में किंग चार्ल्स प्रथम की गिरफ्तारी और उनके दंड का समर्थन किया था। उस समय राजाओं को ईश्वर प्रदत्त अधिकार-सम्पन्न व्यक्ति माना जाता था और उन्हें कानून से ऊपर समझा जाता था।

लेकिन सच कहें तो यह आरोप उनपर लगे गंभीर आरोपों की तुलना में हल्का है। उन पर महिलाओं की तस्करी और एक नाबालिग के साथ यौन संबंध रखने जैसे गंभीर आरोप भी लग चुके हैं। ये मामले एप्स्टीन प्रकरण के दौरान सामने आए, जिसमें दुनिया के कई प्रभावशाली लोग भी शामिल थे।

अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी एप्स्टीन दस्तावेज़ों में दुनिया के अभिजात वर्ग और जेफरी एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा हुआ था। एप्स्टीन एक विवादास्पद वित्तीय कारोबारी था, जिसने विश्व के प्रभावशाली लोगों के बीच संबंधों और लाभ पाने का एक बदनाम नेटवर्क बनाया था।

अपने व्यावसायिक कामों के साथ-साथ उसने अपने ग्राहकों के लिए यौन शोषण और मनोरंजन का एक कुख्यात नेटवर्क भी बनाया था, जिसमें नाबालिगों से जुड़े यौन कृत्यों के आयोजन भी शामिल थे। उसने अमेरिका की जेल में आत्महत्या कर ली थी।

एंड्रयू पर आरोप था कि उन्होंने वर्जीनिया गियुफ्रे को, जब किशोरावस्था में थी, बहला-फुसलाकर उसके साथ यौन संबंध बनाए। यह कानून के तहत गंभीर अपराध है। बाद में वर्जीनिया ने एक पुस्तक लिखी, जिसमें बताया कि कैसे उसे एप्स्टीन के जाल में फंसाया गया और बार-बार उसका यौन शोषण किया गया।

वर्जीनिया ने अमेरिका में प्रिंस एंड्रयू के खिलाफ मुकदमा भी दायर किया था, जिसे बाद में अदालत के बाहर समझौते के जरिए समाप्त किया गया। बताया गया कि समझौते के तहत वर्जीनिया को लाखों डॉलर दिए गए। दुख की बात है कि बाद में उन्होंने आत्महत्या कर ली।

संभव है कि कुछ दस्तावेजों और तस्वीरों के सार्वजनिक होने के बाद एंड्रयू की गिरफ्तारी लगभग तय हो गई थी। एक तस्वीर में वे जमीन पर लेटी एक महिला के ऊपर घुटनों के बल बैठे दिखाई दिए। सार्वजनिक रूप से इससे अधिक अपमानजनक दृश्य शायद ही कोई हो सकता था।

तस्वीर के सार्वजनिक होने के बाद यह संभव नहीं था कि ब्रिटिश शाही परिवार की एंड्रयू द्वारा जो सार्वजनिक बेइज़्ज़ती की जा रही थी, उसे नज़रअंदाज़ किया जा सके।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908